e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 39
रविवार
09.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जो बीत गया उसे बदला नहीं जा सकता, लेकिन जो आने वाला है उसे अपने कर्मों से संवारा जा सकता है।

### दिल्ली चुनाव में 48 सीटों पर जीती भाजपा, आप को मिली 22 सीट

# दिल्ली में खिला कमल

## पीएम मोदी ने कहा : दिल्ली ने दिल खोलकर हमें प्यार दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** दिल्ली में झाड़ू का तिनका बिखर गया। आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गज चुनाव हार गए। वहीं भारतीय जनता पार्टी के खेमे में चारों तरफ खुशी की लहर है। भारतीय जनता पार्टी के खाते में 48 सीटें हैं जबकि आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर दबदबा बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस इस बार भी शून्य पर टिकी हुई है। पिछले चुनाव में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को आठ सीटें मिली थी वहीं कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। दिल्ली में प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी मुख्यालय पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया.भारत माता की जय, यमुना मईया की जय से पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की. पीएम मोदी ने कहा,आज दिल्ली के लोगों में उत्साह और सुकून है. दिल्ली आप-दा मुक्त हुई. मैंने दिल्ली के लोगों से प्रार्थना की थी कि बीजेपी को सेवा का मौका दीजिए. मैं दिल्ली के हर परिवार को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिये दिल्लीवासियों को सर झुकाकर नमन करता हूं. दिल्ली ने खुलकर प्यार दिया है. हम दिल्लीवासियों का कर्ज तेजी से विकास करके चुकाएंगे.पीएम मोदी ने कहा,मैंने हर दिल्लीवासी के नाम एक पत्र भेजा था और आप सबने हर परिवार में मेरा ये पत्र पहुंचाया था. मैंने दिल्ली से प्रार्थना की थी कि 21वीं सदी में भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए, दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने के लिए बीजेपी को मौका दीजिए. मैं दिल्ली के हर परिवारजन को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए सिर झुकाकर नमन करता हूं.

### दिल्ली मिनी हिंदुस्तान है

कार्यकार्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि मिनी हिंदुस्तान है. ये लघु भारत है. दिल्ली भारत के विचार को जी-जान से जीती है. एक तरह से दिल्ल विविधताओं से भरे भारत का लघु रूप है. आज इसी विविधता वाली दिल्ली ने बीजेपी को प्रचंड जनादेश का आशीर्वाद दिया. हर भाषा के लोगों ने हर राज्य के लोगों ने कमल के निशान पर बटन दबाया. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में पूर्वांचल का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा,चुनाव प्रचार के दौरान मैं जहां भी गया वहां गर्व से कहता था कि मैं पूर्वांचल से सांसद हूं. पूर्वांचल के लोगों ने इस रिश्ते को नई ऊर्जा और ताकत दे दी.



**दिल्ली वालों को सिर झुका कर नमन करता हूं : पीएम मोदी ने कहा मैंने घर-घर में पत्र भेज कर दिल्ली से अपील की थी कि 21 वीं सदी में भाजपा की सेवा का अवसर दीजिए। दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनने का मौका दीजिए। दिल्ली वालों ने मेरी अपील को स्वीकार कर ली और भाजपा को अपार प्यार दिया।**

### दिल्ली के लोगों ने दस साल की आप-दा से मुक्त कर दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में अपना संबोधन यमुना मैया की जय से किया। उन्होंने कहा भाजपा और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आपने मिलकर दिल्ली दस साल की आप-दा से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा हम दिल्ली का प्यार विकास के रूप में दोगुना प्यार लौटाएंगे।

### हर वर्ग में भाजपा के लिए मतदान किया

पीएम मोदी ने कहा,अयोध्या के मिल्कीपुर में भी बीजेपी को शानदार जीत मिली है. हर वर्ग ने भारी संख्या में बीजेपी के लिए मतदान किया है. साथियों ने आज देश तुष्टिकरण नहीं, बल्कि बीजेपी के संतुष्टिकरण की राजनीति चुन रहा है. दिल्ली के बगल में उत्तर प्रदेश है, एक समय में यूपी की कानून व्यवस्था कितनी बड़ी चैलेंज थी. यूपी में दिमागी बुखार का कहर बरसता था, लेकिन हमने इसका अंत करने के लिए संकल्प लेकर काम किया.

## एक युग का अंत

**रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**



इस बात को हर कोई जानता है कि अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के आंदोलन की उपज हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर 5 अप्रैल 2011 को केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ और लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया था. पूरे देश से इस आंदोलन को समर्थन मिला था. यह आंदोलन करीब 5 महीना चला और 28 अगस्त को समाप्त हुआ। अरविंद केजरीवाल इस आंदोलन के एक प्रमुख चहेरा थे। इसी आंदोलन के बाद अरविंद केजरीवाल का राजनीति में जन्म हुआ। अन्ना आंदोलन समाप्त होने के 2 महीनों के भीतर केजरीवाल ने 2 अक्टूबर 2012 को आम आदमी पार्टी का गठन कर राजनीति की दुनिया में एंट्री किया। साल 2013 की दिल्ली चुनाव में 28 सीटें जीतकर आप सबसे बड़ी पार्टी बनी और केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। हालांकि 49 दिनों में ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया. लंबे इंतजार के बाद 2015 में जब फिर से चुनाव हुए तो केजरीवाल ने विस्फोटक जीत दर्ज की. उन्होंने 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में अकेले 67 सीटों पर कब्जा कर लिया. कांग्रेस का आम आदमी पार्टी ने पूरी तरह से सफाया कर दिया. 2013 के बाद आप ने पीछे मुड़कर नहीं देखा. पार्टी ने 2015 और 2020 में अपने दम पर दिल्ली में बहुमत की सरकार बनाई. बीजेपी 2015 में तीन सीट पर सिमट गई. इस बार उसका वोट प्रतिशत 30 फ़ीसदी से अधिक बना रहा. वहीं आप ने 67 सीटें जीती और उसे 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले. कांग्रेस वोट प्रतिशत के मामले में दस प्रतिशत के आंकड़े को भी नहीं छू पाई. साल 2020 में भी आप ने 60 से अधिक सीटें 50 फीसदी से ज्यादा वोट के साथ जीती. बीजेपी के खाते में गई तो आठ सीटें ही, लेकिन उसका वोट 30 प्रतिशत से अधिक बना रहा.कांग्रेस का 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में खाता भी नहीं खुला. 2014, 2019 और 2024 तीनों लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें बीजेपी के खाते में गई. हालांकि बीजेपी के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस और आप 2024 के लोकसभा चुनाव में साथ मिलकर लड़े, लेकिन फिर भी बीजेपी ने सातों सीट जीत ली. 2013 के विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाने के लिए आप का साथ देने वाली कांग्रेस फिर उसके साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में तो आई, लेकिन कुछ ही महीने बाद केजरीवाल ने साफ कर दिया कि हम दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले चुनावी मैदान में उतरेंगे. उन्होंने बिना कांग्रेस से गठबंधन के चुनाव लड़ा। जिसका परिणाम सभी के सामने है। इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी 22 सीटों पर सिमट कर रह गई। केजरीवाल के हार के पीछे कई कारण है। मुख्य कारण इनका तानाशाही रवैया रहा है। पार्टी में वन मैन सो रहा। साथ ही केजरीवाल जब तक सत्ता में रहे, वे भ्रष्टाचार में घिरे रहे। यही कारण रहा कि उन्हें जेल की भी हवा खानी पड़ी। दिल्ली की सत्ता पर साल 2013 से राज भोगने वाले अरविंद केजरीवाल का 12 वर्ष बाद यानी एक युग का अंत हो गया।

## क्विक न्यूज

### सिक्किम के मुख्यमंत्री ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली की जीत की बधाई दी

**गंगटोक (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और भारतीय जनता पार्टी सिक्किम ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी है। मुख्यमंत्री तमांग ने आज सोशल साइट पर पोस्ट साझा किया- भाजपा की जीत दूरदर्शी नेतृत्व और परिवर्तनकारी शासन में जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में हमारा राष्ट्र अभूतपूर्व प्रगति के युग में प्रवेश कर चुका है तथा विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री का समर्पण लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है।

### दिल्ली के नागरिकों को अब मिलेगा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल : नायब सैनी

**चंडीगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को अब पर्याप्त स्वच्छ पेयजल मिलेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। भाजपा सरकार दिल्ली में गरीबों का उत्थान करने के साथ-साथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। इससे पहले दिल्ली के लोग पिछले कई सालों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को दिल्ली में भाजपा की जीत पर गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे।

### झूठ की राजनीति हारी, सच्चाई की गारंटी जीती : अर्जुनराम मेघवाल

**बीकानेर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिल्ली के चुनावी नतीजों में भाजपा की प्रचंड जीत पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर लिखा - झूठ की राजनीति हारी, सच्चाई की गारंटी जीती, साथ ही कहा - दिल्ली की जनता केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुकी थी, और नतीजा साफ है, आम आदमी पार्टी की करारी हार। मेघवाल ने कहा कि झूठे वादों को राजनीति समझने वालों को सबक लेना चाहिए, मोदी जी की गारंटी का मतलब है, सच्चाई और सेवा जनता ने जनादेश देकर बता दिया कि सत्य ही जनशक्ति है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25° |
| न्युनतम | 12° |

## सरकार और रिजर्व बैंक महंगाई पर मिलकर कर रहे हैं काम : निर्मला सीतारमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया महंगाई, विकास दर जैसे मोर्चे पर मिलकर काम कर रहे हैं। मजबूत बजट और आरबीआई के हालिया फैसलों से बढ़ती अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।केंद्रीय वित्त मंत्री ने नई दिल्ली में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाले केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सूझ-बूझ के साथ राजकोषीय प्रबंधन के उपाए किए गए हैं। सीतारमण ने बजट पेश होने के बाद आरबीआई के साथ परंपरागत बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री



पंकज चौधरी और आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित किया। वित्त मंत्री ने रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाले केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट के दृष्टिकोण को रखा। उन्होंने बजट में प्रमुख क्षेत्रों में दिए गए जोर तथा वित्तीय क्षेत्र से उम्मीद के बारे में भी अपनी बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा,बजट में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सूझ-बूझ के साथ राजकोषीय प्रबंधन के उपाए किए गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्त और राजस्व सचिव तुहिन कांत पांडेय, व्यय सचिव मनोज गोविल, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस का लगातार तीसरी बार दिल्ली में नहीं खुला खाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गत दो बार की तरह इस बार फिर खाता नहीं खोल सकी। जबकि इस बार कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी और उसके बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम राष्ट्रीय नेताओं ने प्रचार किया था। इसके अलावा जनता को अपनी ओर मोड़ने के लिए भाजपा व आम आदमी पार्टी से भी अधिक जनकल्याणी योजनाएं शुरू करने का वादा किया था, लेकिन दिल्ली का मतदाता उसकी ओर नहीं झुका। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के तमाम नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी अपनी पुरानी राजनीतिक जमीन को वापस हासिल करने में सफल होगी।कांग्रेस ने इस चुनाव में कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा था। इसके अलावा कुछ नए चेहरों पर भी दांव लगाया था, जिनमें युवा नेताओं को ज्यादा प्राथमिकता दी गई थी। इसके अलावा कांग्रेस ने विशेष ध्यान उन क्षेत्रों में दिया था, जहां पारंपरिक रूप से उसकी मजबूत पकड़ रही थी, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद कांग्रेस अपनी पुरानी स्थिति



को भी पुनः प्राप्त नहीं कर सकी। इतना ही नहीं, उसे वर्ष 2013 के चुनाव वाला भी सम्मान प्राप्त नहीं हो सका। उस समय उसने आठ सीटें जीती थीं। लिहाजा उसके प्रदर्शन में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। जबकि वर्ष 2013 से पहले कांग्रेस के पास एक मजबूत जनाधार था। उसने वर्ष 1998, 2003 व 2008 में सरकार बनाई थी। इस तरह यह एक बड़ा झटका है क्योंकि दिल्ली के चुनावों में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कड़ी टक्कर थी और कांग्रेस ने उम्मीद की थी कि वह अपनी पुरानी स्थिति को वापस पा सकेगी।

## अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी की हार मानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली है. एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा,जनता का



फ़ैसला सर माथे पर. हम पूरी विनम्रता से अपनी हार स्वीकार करते हैं. मैं बीजेपी को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें चुना है वो उन उम्मीदों को पूरा करेंगे.केजरीवाल ने आगे कहा,जनता ने हमें 10 सालों तक जो मौक़ा दिया उसमें हमने काफ़ी काम करने की कोशिश की. शिक्षा, स्वास्थ्य,पानी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की कोशिश की. हम आगे भी जनता के लिए काम करते रहेंगे और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे. उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा,आप लोगों ने तमाम तक़लीफ़ें झेलते हुए भी बेहतरीन तरीक़े से चुनाव लड़ा. आपने बहुत मेहनत की. केजरीवाल की हार के बाद स्वाति मालीवाल ने मीडिया से कहा, घमंड किसी का ज़्यादा दिन तक नहीं टिकता. रावण का भी घमंड चूर-चूर हो गया था तो ये तो अरविंद केजरीवाल जी हैं. आज दिल्ली पूरी तरह से कूड़ेदान बन गई है. लोगों को गंदा पानी मिल रहा है. वायु प्रदूषण चरम सीमा पर है. लोगों ने इन सारे मुद्दों पर ये किया है कि केजरीवाल ख़ुद अपनी सीट पर हार गए हैं.केजरीवाल के पुराने सहयोगी रहे योगेंद्र यादव ने कहा,ये एक धक्का है, सबक है और संभावना है.

## भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर प्रवेश वर्मा ने उन्हें करारी शिकस्त दी। केजरीवाल के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने प्रवेश वर्मा को टिकट दिया था। प्रवेश वर्मा ने इस चुनाव में अपने सियासी करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की है।नई दिल्ली विधानसभा सीट पर दिल्ली



के पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों के बीच मुकाबला था। अंत में बाजी प्रवेश वर्मा के हाथ लगी। प्रवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। अरविंद केजरीवाल के साथ आम आदमी पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। मनीष सिसोदिया को भी जंगपुरा सीट पर हार मिली है।केजरीवाल ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर आम आदमी पार्टी सत्ता में आती है तो वह चौथी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मनीष सिसोदिया को डिप्टी सीएम बनाने का ऐलान किया था। हालांकि, पार्टी के दोनों बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने किया दो पुस्तकों का विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों, विशेषकर युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में सच्ची मार्गदर्शक शक्ति हैं, क्योंकि वे ज्ञान के स्थायी अभिलेख हैं। जो भावी पीढ़ियों के लिए विचारों और विरासतों को संरक्षित करती हैं। उन्होंने युवाओं से चुनौतियों पर विजय पाने के लिए प्रेरणा, प्रोत्साहन और शक्ति के स्रोत के रूप में पुस्तकों को अपनाने का आग्रह किया। बिरला ने चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में पत्रकार गुलाब कोठारी द्वारा लिखित



दो पुस्तकों - स्त्री- देह से आगे और माइंड बॉडी इंटेलेक्ट का लोकार्पण करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिरला ने विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय में मार्गदर्शन, ज्ञान और शक्ति प्रदान करने में पुस्तकों की अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुस्तकें न केवल आजीवन साथी होती हैं बल्कि शिक्षक के रूप में भी काम करती हैं, जहां से कभी भी, कहीं भी ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह शुभ संकेत है कि इस वर्ष का पुस्तक मेला दो महत्वपूर्ण आयोजनों, महाकुंभ मेला और भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के साथ मेल खाता है।

## एयरो-इंडिया अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का 15वां संस्करण बेंगलुरु में शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** द्विवार्षिक एयरो-इंडिया अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का 15वां संस्करण शनिवार को बेंगलुरू में शुरू हुआ। दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के सैन्य उड़ान योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र द्वारा एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से एयरो इंडिया-2025 की प्रस्तावना के रूप में किया गया है। एयरो इंडिया-2025 का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु स्थित येलहंका एयर फोर्स स्टेशन में किया जाएगा।यह संगोष्ठी वैश्विक एयरोस्पेस क्षेत्र में एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस वर्ष की थीम 'भविष्य की एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी- डिजाइन सत्यापन में चुनौतियां' है। इसमें भविष्य की एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों और सैन्य उड़ान योग्यता एवं प्रमाणन- डिजाइन और परीक्षण में चुनौतियों पर चर्चा और विचार-विमर्श पर प्रकाश डाला गया है।रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि स्पेन से एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, यूके से कोलिन्स एयरोस्पेस, जीई एयरोस्पेस, मार्टिन-बेकर, एमबीडीए और रोल्स-रॉयस, इज़राइल से राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स और फ्रांस से सफ्रान जैसी प्रमुख विदेशी कंपनियों से हैं। सेमिनार में भाग लेने वाले भारतीय उद्योग में अबेएंट्रिक्स सॉल्यूशंस, एंसिस इंक, ग्लोबल्स इंक, जेएसआर डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड, राफे एमफिब्र और टीएक्यूबिट लैब्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।



# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से, 67,262 परीक्षार्थी लेंगे भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 34665 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 32597 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में 67262 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए पलामू जिले में 76 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 40 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर आज समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं उप



विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सभी उड़नदस्ता-सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता एवं गस्ती दल पदाधिकारी केन्द्राधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेष दिया गया। नगर आयुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदश दिया। केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्र में सीसीटीव इंस्टॉल करने के सख्त निदेश दिये गये। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के शुद्ध पानी, रनिंग वाटर युक्त छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय, परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यस्था, पर्याप्त फर्नीचर (बेंच-डेस्क) आदि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निदेश दिया। वहीं आवंटित रौल नंबर-रौल कोड के अनुरूप परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग आर्गुमेंट करने का निदेश दिया। परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान निषेधाज्ञा लागू रहेगी। निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों के अलावें अन्य किसी की उपस्थिति निषेध रहेगा।

## पलामू वारियर्स को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा डंडीला यूथ क्रिकेट टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रेहला जेबी उच्च विधालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला शुक्रवार को पलामू वारियर्स और डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के बीच खेला गया.टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पलामू वारियर्स की टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर निर्धारित 16 ओवर में 163 रन बनाया.जवाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 15.1 ओवर में सात विकेट खोकर 164 रन बनाकर तीन विकेट से मैच जीत लिया. इसी जीत के साथ डंडीला यूथ क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी.बेहतर प्रदर्शन के लिये डंडीला टीम के ओपनर बैट्समैन गोलू कुमार को मैंन ऑफ द मैच चुना गया.गोलू ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 65 रन बनाया था. गोलू को मैंन ऑफ द मैच का ट्रॉफी युवा भाजपा नेता शुशील शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह,कुमार कलिका सिंह उर्फ राजू सिंह व वरिष्ठ पत्रकार जयकांत शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया.मौके पर काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## पलायन के कारण एक और शव पहुचां गांव



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलायन के कारण शहर से गांव आने वाले लाशों पर राजनीति करते रहे, रोजगार देने के नाम पर भोली भाली जनता को प्रतिनिधि ठगते रहे लेकिन आज भी कुछ परिवर्तन देखने को नही मिला। आज फिर एक गरीब का शव पलायन के कारण घर वापस आया। मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत के चेरवाडीह निवाशी 45 वर्षीय सूर्यदेव भुइयां का शव गांव पहुँचा। परिजनों के अनुसार सूर्यदेव भुइयां गरीबी और यहां रोजगार नही होने के कारण अपने परिवार के भरण पोषण करने के लिए सूरत कमाने गया। जहां कंपनी के बस से ड्यूटी जाने के क्रम में सामने से आ रहे ट्रक की सीधी टक्कर बस में हो गई, जिस कारण मौके पर ही सूर्यदेव भुइयां की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में मातम फैल गया,शव आते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूर्यदेव अपने पीछे 2 बेटे एवं एक बेटी छोड़कर इस दुनिया से चला गया।

## पूर्व नप अध्यक्ष ने बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण कराने की किया है मांग



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री बंशीधर नगर पंचायत के पूर्व व प्रथम अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से नगर पंचायत क्षेत्र स्थित बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2021 में नगर पंचायत से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। जिसके आलोक में नगर पंचायत पर्यटन दृष्टिकोण से निविदा भी प्रकाशित किया गया था। उसके बाद कई कार्यपालक पदाधिकारी का तबादला होने के बाद यह योजना रुकी हुई है। उन्होंने कहा है कि डैम के सुंदरीकरण हो जाने से विश्वविख्यात श्री बाबा बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर आने वाले पर्यटकों के मनोरंजन की सुविधा मिलने लगेगी। डैम की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इसे विकसित करने से राजस्व की प्राप्ति होगी। इसे विकसित करने के लियेआधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इको कॉटेज वोटिंग रेस्टोरेंट खोला जाय।

# विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने ज्वेलरी शॉप का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक के निकट महावीर प्रसाद अग्रवाल ज्वेलर्स का उद्घाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। विधायक ने प्रतिष्ठान के संचालक संतोष कुमार अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्वेलर्स का शोरूम खुलने से लोगों को सोने और चांदी के जेवरात खरीदने में काफी सहूलियत होगी।उन्होंने कहा कि बेहतर प्रतिष्ठान खुलने से शहर का सौंदर्यीकरण होता है। संचालक ने बताया कि मेरे ज्वेलर्स की दुकान में हॉलमार्क की ज्वेलरी उपलब्ध है। आभूषण की गुणवत्ता व शुद्धता हमारी दुकान की पहचान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मेरे दुकान में फिलहाल चांदी व सोने के आभूषणों के अलावे कई अन्य प्रकार के जेवरात भी उपलब्ध हैं। सभी आभूषणों में हॉलमार्क अवश्य रहता है। मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, पूर्व वार्ड पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद पवन अग्रवाल, भगवान प्रसाद, सत्यम कुमार अग्रवाल, शिवम कुमार, रविंद्र कुमार, सुंदरम अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

# एसडीएम ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का किया निरिक्षण

➲नौकरी बचाना हैं तो दलालों से दूर रहें राजस्वकर्मी : गौरांग महतो

➲करीब 5 से 6 घण्टा चला जाँच, कर्मियों को दिया हिदायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**हुसैनाबाद,पलामू :** हुसैनाबाद अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने अंचल कार्यालय हुसैनाबाद का आचौक निरीक्षण किया एसडीएम के जाते ही अंचल कर्मियों में मचा हड़कंप फिर एसडीएम ने करीब 12बजे से लेकर 5 बजे तक सभी दस्तावेजों को बारीकी से जांच किया इस दौरान एसडीएम श्री महतो ने अंचल में कर्मियों की लापरवाही पर जम कर फटकार लगया उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी अपनी जबदेही को समझे नही तो विधिवत कार्रवाई होगी उन्होंने सभी राजस्व कर्मियों को अंचल में दलाल को दूर करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा निकट भविष्य में शहरी क्षेत्रों में सर्वे कार्य होना है इसलिए सभी दस्तावेज को सुरक्षित करें तथा लम्बित मोटेशन, नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य लम्बित मामलों को जल्द निपटारा कराए आगे बतया की पूर्व में जो गलती हुई हैं उसका सुधार करें, उन्होंने आपरेटर जाती स्थानीय प्रमाण पत्रों को जांच कर ही निर्गत करने का निर्देश दिया है।साथ ही अंचल में सभी शिकायत वाद को सूचीबद्ध करने व उसकी संचायिका को दुरुस्त करने का निर्देश दिया हैं।

## जेएमएम ने चलाई सदस्यता अभियान, 487 लोगों ने सदस्यता ली




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा और प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम के नेतृत्व में छतरपुर के अलग-अलग स्थान में जेजेजेएम का सदस्यता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रखंड चराई, मुरमदाग, बैगाइया, मुंकेरी ,चिरू, खोड़ी और हुतुकदाग पंचायत में चलाया गया। इस दौरान 487 लोगो को जेएमएम की सदस्यता दिलाई गई। और पंचायत स्तरीय कमेटी गठित का गठन किया गया। जिसमें मुरमदाग पंचायत का अध्यक्ष शिवनाथ राम, सचिव मिथिलेश सिंह को मनोनीत किया गया। और चराई पंचायत अध्यक्ष अभिषेकसिंह, सचिव निर्मल यादव, तथा बगैया पंचायत अध्यक्ष श्यामलाल कुमार को मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी शनिवार दोपहर 2 बजे देते हुए झामुमो की प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम कहा की लोग स्वेच्छा से सदस्यता ग्रहण कर रहे है। और पार्टी को पलामू में मजबूत बनाने के लिए डेढ़ लाख सदस्य जोड़ने का निर्णय लिया गयाहै। इस मौके पर प्रखंड सचिव सनी कुमार, फिरदौस आलम, अखिलेश प्रजापति रंजीत कुमार, शिवनाथ राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना हुआ लागू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना पूर्ण रूप से लागू हो गया है.अब यहां पांच लाख तक का सभी इलाज मुफ्त में होगा. जिसमें जांच, दवा, उपचार से लेकर ऑपरेशन तक शामिल है. इसकी जानकारी एलसीएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने दी.उन्होंने बताया कि ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा सभी प्रकार की हड्डी संबंधित बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध है.जिसमें फ्रैक्चर, घुटनों और रीढ़ की सर्जरी, जोड़ प्रत्यारोपण सहित कई जटिल ऑपरेशन शामिल है.स्त्री व प्रसूति विभाग द्वारा नॉर्मल डिलेवरी, सिजेरियन ऑपरेशन, गर्भाशय ऑपरेशन सहित महिला संबंधित सभी बीमारियों का इलाज़ के लिये विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम हॉस्पिटल में मौजूद है. डॉ कश्यप ने यह भी बताया कि सर्जरी विभाग द्वारा गोल ब्लाडर स्टोन, हर्निया, हाइड्रोसील, सिस्ट व ऑपरेंडिस, फिस्टुला, फिशर, बवासीर ऑपरेशन लेज़र और स्टेपलर दोनों पद्धति से उपलब्ध है.उन्होंने कहा कि इसके अलावा अत्याधुनिक उपकरणों से विभिन्न रोगों का जांच व इलाज की संपूर्ण सुविधा इस हॉस्पिटल में उपलब्ध है।

## सरैया विद्यालय में हुआ प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैया मे विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु आमसभा का आयोजन किया गया. यह आम सभा पर्यवेक्षक लिजुन कुजूर की उपस्थिति में संपन्न हुआ आम सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिकांत त्रिपाठी ने किया. अध्यक्ष पद के लिए चार लोगों ने अपना नाम दिया था. आमसभा में निर्वाचित12 सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए वोट दिया गया. जिसमें मोनी देवी पति स्व0 सुनील तिवारी को कुल 10 मत प्राप्त हुए. वही अंकु देवी को दो मत प्राप्त हुए एवं धर्मेंद्र तिवारी और नरगिस परवीन को एक भी मत प्राप्त नहीं हुआ. मोनी देवी को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैया के प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया. वही गुलाम हैदर को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया. इस बैठक में प्रबंधन समिति के सदस्य मनीषा देवी पूनम देवी मेहनाज परवीन सीमा देवी सरयू मेहता विनोद राम उषा देवी लल्लू राम के साथ गुलशन खातून नुसरत प्रवीण शबाना खातून रेशमा खातून सीमा देवी सोनी देवी मंजू देवी भी उपस्थित थे।

## मोतियाबिंद के 116 मरीजों का हुआ ऑपरेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू :** जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार शुक्रवार व शनिवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में लगभग 200 मरीजों के आँखों के जाँच हुआ। जिसमें 116 मरीजों को आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण किया गया ।मौके पर राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश गुप्ता ने बताया की आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण उपरांत सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जायेगा। आगे उन्होंने कहा की किसी व्यक्ति की आँखों की ज्योति लौटाना सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा की जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य किया जा रहा है। वही मौके पर नेत्र सहायक डॉ.धीरज प्रसाद, डॉ. दयानन्द, जय प्रकाश सिंह,ऑडी सचिन ठाकुर, कुंदन पासवान, लिपिक सुजीत शर्मा, एनएम शोभा कुमारी, सुधा कुमारी, सीएचसी प्रभारी एवंम कर्मचारी लोग मौजूद थे।

## नही सुधरेंगे जनवितरण प्रणाली के दुकानदार



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर में सरकार द्वारा लगातार तकनीकी सुधारों और योजनाओं के बावजूद नकलचियों और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना चुनौती बना हुआ है। इसका ताजा उदाहरण मकरी पंचायत में देखने को मिला, जहां खरवार महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरण में खुलेआम अनियमितता बरती जा रही है।डीलर द्वारा अनाज वितरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक तराजू का उपयोग करने के बजाय, ईंट से वजन तौलकर लाभुकों को अनाज दिया जा रहा है। इससे अनाज की सही मात्रा में कटौती होने का शक जाहिर किया जा रहा है। महिला समूह के अध्यक्ष की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उनकी जगह गांव के एक नाबालिग लड़के को 35 किलो अनाज मजदूरी के तौर पर देकर कार्य कराया जा रहा है। यह न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बाल श्रम कानून का भी सीधा उल्लंघन है। लाभुकों बिमला देवी निर्मला देवी, कलावती, दीपा देवी, ललितादेवी, पनपती देवी, सरिता देवी सहित ने बताया कि डीलर रुकमणि देवी के द्वारा गांव के ही एक लड़का राकेश सिंह पिता गुल बिहारी सिंह 35 किलो अनाज पर बंटवाया जाता है दाल भी नहीं मिल रहा है आरोप लगाया है कि अनाज वितरण में पारदर्शिता की कमी है। इस माह का अनाज लाभुकों से पहले अंगूठा लगवाकर बाद में वितरण किया जा रहा है। इससे कई बार लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल पाता। इसके अलावा, सरकार द्वारा वादा की गई लूंगी और साड़ी का वितरण अभी तक नहीं किया गया है। लाभुकों ने यह भी बताया कि दाल का वितरण भी चुनिंदा लोगों को ही किया जा रहा है, जिससे बाकी जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इस संबंध में बीडीओ सह प्रभारी एमओ नंदजी राम से पूछे जाने पर कहा अगर डीलर इट रख कर तोला जा रहा है गलत है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** शहर में भारतीय जनता पार्टी पलामू के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जोरदार जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ता छः मुहान चौक पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया गया एवं मिठाइयां बांटी गई इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति अविनाश वर्मा ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही।जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी।इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्गा जौहरी ओमप्रकाश पप्पू प्रिय रंजन कुमार विजय कुशवाहा स्वेतंग गर्ग श्रवण गुप्ता राजहंस अग्रवाल सतीश पासवान सत्यवान तिवारी रंजीत सिंह संदीप दास विवेक कुमार राजहंस अग्रवाल रेणु देवी श्याम राम शुभम गुप्ता विकास सिंह मीना गुप्ता रीना किशोर रेणु देवी सुमन सिंह मनीष बर्मन शिव मिश्रा शैलेश सिंह शाहिद भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गढ़वा में एसडीओ की छापेमारी, दो ईंट-भट्ठों में मिले बालश्रमिक, भट्ठा मालिकों पर कार्रवाई के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गढ़वा सदर के नेतृत्व में शनिवार को छह ईंट-भट्ठों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मेराल के ओखरगाड़ा स्थित एक भट्ठे में तीन और गढ़वा के बिकताम स्थित एक भट्ठे में दो बालश्रमिक कार्यरत पाए गए। कुल पांच बालश्रमिकों को मौके पर ही मुक्त कराकर उनकी काउंसलिंग व पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की गई।एसडीओ ने बालश्रम रोकथाम के तहत भट्ठा मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि अगर कोई भट्ठा नियमों के विपरीत संचालित पाया गया तो उसे अवैध घोषित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान भट्ठा मालिकों को निर्देश दिए गए कि वे अनुमति से अधिक



ईंट उत्पादन न करें, न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें और श्रम विभाग द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करें। बालश्रम कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।इस निरीक्षण अभियान में श्रम अधीक्षक संजय आनंद, जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक, परियोजना समन्वयक राजीव कुमार रवि समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मैट्रिक-इंटर की परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर लागू रहेगा निषेधाज्ञा

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जाएगी। इसे लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा एवं हैसानाबाद अनुमंडल पदाधिकारी अनन्त कुमार झा अपने अधिकारिता क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू किया है। लोक परिषांति भंग होने की संभावना को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित परीक्षा केन्द्रों के 100 की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी0एन0एस0एस0 के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित किया है।सदर अनुंडल क्षेत्र अंतर्गत 50 विभिन्न परीक्षा केन्द्र एवं हुसैनाबाद अंतर्गत 13 विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा के तिथि को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा पूर्व (7:45 बजे पूर्वाह्न) से तथा परीक्षा समाप्ति होने के दो घंटा बाद (7:20 बजे अपराह्न) तक भा0ना0सु0सं0 की धारा 163 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत शक्तियों को प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# दिल्ली चुनाव में आप की हार, कांग्रेस की जमानत जब्त भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाई गई खुशियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप पार्टी की हार और कांग्रेस की जमानत जब्त होने और 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा का ऐतिहासिक जीत होने पर भाजपा विधायक,नेता, कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियाँ मनाई, मिठाईयां बाटी और पटाखे छोड़े। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,विधायक सीपी सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल।

## मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा : बाबूलाल मरांडी

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है।दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा के खिलाफ प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास जताया है। मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,गृह मंत्री अमित शाह एवं दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई और शुभकामनाएं दी

## मोदी के गारंटी की जीत : डॉ रविंद्र कुमार राय

भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने दिल्ली की जनता को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ और फरेब को बेनकाब कर दिया है। विकास विरोधी और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों को इस जीत से सबक लेनी चाहिए। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी फरेबी पार्टी आपदा पार्टी को दिल्ली की जनता ने सबक सिखाया है। दिल्ली की जनता ने आप पार्टी को केवल चुनाव नहीं हराया बल्कि अरविंद केजरीवाल को चित से उतार दिया है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अब जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। मोदी की गारंटी अब जमीन पर साकार होगी।कार्यक्रम में आरती कुजूर,प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र,सरोज सिंह, शिवपूजन पाठक,अविनेश सिंह,अजय साह ,राफिया नाज,आरती सिंह,सीमा सिंह, राहुल अवस्थी,शशांक राज,पवन साहू, अशोक बड़ाइक,अरुण झा,रमेश सिंह ,समर सिंह,तारिक इमरान,राजू सिंह,संजीव चौधरी,सुनीता सिंह,सुचिता सिंह,माया सिंह सिसोदिया,लक्ष्मी कुमारी,जितेंद्र वर्मा ,जितेंद्र पटेल,पंकज सिन्हा,नीरज सिंह,मनोज दुबे,बलराम सिंह,इंद्रजीत यादव,विशाल साहू,योगेंद्र लाल,सुबोध कांत,अनिल सिंह,चंदन गुप्ता,अमन जायसवाल,सूरज चौरसिया,अरविंद तिवारी,अनिता वर्मा,पायल सोनी,राहुल शाहदेव सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

## नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में किया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारा लीगल वाल्यांट्रीस विषयक पर रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ सभागार मे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला किया गया. आयोजक ओड़िसा के (सी.एस.एन .आर ) सेंटर फॉर द सस्टैनेबल यूज ऑफ नेचुरल एंड सोशल रिसोर्सेस संस्था ने किया. सी.एस. एन. आर. संस्था के रंजीत सुतार ने मानवधिकार उल्लंघन के बारे मे कानून को विस्तार से बताया. इस पांच दिवसीय पारा लीगल वाल्यंट्रीस मे भूमि अधिगृहन कानून, मानवधिकार के अधिकार, महिला स्वस्थ, महिला सुरक्षा, पार्यवारण कानून, आदिवासी महिला अधिकार आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया.स्वागत भाषण वी.सी.डॉ अशोक पाटिल ने किया. सी.एस. एन. आर . संस्था के गौरंगा महापात्रा ने संचालन किया. सी. एस. एन आर. संस्था के वरीय चंद्रनाथ दानी ने पांच दिवसीय ट्रेनिंग सत्र के उद्देश्य को बताया. और आदिवासी अधिकार की सुरक्षा मे पारा लीगल्स की भूमिका को बताया. प्रो. सत्यावार्ता मिश्रा, प्रो. रविंद्र कुमार पाठक, , प्रो. राम चंद्र उराव, प्रो. दीपशी स्वरा, प्रो. जीशू केतन पटनायक, प्रो. श्रीमांशु कुमार दास, प्रो. सौम्यजीत मुखोपाध्याय , प्रो. कौशिक् बागची, प्रो. नरेंद्र नरोतम, विप्लव मुखर्जी सहित कई ने विस्तार से प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया. इस पांच दिवसीय पारा लीगल वाल्यांट्रीस् कार्यशाला मे छतीसगढ़, बिहार और झारखंड राज्य के विभिन्न संगठन के खनन प्रभावित समुदायों के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## फाइलेरिया विलोपन 10 फरवरी से 25 फरवरी तक, गर्भवती महिला को न दे दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फाइलेरिया विलोपन हेतु मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का रांची जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरमांझी एवं तमाड़ में निर्धारित है। यहां कुल 245828 जनसंख्या (गर्भवती महिला, 2 वर्ष से छोटे बच्चों एवं अन्यंत गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) को डीईसी एवं अलबेंडाजोन दवा का सेवन अपने सामने कराया जाना है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक भवनों में बुथ के माध्यम से 10.02.25 को तथा शेष बची जनसंख्या को 11.02.25 से 25.02.25 तक घर-घर जाकर दवा सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा कराई जाएगी। कुल 323 बुथों पर 646 डी0ए0 के द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 33 सुपरवाईजर भी कियाशील रहेंगे। दवा सेवन हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम की जा रही है ताकि शत-प्रतिशत जनसंख्या को दवा का सेवन कराया जा सके। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी।फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाईलाज तथा दूसरी बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह गंदे पानी में पनपने वाले संकमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है। इसलिए इस रोग से बचाव के लिए एम0डी0ए0 कार्यक्रम के दौरान सभी व्यक्तियों को दवा सेवन करना आवश्यक है। 01 से 02 वर्ष के बच्चों को सिर्फ अल्वेण्डाजोल की दवा आधी गोली खिलाई जानी है।

## पुलिस ने अफीम की खेती किया विनष्ट



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अफीम की खेती को नष्ट करने खुद पहुंचे ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल,बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किया जा चुका है नष्ट। रांची पुलिस विशेष अभियान चला कर नष्ट करने का काम कर रही है।

## विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल झारखंड, संतोष गंगवार से अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ दिया तथा झारखण्ड विधान सभा से प्रकाशित होने वाली झारखंड विधानसभा की डायरी एवं कैलेंडर भेट की ।

## पुलिस केंद्र में शिव मंदिर निर्माण के लिए एसएसपी ने किया शिलान्यास एवं भूमि पूजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुरानी पुलिस केंद्र, रांची में नया भगवान शिव मंदिर निर्माण के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया, तथा जजमान के रूप में एएसआई देवताचरण उपाध्याय, एएसआई देवेंद्र सिंह के रूप में उपस्थित थे, जिसे रांची पुलिस परिवार के सहयोग राशि के द्वारा निर्माण किया जाएगा । जिसमें परिचारी प्रवर-1, 2, थाना प्रभारी, दारोगा, एएसआई पुलिसकर्मी, एवं स्थानीय महिला पुरुष उपस्थित थे।

## राज्य वित्त मंत्री ने कोयला मंत्री से मांगा झारखंड का पैसा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भारत सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड के कोयला उत्खनन क्षेत्र में 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाये की राशि के लिए केंद्र से की गई मांग को लेकर कोयला मंत्री रेड्डी को लिखित स्मार पत्र देकर बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया।कोयला मंत्री रेड्डी को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए गंभीरता पूर्वक प्रयास किया जा रहा है। झारखंड आय के अपने आंतरिक स्त्रोतों में वृद्धि कर सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए प्रयासरत है। झारखंड राज्य के समुचित विकास के लिए केंद्र द्वारा आर्थिक सहयोग आवश्यक है। मैंने दोनों केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड रुपए की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।



## आप के पाप का घड़ा फूटा : प्रतुल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि दिल्ली में आखिरकार आप के पाप का घड़ा फूट ही गया। आप की सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ धोखेबाजी की। आम आदमी की सरकार बनाने का दावा करने वाले केजरीवाल खुद शीश महल पर काबिज हो गए। ना यमुना का प्रदूषण काम हुआ और ना ही दिल्ली की हवा बदली।वहीं नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर दिल्ली की जनता ने अपनी आस्था व्यक्त की है। भाजपा के द्वारा पूर्व में किए गए चुनावी वादों को पूरा करने का शानदार रिकॉर्ड रहा है।जनता ने इस पर विश्वास जताया है।अब दिल्ली को संवारने की जिम्मेवारी भाजपा की है।

# एओर्टिक रोगियो को विशेष देखभाल करने की जरूरत है : डॉ ललित कपूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नारायण हॉस्पिटल आरएन टैगोर हॉस्पिटल मुकुंदपुर के वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉक्टर ललित कपूर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि एओर्टिक रोगों के लिए विशेष देखभाल करने की जरूरत है और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत में एओर्टिक रोगों की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर होने की जरूरत है। एओर्टिक , डिसेक्शन, डाइलेटेशन, एन्यूरिज्म, रप्चर जैसी समस्याएं शामिल है । उन्होंने बताया कि समय पर निदान और विशेष उपचार घातक परिणामों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉक्टर कपूर ने आगे बताया कि एओर्टिक के बिना किसी लक्षण को होते हैं, लेकिन यदि समय पर पहचान ना हो जाए तो यह घातक हो सकता है। नारायण हेल्थ में हम उन्नत अमेजिंग प्रारंभिक स्क्रीनिंग और कुशल सर्जरी विशेषज्ञ के संयोजन से प्रत्येक मरीज को समय पर और प्रभावी उपचार प्रदान करते हैं। डॉक्टर का पूर्ण अस्पताल में उपलब्ध उन्नत




उपचार विकल्पों को के बारे में भी जानकारी दी और रूट रिप्लेसमेंट प्रक्रियाएं शामिल हैं । डॉक्टर कपूर ने यह भी बताया कि अस्पताल में व्यापक पोस्ट ऑपरेटिव देखभाल प्रणाली के कारण अधिकांश मरीज सर्जरी के बाद 5 दिनों के अंदर ही ठीक हो जाते हैं। इसमें कार्डियोलॉजिस्ट सर्जन ,इंटरनेशनल, रेडियोलॉजिस्ट, एंथेसायोलॉजिस्ट और गहन चिकित्सा विशेषज्ञ की बहू विषयक टीम शामिल है। जो रोगियों की तेजी से रिकवरी और अच्छे परिणाम सुनिश्चित करती है।नारायण हेल्थ के ग्रुप सीईओ आर वेंकटेश ने बताया कि प्राभिक निदान और समर्थन पर हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करके हम अपने मरीजों को संपूर्ण रूप से स्वस्थ जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। नारायण हॉस्पिटल आरएन टैगोर अस्पताल और कॉर्पोरेट ग्रोथ अन्य सीक्रेट टीवी पूर्वी भारत के निदेशक अभिजीत क ने कहा हमारा अस्पताल बहु विषयक दृष्टिकोण से संपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नारायण हॉस्पिटल आरएन टैगोर हॉस्पिटल मुकुंदपुर के बारे में यह भी बताया गया कि कोलकाता में 608 बेड वाला जेसीआई और एन ए बी एच प्रमाणित एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जो ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बायपास मुकुंदपुर में स्थित है। यह पूर्वी भारत का अग्रणी अस्पतालों में एक है । इसके अलावा उन्होंने जिन मरीजों का सफल इलाज किया उन मरीजों ने भी पत्रकारों से बातचीत की और अपने बीमारी और उसके सफल ईलाज से उन्हें जो राहत मिली है इसपर भी कहा कि आज की स्थिति पहले से अच्छी है।

## दिल्ली में भी खिल गया कमल : रघुवर दास

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर उत्साह पूर्वक बयान दिया है। रघुवर दास ने कहा कि दिल्ली की देवतुल्य जनता ने झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार और अहंकार की राजनीति को नकारते हुए विकास और विश्वास की राजनीति पर मुहर लगाई है। दिल्ली आप-दा मुक्त हो गई। दिल्ली की इस भव्य विजय के लिए दिल्ली की जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई दिया है।

# पंजाब नैशनल बैंक से आवास ऋण स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले ग्राहकों के चेहरे खिल उठे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंजाब नैशनल बैंक, रांची मंडल द्वारा 7 - 8 फरवरी को टी.ओ.पी ग्राउंड, कडरू, राँची में हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएनबी प्रधान कार्यालय, दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार गुप्ता मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता पीएनबी राँची मंडल के प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने, उसे सजाने-सवारने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना । साथ ही घर की आंतरिक साज-सज्जा और आवास बीमा परामर्श की




सुविधा भी उपलब्ध कराना था। यह एक्सपो ऋण लेकर मकान बनाने और सूर्या घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया । इसमें मुख्य महाप्रबंधक द्वारा ग्राहकों को आवास ऋण स्वीकृति पत्र दी गई और आवास ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। 8.40त्न की किफ़ायती ब्याज दर बैंक हाउसिंग लोन और 7त्न ब्याज दर पर सूर्या घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण मुहैया कराया गया। ग्राहक के पास पूर्ण दस्तावेज़ तथा अनुमोदित प्रोजेक्ट्स होने पर ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई तथा विशेष ऑफर एवं छूट भी दी गई। इसमें विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों की टीम विशेष परामर्श के लिए उपलब्ध रहे और वे मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद किया। इसमें बैंक द्वारा अनुमोदित प्रतिष्ठित आवास परियोजनाओं का स्टॉल भी लगाया गया। इस अवसर पर पीएनबी के विभिन्न शाखाओं के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**राजेश कुमार के नेतृत्व में पीएनबी हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो ऐतिहासिक रूप से सफल :** इस एक्सपो की अपार सफलता के पीछे पंजाब नैशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री राजेश कुमार की दूरदृष्टि, उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता और प्रभावी नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन ग्राहकों के लिए एक क्रांतिकारी पहल साबित हुआ, जिसने उन्हें किफायती ब्याज दरों पर आवास ऋण एवं सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान किया।राजेश कुमार की रणनीतिक योजना और ग्राहकों की जरूरतों को समझने की क्षमता के कारण यह एक्सपो एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया। उन्होंने इस आयोजन को सुव्यवस्थित, प्रभावी और जनोपयोगी बनाने में अहम योगदान दिया। उनकी प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता के चलते बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इस एक्सपो का लाभ उठाया और तुरंत ऋण स्वीकृति, विशेष छूट एवं परामर्श सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। उनकी प्रेरणादायक नेतृत्व क्षमता और बैंकिंग क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता ने इस आयोजन को संपूर्ण झारखंड में चर्चा का केंद्र बना दिया।पीएनबी ग्राहकों की सेवा में हमेशा तत्पर है और भविष्य में भी ऐसे नवाचारों और लाभकारी योजनाओं के साथ ग्राहकों की सपनों को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। लोन लेने के बाद ग्राहकों के चेहरे पर खुशी भी देखने को मिली।

## अड़की थाना क्षेत्र में 12 एकड़ में लगे अफीम की फसल को किया गया नष्ट



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 08/02/2025 दिन शनिवार को 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सिमा बल के कमांडेंट राजीव भट्ट के दिशा निर्देश पर? एफ कम्पनी अड़की के असिस्टेंट कमांडेंट निलेश सन्तोष मासुले के नेतृत्व में एफ कम्पनी अड़की के गांव कोचांग में लगभग 12 एकड़ में लगे अबैध अफीम कि खेती को नष्ट किया। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी अड़की (कुरूनंगा) के निरीक्षक शिशुपाल सहायक उप निरीक्षक केदारा राम मुख्य आरक्षी परेश चौधरी, समान्य आरक्षी निरंजन चक्र के साथ अन्य सशस्त्र बल एवं अड़की थाना पुलिस सामिल रहें।

## ज्ञान भारती उच्च विद्यालय के छात्रों के दल ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञान भारती उच्च विद्यालय के छात्रों का दल शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण किये. छात्रों के दल के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक मित्रजीत सिंह सहित अन्य शिक्षक भी साथ थे. शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र रांची स्थित राजभवन, आदिवासी संग्रहालय, साइंस सिटी, निगम पार्क, मछली घर, विधान सभा गए. जहां सभी ने सभी स्थानों से संबंधित कई अहम जानकारियां प्राप्त की.शैक्षणिक भ्रमण को लेकर सभी बच्चे काफी उत्साहित और खुश थे.मौके पर प्रधानाध्यापक मित्रजीत सिंह ने कहा इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को नए दृष्टिकोण से चीज़ों को देखने का मौका मिलने के साथ सामाजिक और ऐतिहासिक ज्ञान भी मिलता है. इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक बांके बिहारी तिवारी, अशोकनाथ ठाकुर, शिक्षिका सोनम कुमारी, आरती कुमारी, अनिता कुमारी, रीना टोप्पो, मीना कुमारी सहित अन्य शामिल थे.

## डीएवी पब्लिक स्कूल में सोशियो टेक्नोफेस्ट 2025 का आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु रॉंची में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स प्रदर्शनी सोशियो टेक्नोफेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा साइंस, सोशल साइंस और आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स के 900 मॉडल? प्रस्तुत किए गए। अपनी रचनात्मकता और अन्वेषणात्मक विचारों द्वारा विद्यार्थियों ने भविष्य की संभावनाओं को प्रस्तुत किया तथा वर्तमान समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं कक्षा की सलोनी, स्वेता और कृष्णा ने पानी के दवाब द्वारा रॉकेट लॉंचिंग , अंजलि और रिया ने साबुदाना के मदद से पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाले डिस्पोजेबल बर्तन, आठवीं कक्षा के अक्षज और अंश राज शुक्ला ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से विभिन्न प्रकार के कचरों का मैनेजमेंट, सातवीं कक्षा की देबोप्रिया ने जाम से निपटने के लिए फ्यूचर ट्रांसपोर्ट का मॉडल? द्वारा प्रदर्शन किया।


इसके अलावा स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, शरीर के अंगों की क्रियाएं, सूर्य ग्रहण और चन्द्र ग्रहण के कारण , जलीय वर्षा का संरक्षण, सूर्य, पवन तथा अन्य प्राकृतिक स्रोतों द्वारा विद्युत का उत्पादन, सोलर कुकर, ऑटोमेटेड डस्ट क्लीनर, ए.आई. एनेबल्ड डस्ट कलक्टर पर विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच प्रस्तुत की। सोशल साइंस एक्जीबिशन में मानो विद्यार्थियों ने समूचा भारत एक जगह प्रस्तुत कर दिया हो - प्राचीन भारत से लेकर चन्द्रयान-गगनयान की सफलता, भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर, विभिन्न प्रदेशों के वेश-भूषा एवं खान-पान, विभिन्न प्रदेशों की भौगोलिक स्थिति और जलवायु परिस्थिति लेकर ई.वी.एम. मशीन का विकास और उसके संचालन की विधि पर जागरूकता प्रदान की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के सचिव श्री जयन्त कुमार मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनका यह जोश उनके भविष्य के संकल्प को प्रेरित करने वाला है।

परिणाम चाहे जो लेकिन पहले विजेता आप सभी है। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड प्रक्षेत्र-बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी श्री मनोज कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर आओ और फिर देखो कि सफलता कितने अलग-अलग रुपों में तुम्हारा वरण करती है।

प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने अतिथियों का स्वागत और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर नया चीज, हर नया अन्वेषण एक सोच से शुरू होता है। इसलिए सोचना कभी बंद? नहीं करना चाहिए। सोच जितनी रचनात्मकता, सकारात्मक और परिदृश्यात्मक होगा, अन्वेषण उनका प्रखर और समाज में उसकी उपयोगिता उतनी ही ज्यादा होगी।

### ओरमांझी प्रखंड में झामुमो संयोजक मंडली का हुआ गठन, नागेश्वर महतो मंडल प्रमुख बने

# झामुमो के सदस्यता अभियान का उद्देश्य गांवों से शहर तक पार्टी को मजबूत करना है : मुस्ताक आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखंड झामुमो संयोजक मंडली के गठन को लेकर शनिवार को ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के बरवे पतरा में रांची जिला संयोजक मंडली के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया,जिसमें नए संयोजक मंडल समिति का गठन किया गया.जहाँ ओरमांझी प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष नागेश्वर महतो को मंडल संयोजक प्रमुख बनाया गया,इसके अलावा 18 सदस्यीय संयोजक मंडली समिति का भी गठन किया गया.इस अवसर पर प्रखंड संयोजक प्रमुख बने नागेश्वर महतो ने कहां की संगठन ने जिम्मेदारी दी हैं उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा,वहीं उन्होंने जिला संयोजक मंडली को भरोसा दिया कि ओरमांझी संयोजक मंडल 10दिनों के अंदर प्रखंड क्षेत्र के 18 पंचायतों में बैठक कर पंचायत स्तर पर संयोजक मंडली का गठन करेगी,और झामुमो के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 50 लाख नए सदस्यों के बनाने का लक्ष्य को पूरा करेगी.वहीं उन्होंने बताया की झामुमो के सदस्यता अभियान का उद्देश्य गांवों से शहर तक पार्टी को मजबूत करना है.झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पर रांची जिला के सभी प्रखंडो में संयोजक मंडली गठन किया जा रहा हैं इसी कड़ी में कांके का दौरा कर सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है.नवगठित संयोजक मंडली के प्रखंड प्रमुख नागेश्वर महतो, जहुर अंसारी,हारून अंसारी,मुमताज़ अंसारी अशोक मुंडा सहित अन्य मंडल के सदस्यों को जिला संयोजक मंडली द्वारा फूलमाला पहनाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने पार्टी का दामन थामा, जिन्हें झामुमो का पट्टा पहनाकर संगठन में स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालक डॉ हेमलाल मेहता कर रहें थे.मौके पर सैकड़ो झामुमो के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# मीडिया कप क्रिकेट अमानत ने शंख और भैरवी ने अजय को दी मात




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** द रांची प्रेस क्लब की ओर से आयोजित आरपीसी मीडिया कप के दूसरे दिन खेले गए लीग मुकाबले में अमानत ने शंख को 24 रनों से और भैरवी ने अजय को 8 विकेट से हराया। अमानत के कुमार सौरभ और भैरवी टीम के राकेश कुमार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। शनिवार को जेके क्रिकेट अकादमी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मैच की दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रेस क्लब कमिटी ने मुख्य स्थिति को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।दूसरे दिन का पहला मुकाबला अमानत और शंख के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमानत ने 5 विकेट खोकर 161 रन बनाए। टीम के सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दी। टीम की ओर से अमित सिंह ने 52 और कप्तान सुशील कुमार सिंह ने 35 रनों की पारी खेली। शंख की ओर से सुनील, विक्की, मनोज और चंदन ने 1- 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शंख टीम अमित कुमार सिंह के 38 रन और पिंटू दुबे के 32 रनों के जुझारू पारी के बावजूद 137 रन ही बना सकी। अमानत की ओर से सौरभ ने 3 और दिलीप ने 2 विकेट झटके।वहीं भैरवी और अजय के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अजय ने 3 विकेट खोकर 176 रनों का पहाड़ खड़ा किया। टीम की ओर से मोनू ने 52 गेंदों में 90 रनों की पारी खेली। विवेक ने 31 रन बनाए। दूसरी पारी में भैरवी ने राकेश कुमार के ताबड़तोड़ 43 गेंदों में 90 रन और आशिफ नईम के 45 रनों की मदद से 5 गेंद शेष रहते 2 विकेट खोकर 180 रन बना लिए और मुकाबले को 8 विकेट से जीत लिया।आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वर्ल्ड एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी )रहे।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और सुशासन पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आप सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन, घर-घर शराब पहुंचाने की कुटनीति और झूठ के सहारे भ्रम फैलाने की राजनीति से त्रस्त हो चुकी थी। जिलाध्यक्ष ने इस प्रचंड विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही, उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत भाजपा के जनसेवा और राष्ट्रहित के संकल्प को और मजबूत करेगी।

## डॉ बिरसा उरांव ने दिल्ली विधानसभा की जीत पर दिल्ली की जनता को बधाई दी



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर बिरसा उरांव ने खुशी व्यक्त की है। डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि दिल्ली के दिल में बसा कमल। श्री उरांव ने इस जीत के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिली है। उन्होंने कहा दिल्ली में भाजपा की प्रचंड व अभूतपूर्व जीत के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी कार्यकर्ताओं को बधाई और मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा दिल्ली विधानसभा में एनडीए के प्रमुख घटक भाजपा की सफलता एक बड़ी उपलब्धि है। यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों द्वारा व्यक्त विश्वास का प्रतीक है। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों की डबल इंजन सरकार के आगमन के साथ राजधानी को सुंदर शहर बनाने का सपना पूरा होगा।

# शिक्षको ने संगोष्ठी व झारखंडी व्यंजन वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखण्ड में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के तहत एकल शिक्षकिय विद्यालय की चुनौती को स्वीकार करते हुए बहु शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानाध्यापक सह निकासी व्ययन पदाधिकारी नसीम अहमद,प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सीमा कुमारी प्रधानाध्यपक बिमलेश मिश्रा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना यादव एवं सतीश बड़ाईक द्वारा नव गठित शिक्षक सिपाही की टीम के द्वारा प्रखण्ड के सुदूरवर्ती एकल शिक्षकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिरला में शिक्षा चुनौती व समाधान अंतर्गत एकल शिक्षकीय विद्यालय एवं ऑनलाइन गतिविधियों के बीच गुणवत्त शिक्षा की स्थिरता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सभी ने विभिन्न विषयों पर गम्भीरता से चिंतन मनन करते हुए छात्रों की अनियमित उपस्थिति एवं ठहराव,आठवीं प्री बोर्ड में सफलता,कमजोर और मेधावी बच्चों का चिन्हितिकरण,बच्चों को बोलने की कला में दक्ष बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधीक्षक राँची एवम उपायुक्त राँची द्वारा संचालित राँची स्पीक कार्यक्रम की सफलता,एकल शिक्षकीय विद्यालयों में सहायक शिक्षक की उपलब्धता के उपाय आदि के ठोस उपाय निकाले गए।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ओरमांझी को इससे अवगत कराया गया एवम उन्होंने इस प्रयास की प्रशंसा की।संगोष्ठी के उपरांत झारखंडी व्यंजन का वनभोज कार्यक्रम रखा गया।सुदूरवर्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिरला परिवार को हौसला देते हुए पुरस्कृत किया गया एवम विद्यालय को आकर्षण का केंद्र बनाने के उद्देश्य से बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के तहत नवाचार की इस बयार के नियमित बहाव के साथ प्रखण्ड को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान देने के लिए सभी ने सामूहिक प्रण लिया। इस अवसर पर प्रखण के कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## तुमांग में झामुमो की हुई बैठक




**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुमांग पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड के संयोजक मंडली की हुई. इस बैठक के अध्यक्षता खलारी प्रखंड के संयोजक प्रमुखअनिल कुमार पासवान ने की. बैठक के दौरान सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा किया गया. अनिल पासवान ने अधिक से अधिक संख्या में तुमांग पंचायत में झामुमो का सदस्य बनने का अपील किया.बैठक के दौरान तुमांग पंचायत का सर्वसमिति से कमिटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष राजकुमार लोहरा,उपाध्यछ खुशियाल साव,सचिव किसुन मुंडा,कोषाध्यक्ष विक्की मुंडा को बनाया गया.कार्यकरनी सदस्य में विजय लोहार,पुष्पेंद्र कुमार, शिवनाथ मुंडा, सोनू राम ,मेघु मुंडा ,गीता देवी, कबूतरी देवी ,रोहित कुमार, गुलशन कुमार, भरत उरांव का नाम शामिल है.बैठक में मुख्य नंदू मेहता ,दिनेश सिंह ,महेंद्र चौहान, जैनुल खान, रंथु उरांव, चितरंजन सिंह, राजकुमार गन्झु ,अजीत चौहान ,मुकेश यादव ,सुनील यादव ,छोटू राम आदि उपस्थित थे.

# कांग्रेस परिवार सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में जुटे मांडर विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के असरो डैम के समीप आज शनिवार को मांडर विधानसभा कांग्रेस पार्टी ने सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से अतिथियों को शॉल ओढ़कर और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में मंईयां सम्मान योजना में पैसे की कमी नहीं है। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा कई बीमारी से ग्रस्त है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से गांव-गांव में संगठन मजबूत करने पर बल दिया। ताकि मांडर विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी का ही कब्जा हो। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है। साथ ही एक मजबूत सरकार है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और आमजन के सहयोग से लंबा लकीर खींचा जाएगा। सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास करने का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने युवाओं को पार्टी में ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की बातें कही। मौके पर सभी डेलिगेट्स, पांचो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के मांडर विधानसभा के वरिष्ठ नेता गण, सभी मंडल अध्यक्ष,सभी मंच मोर्चा, महिला मोर्चा, सभी पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता गण कांग्रेस के प्रवक्ता सहित कांग्रेस पार्टी के कई गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रंगदारी मांगने व फायरिंग करने के मामले में 4 गिरफ्तार, जेल



**गुड़ाबांदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मुढ़ाठाकरा गांव में 27 जनवरी को पिस्टल दिखाकर रंगदारी मांगने और हवाई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने गुड़ाबांदा और धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में व्यवसायियों से रंगदारी की मांग की थी। गिरफ्तार आरोपियों में गुरु चरण कर्मकार उर्फ पुटकू कर्मकार, जीवन कर्मकार उर्फ लादु कर्मकार, सोकेन कर्मकार और काशीनाथ कर्मकार शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गुरु चरण कर्मकार का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गुड़ाबांदा थाने में हत्या का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस, दो मैगजीन, रंगदारी मांगने में इस्तेमाल मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चार अन्य मोबाइल बरामद किए हैं। चारों आरोपी शुक्रवार को माछभांडार में अपराधिक घटना की योजना बनाने के लिए एकत्रित हुए थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चार आरोपियों को खदेड़कर हिरासत में लिया। सभी आरोपियों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया प्रीमियम प्रोडक्ट 'बांगुर मार्बल'




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट ने अपने मास्टर ब्रांड बांगुर सीमेंट के तहत नया प्रीमियम प्रोडक्ट बांगुर मार्बल सीमेंट लॉन्च किया है। यह पीएससी सीमेंट सेगमेंट में बेहतरीन चमक, उच्च शक्ति और दरारों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे यह भव्य और प्रभावशाली डिजाइनों के लिए उपयुक्त है। इस नए प्रोडक्ट का लॉन्च आज रांची, झारखंड में किया गया। जल्द ही इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी उपलब्ध कराया जाएगा। बांगुर मार्बल सीमेंट 2000 से अधिक रिटेल स्टोर्स पर मिलेगा, जहां ग्राहकों को प्रोडक्ट डेमो के माध्यम से इसकी विशेषताओं की जानकारी दी जाएगी। श्री सीमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी ने कहा कि बांगुर मार्बल सीमेंट, निर्माण उद्योग में नवीनता और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उत्पाद आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं, चमक, मजबूती और टिकाऊपन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह पर्यावरण-अनुकूल सीमेंट है, जिसमें स्टील निर्माण के उप-उत्पाद जीजीबीएस का उपयोग किया गया है, जिससे मजबूत और टिकाऊ संरचनाओं का निर्माण संभव होगा।

## विकास विद्यालय मानगो की छात्रा वाईज़ा फिरदोस को कराटे नेशनल टुर्नामेंट में गोल्ड मेडल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो स्थित विकास विद्यालय के क्लास 9ए की छात्रा वाईज़ा फिरदोस ने खड़गपुर स्थित कराटे नेशनल टुर्नामेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और स्कूल का नाम रौशन किया। गौरतलब हो कि विकास विद्यालय मानगो के छात्र-छात्राएँ हमेशा ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद में बेहतर परिणाम लातें हैं। स्कूल के निदेशक विकास सिंह ने वाईज़ा फिरदोस को बधाई देते हुए उसके बेहतर भविष्य की कामना की।

## श्याम भटली परिवार के सचिव के पिता जवाहर का निधन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार के सचिव ललित डाँगा के पिता जवाहर लाल डाँगा का निधन 6 फरवरी गुरूवार को इलाज के दौरान टीएमएच में हो गया। अंतिम संस्कार 7 फरवरी शुक्रवार को स्वर्णरेखा घाट, भुइयाडीह में सम्पन्न हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। बैठक डाँगा परिवार के निवास क्रॉस रोड नम्बर-4, आदर्श नगर, ओल्ड चेक पोस्ट, डिमना रोड, मानगो में 9 से 11 फरवरी तक दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। श्याम भटली परिवार के सदस्यों ने जवाहर लाल के निधन पर शोक व्यक्त किया हैं।

## दगड़ीगोड़ा हरि साधना आश्रम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के दगड़ीगोड़ा गांव स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शनिवार को शुरू हो गया। आश्रम संचालक शंभु दास बाबाजी ने बताया कि इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन होगा। पहले दिन पश्चिम बंगाल के नदिया जिले आए हुए गुरुपद दास बाबाजी के द्वारा भागवत पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भागवत पाठ को सुना। कार्यक्रम के पहले दिन जमशेदपुर के समाजसेवी आस्तिक महतो ने मंदिरों में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर में प्रसाद ग्रहण भी किया। मौके पर उनके साथ पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, अशोक सिंह, आश्रम के संचालक शंभू दास बाबाजी, गुणधर घोषाल, प्रेमानंद दास वैरागी आदि मौजूद थे।

## फैकेल्टी आफ एजुकेशन करीम सिटी का वार्षिक पिकनिक आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फैकेल्टी आफ एजुकेशन करीम सिटी कॉलेज में शनिवार को बी.एड एवं डी. एल.एड. सत्र 2023- 25 के लिए वार्षिक पिकनिक का आयोजन में किया गया। पिकनिक में विभिन्न प्रकार के गेम्स का आयोजन किया गया जिसका आनंद विद्यार्थियों ने बहुत उठाया । मौके पर मौजूद कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मोहम्मद रियाज ने बच्चों को आज का दिन का पूर्ण आनंद उठाने के लिए उत्साहित किया। विभिन्न प्रकार के म्यूजिक पर विद्यार्थियों ने नृत्य कला का प्रदर्शन किया। शिक्षा संकाय विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुचेता भुइयां ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल में स्वयं भागीदारी की और अन्य को भी उत्साहित किया अन्य शिक्षकों में प्रोफेसर पंकज कुमार झा, डॉक्टर परवीन उस्मानी तथा अन्य मौजूद रहे।

### शिक्षा विभाग की प्रमंडलीय बैठक शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न

# बेहतर शैक्षणिक माहौल व बच्चों के सार्वांगिण विकास के लिए सरकार संकल्पित : रामदास सोरेन

➡ **कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों उपायुक्त व शिक्षा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक आयोजित की गयी है। जमशेदपुर के निर्मल गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा शिक्षा व्यवस्था के संदर्भ में महत्वपुर्ण निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से सरकारी, सहायता प्राप्त व निजी विद्यालयों, विद्यालय में बच्चों के नामांकन की स्थिति, कक्षा में प्रमोशन दर, ड्रॉप आउट, कक्षा में ठहराव, अपार आईडी कार्ड बनाने की स्थिति, शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन, शिक्षक छात्र अनुपात, विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन, पोशाक तथा स्कूल किट का वितरण, छात्रों का रिजल्ट, टीचर्स ट्रेनिंग संस्थानों की मुलभुत सुविधा, आदर्श विद्यालय व मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तुरबा विद्यालय, सहित जनजातीय भाषा में शिक्षा, मध्याहन भोजन योजना आदि की समीक्षा की गई।कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के अलावा विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आदित्य रंजन, प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश, पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त अनन्य मित्तल, सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पश्चिमी सिंहभूम उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा सहित तीनों जिले के शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री रामदास सोरेन ने कहा गुणवतापुर्ण शिक्षा आधारभुत संरचना तथा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए विभाग प्रयासरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सारकार की प्राथमिकता है। सरकार शिक्षा के बुनियाद को मजबूत करने के साथ साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई स्तर पर काम कर रही है। आबादी के अनुपात में विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, जीरो ड्रॉपआउट, विषय आधारित शिक्षक नियुक्ति, बेहतर शैक्षणिक महौल देने की दिशा में और सुधार की अपेक्षा के साथ शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों, बुद्धिजिवियों को आपसी समन्वय, जिम्मेवारी तथा समाजिक उतरदायित्व निर्वहन करने की बात कही। उन्होने कहा मॉडल स्कूल के रूप में कस्तुरबा गांधी आवसीय विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय आदि में उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधा, बच्चों के सार्वांगिण विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इस अवसर पर समीक्षा के क्रम में मंत्री ने कोल्हान प्रमंडल के उपायुक्तों को कहा स्कूलों में जरूरी सुविधाओं एवं गुणात्मक शिक्षा के लिए विभागीय अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन के साथ नियमित बैठक करें।

## कांग्रेस नेता अंसार खान ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत कार्यपालक अभियंता को मानगो ऑफिस में जाकर ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने बताया गुलाब बाग फेस टू में पोल तो लगा दिया गया है लेकिन अभी तक वहां पर ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। दूसरी और जवाहर नगर रोड नंबर 6 कुट-कुट डूंगरी में पोल लगे हुए हैं अभी तक वहां पर केबुल का काम नहीं किया गया है। बागान शाही क्रॉस रोड नंबर 9 जवाहर नगर रोड नंबर 14 फजल कॉलोनी और क्रॉस रोड नंबर 14 में भी केवल लगाया जाए। आज प्रतिनिधि मंडल में मोहम्मद हमदानी, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद मुस्तफा अहमद, टीटू, मोहम्मद आरजू खान मौजूद थे।

## दिल्ली भाजपा की जीत पर प्रमोद मिश्रा ने जताई खुशी, जनता का जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दिल्ली विस में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बारीडीह मंडल के मिडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा, दिल्ली मे विगत दस वर्षो से झूठ और लूट की सरकार से जनता को मुक्ति मिली अब भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दिल्ली की जनता ने सर्वांगीण विकास के लिए पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया है साथ ही आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर यह बता दिया। जनता को धोखे मे रखकर नकारात्मक राजनीति करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, सौरभ भारद्वाज सहित तमाम बड़े नेता अपनी सिट नही बचा सके। इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ राष्ट्रीय नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं दिल्ली की जनता को हृदय से धन्यवाद।

## विद्या ज्योति स्कूल में एबीएल पर प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टीजीएस कॉलोनी गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्कूल में कक्षा तीन से नवमी तक के बच्चों के लिए विज्ञान विभाग में गतिविधि-आधारित शिक्षा (एबीएल) पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीखने के परिणामों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सोच, समस्या निवारण कौशल, रचनात्मकता, सहयोग, अनुकूलनशीलता और निष्क्रिय शिक्षण पद्धति की तुलना में गहरी समझ और जानकारी को बनाए रखने के कार्य के साथ सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने की क्षमता को बढ़ावा दिया गया था। बताया गया है कि यह निर्णय लेने और संचार कौशल जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने और बच्चों में सामाजिक कौशल विकसित करने व उनमें टीम भावना को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। साथ ही, जमीनी स्तर पर बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने में यह मदद करता है। प्रतियोगिता के पश्चात, प्रत्येक स्तर से तीन-तीन शीर्ष प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## तीन दिवसीय बी2बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एवं इंजिनियरिंग एक्सपो का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आदित्यपुर ऑटो कलस्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा ऑटो कलस्टर एवं एसिया के सहयोग से चल रहे तीन दिवसीय बीटूबी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एवं इजीनियरिंग एक्सपो का समापन सम्पन्न हो गया। इन्डोमैक बिजनेस सौल्युशन्स के आयोजकों ने कहा कि एक्सपो के सफल संचालन में ऑटो कलस्टर के प्रबंध निदेशक एस एन ठाकुर एवं एसिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल एवं महासचिव प्रवीण गुटगुटिया सहित अन्य लोगों का सक्रीय योगदान रहा जहाँ हमारे आशा से बढ़कर लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। लगभग 20,000 से अधिक लोगों ने एक्सपो का भ्रमण किया एवं लगभग 520 करोड़ के आस-पास की बुकिंग की गई। ऑटो कलस्टर के प्रबंध निदेशक एस. एन. ठाकुर एवं इंदर अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में हम यहाँ के उद्योगपतियों के लिए और भी बेहतर तरीके से और अधिक संख्या में देश के विभिन्न भागों से मशीन एवं नये टेक्नोलॉजी से सम्बंधित अपने सदस्यों को अवगत कराने का प्रयास करेंगे।

## मुंडा मानकी संघ का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दशरथ गागराई को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** सरायकेला खरसावां 5वीं अनुसूची क्षेत्र मानकी-मुंडा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई से मुलाकात कर पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम 1996 की धारा 3, धारा 4, धारा 4(डी),धारा 4 (ओं) और धारा 4(एम) के अनुपालन में अनुसूचित क्षेत्री से क्रमशः स्वशासी जिला परिषद् और निचले स्तर पर आदिवासी ग्राम सभा के स्थापना करने हेतु (कुल सात शक्तियों के साथ) अधिसूचना जारी करने की मांग की गई। साथ ही माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के द्वारा माचिका सं0-1589/2021 पर निर्गल परमादेश जिसके द्वारा उपयुक्त संसदीय अधिनियम 1996 के प्रावधानों को दो महीने के भीतर लागू करने का निर्देश दिये गए है। साथ ही विधायक से ज्ञापन में कहा गया है कि अनुसूचित जन जातियो का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही साथ हमारे जल,जंगल,जमीन और टीएसपी, डीएमएफटी के राशि का उपयोग करने के लिए उपयुक्त संसदीय अधिनियम, 1996 (1996. का अधिनियम संख्या 40) नई दिल्ली, 24 दिसंबर 1996/5 पौष 1918 (शक) का अनुपालन करना सरकार की संवैधानिक बाध्यता है। मानकी-मुंडा संघ ने उपर्युक अधिनियम,1996 को लागू करने हेतू अभिलम्ब अधिसूचना जारी कराने की मांग की गई। इस दौरान मानकी-मुंडा संघ के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सोहन लाल कुम्हार, अशोक मानकी, सुखराम मुंडा, राम कृष्ण मुंडारी, मांगीलाल सुम्बरूई, शम्भू मुंडा, मनोज मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, जृजन सोय, भरत सिंह मुंडा आदि शामिल थे।

## साकची बाजार शिव-श्याम मंदिर में धूमधाम से मना 36वां श्याम महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वां श्री श्री श्याम महोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर समेत श्याम बाबा का विशाल दरबार पुष्पों से सजाया गया था। 1351 निशान यात्रा का शुभारंभ साकची शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा के जयकारे से हुई, जो साकची बाजार डालडा लाईन, पलंग मार्केट चौक, साकची बिरसा मुंडा चौक से स्टेट माइल रोड़ से काशीडीह होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करने के साथ संपन्न हुई। निशान यात्रा के दौरान मार्ग में स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल द्वारा डोरी खींच के राखिजे यो है बाबा को निशान. पैदल चालनिये के सागे चाले बाबा श्याम... जैसे शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे ध्वजा पूजन यजमान ममता-मनोज अग्रवाल ने किया। संध्या 8.30 बजे अखंड ज्योत की पूजा मुख्य यजमान राम कृष्ण चौधरी (बीजू बाबू) ने सपरिवार की। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरधरी लाल खेमका, सुरेश अग्रवाल, सुभाष शाह, उमेश शाह, कमल चौधरी, नरेश अग्रवाल, ओम प्रकाश रिंगसिया, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, अमर डगबाजिया, मोहित शाह, आशीष खन्ना, तुषार जिंदल, अंकित अग्रवाल, अमन नरेडी, आशीष शर्मा, गौरव जवानपुरिया, नितिन अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, हनी अग्रवाल, विवेक चौधरी, नरेश सिंघानिया, आलोक चौधरी, पवन खेमका, मोंटी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कमल सिंघल, सुनीता केडिया, पिंकी केडिया, पूजा मोदी, अनिता अग्रवाल, उमा चेतानी समेत मंदिर समिति की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यंग इंडियंस व एनवाईकेएस ने छात्रों के लिए किया उद्यमिता एवं नवाचार सत्र आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** शनिवार को यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर के उद्यमिता एवं नवाचार वर्टिकल ने एनवाईकेएस के सहयोग से 132 कश्मीरी एक्सचेंज छात्रों के लिए एक प्रभावशाली और व्यावहारिक उद्यमिता सत्र आयोजित किया। सत्र की शुरुआत श्रद्धा राजीव अग्रवाल, नवाचार वर्टिकल चेयर द्वारा गोल्फ बॉल अभ्यास से हुई, जिसमें समय प्रबंधन और जीवन की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके बाद मूल्य प्रस्ताव अभ्यास किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने व्यक्तिगत उद्देश्य कथन बनाए, जिससे वे अपने लक्ष्य और आकांक्षाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर सके। इसके बाद विवेक देबुका, उद्यमिता वर्टिकल चेयर ने उद्यमिता, इसकी महत्ता और एक सफल उद्यमी बनने की मानसिकता पर एक इंटरैक्टिव सत्र का संचालन किया। इसके अंतर्गत, एम्पैथी मैप अभ्यास कराया गया, जहां छात्रों ने कचरा प्रबंधन और राजस्व सृजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए विचार-मंथन किया। सत्र में मुख्य रूप से वाई आई जमशेदपुर के सौरभ मित्तल (सह-अध्यक्ष, उद्यमिता वर्टिकल), श्रुति झुनझुनवाला (सह-अध्यक्ष, ल्प जमशेदपुर) और कौशिक मोदी (अध्यक्ष, वाई आई जमशेदपुर) उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय के निधन पर भाजपा में शोक की लहर, पार्टी ने रद्द किए सारे कार्यक्रम

● **रघुवर दास, अर्जुन मुंडा एवं सुधांशु ओझा ने जताया गहरा शोक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के स्थापना के पश्चात वर्ष 1980 में कोल्हान के जिला संयोजक एवं सिंहभूम के जिला महामंत्री रहे सच्चिदानंद राय का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से टाटा मोटर्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वे हमेशा पार्टी के विस्तार और विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। गुरुवार को उनके निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा में शोक की लहर दौड़ गयी। एक ओर उनके निधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई नेताओं ने गहरा शोक जताया है। वहीं, उनके निधन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने दिल्ली में पार्टी की प्रचंड जीत पर जिले में जश्न मनाने के सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इससे पहले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बारीडीह विजया गार्डन स्थित उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और निधन पर शोक व्यक्त किया। रविवार को सुबह 10ः30 बजे सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया जाएगा। जहां भाजपा कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई देंगे। सच्चिदानंद राय के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंघ काल के नेता और संगठन मजबूती में अहम योगदान देने वाले सच्चिदानंद राय का निधन संगठन एवं सामाजिक स्तर पर अपूरणीय क्षति है।वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि सच्चिदानंद राय जी का जाना संगठन और समाज के लिए बड़ी क्षति है। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ला ने भी सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक व्यक्त जताया है।

## हिस्ट्रीशीटर- बालू व्यवसायी बाबू दास पर जानलेवा हमला, पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** बीते शुक्रवार की देर रात सापड़ा स्थित मां तारा होटल के समीप हिस्ट्रीशीटर सह बालू व्यवसायी बाबू दास पर अपराधकर्मियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। उक्त हमले में गम्भीर रूप से घायल बाबू दास को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया है। इधर, गोली मारकर भाग रहे अपराधियों की स्विफ्ट डिजायर कार रात में ही एनएच 33 पर चिलगू में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार में सवार अपराधियों का सुराग ढूंढने में रातभर पुलिस लगी रही। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए अपराधकर्मी भागने में सफल रहे। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात घटनाकी सूचना मिलते ही सभी चेकनाकों को अलर्ट कर दिया गया। उक्त घटना में अपराधकर्मी संतोष थापा के रिश्तेदार अज्जू थापा का नाम सामने आने के बाद आशंका जताई जा रही है कि अज्जू नेपाल भाग सकता है, इसलिए सभी चेकनाकों पर घेराबंदी की गई थी। इसी दौरान एक कार के चिलगू में दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली।कार में एक राजनीतिक पार्टी का झंडा और केंद्रीय उपाध्यक्ष का बोर्ड लगा हुआ है जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। संभवतः अपराधी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे हैं। उनकी तलाशी को लेकर आसपास के अस्पतालों में भी जांच की गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ समीर कुमार सवैया भी टीएमएच पहुंचे और घायल बाबू दास से पूछताछ की। पुलिस को दिए बयान में बाबू दास ने अज्जू थापा और आनंद दुबे द्वारा गोली मारने की बात कही है। इस घटना में एक अन्य अपराधी देवाशीष दास का भी नाम सामने आ रहा है। वहां से एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। घटनास्थल से पुलिस ने पांच खोखा बरामद किया गया। बताया गया है कि उक्त घटना में बाबू दास को सात गोलियां लगी है जिसमें तीन गोलियां उसके जांघ में, एक पेट में, दो हाथ में और एक गोली पसली को छूकर निकल गई। टीएमएच में चिकित्सको ने पेट में लगे गोली को ऑपरेशन कर निकाल दिया है। विदित है कि बाबू दास और अज्जू थापा के बीच विगत तीन वर्षों से चूहे-बिल्ली का खेल चल रहा है। इससे पूर्व भी बाबू दास पर दो बार जानलेवा हमला हो चुका है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## यह किसकी जमीन

विधायक प्राथमिकता बैठक से रूठा भाजपा का कुनबा भले ही बहिष्कार करता रहा, लेकिन प्रदेश के सत्ता पक्ष ने अपनी जमीन हथिया ली। विपक्ष की गैर मौजूदगी का आक्रोश छन से बाहर आया, तो मालूम हुआ कि हमारी राजनीति का स्तर किस गति से गिर रहा है। बहरहाल अपनी जवाबदेही में सरकार ने नाबार्ड योजनाओं के बही खाते खोल कर समझाने की चेष्टा की कि वह भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात की स्थिति में है। इस बहिष्कार की संगत में 28 विधानसभा क्षेत्र कम से कम यह तो नहीं बता पाए कि उनके भीतर कितनी क्षमता, कितनी संभावना और कितनी महत्त्वाकांक्षा रची बसी है। मंडी जैसा पूरा जिला एक तरह से अलग होकर बैठ गया, तो भाजपा विधायकों का विजन खामोश हो गया। अगर सत्य विपक्ष के पास है, तो सत्ता को ऐसे दृष्टांत से बचने का रास्ता चाहिए। कोशिश अगर यह हो जाए कि 28 विधानसभा क्षेत्रों के लोग भी सरकार को प्रिय हैं, तो धरातल पर उभरते अक्स में कुछ तो कहा जाएगा। खैर इन बैठकों के माध्यम से प्रदेश के कांग्रेसी विधायकों का विजन तो सामने आया। खास पहलू यह कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन की संभावना खोजी जाने लगी है। कुछ संकल्प व्यावहारिक और कुछ भविष्य की ओर देख रहे हैं। जब पालमपुर के आशीष बुटेल टी-टूरिज्म की कोंपलें चुनते हैं या बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बीड़-बिलिंग में पर्यटक सूचना केंद्र मांगते हैं, तो परिदृश्य में रौनक आती है। ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न मंदिर परिसर की सुविधाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता चुनते हैं, तो धार्मिक पर्यटन का मंत्रोच्चारण शुरू होता है। चंबा के नीरज नैयर पर्यटन गतिविधियों में इजाफे के साथ हेली टूरिज्म की प्राथमिकता को आवाज देते हैं, तो हजार साल की संस्कृति कहीं मिंजर समारोह से आगे धरोहर पर्यटन की खोज खबर लेती है। शीतकालीन मरुस्थल को शीतकालीन खेलों का मक्का बनाने के प्रयत्न में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, प्रगतिशील इरादों को उकेर देती हैं। इसी तरह ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर हाटू रोपवे के माध्यम से अपने क्षेत्र में पर्यटन का वसंत उगाना चाहते हैं। कहना न होगा कि अब विधायक अपने दायित्व के क्षेत्र में पर्यटन का दायरा बड़ा करना चाहते हैं। चाहते तो भाजपा के विधायक भी यही होंगे, क्योंकि अगर ज्वालाजी मंदिर को चार चांद लगते हैं, तो कांगड़ा, चामुंडा, दियोटसिद्ध और नयनादेवी के दर्शनों में विपक्षी विधायक भी सैलानियों के लिए पर्यटन का लंगर लगाना चाहते होंगे। मंडी की शिवधाम परियोजना के पीछे भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष की प्रतिबद्धता नजर आती है। जाहिर है विजन की हाजिरी के लिए सतत प्रयास चाहिए और अगर राज्य में पर्यटन के जरिए आर्थिकी व रोजगार के समाधान संभव हैं, तो पर्यटन प्राथमिकता बैठकों में विपक्ष की साझेदारी दिल्ली तक जरूरी है। ऐसे में सरकार अगर पर्यटन राज्य की शक्ल में प्राथमिकताएं तय करती है, तो हर विधानसभा क्षेत्र से हर गांव की दहलीज तक न जाने कितने-कितने पर्यटक हाजिरी लगाएंगे। राज्य के लक्ष्य में अगर आर्थिकी का संकल्प खड़ा करना है, तो इसे विविधता और सियासी एकता में देखना होगा। हर विधानसभा को कम से कम एक पर्यटक गांव तो बसा ही लेना चाहिए। इस तरह विधायक प्राथमिकता का ओजस्वी चेहरा, एक साथ 68 विधानसभा क्षेत्रों व सरकार के विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधानों का प्रसार हो जाएगा।


विपक्ष की गैर मौजूदगी का आक्रोश छन से बाहर आया, तो मालूम हुआ कि हमारी राजनीति का स्तर किस गति से गिर रहा है। बहरहाल अपनी जवाबदेही में सरकार ने नाबार्ड योजनाओं के बही खाते खोल कर समझाने की चेष्टा की कि वह भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात की स्थिति में है। इस बहिष्कार की संगत में 28 विधानसभा क्षेत्र कम से कम यह तो नहीं बता पाए कि उनके भीतर कितनी क्षमता, कितनी संभावना और कितनी महत्त्वाकांक्षा रची बसी है। मंडी जैसा पूरा जिला एक तरह से अलग होकर बैठ गया, तो भाजपा विधायकों का विजन खामोश हो गया। अगर सत्य विपक्ष के पास है, तो सत्ता को ऐसे दृष्टांत से बचने का रास्ता चाहिए। कोशिश अगर यह हो जाए कि 28 विधानसभा क्षेत्रों के लोग भी सरकार को प्रिय हैं, तो धरातल पर उभरते अक्स में कुछ तो कहा जाएगा। खैर इन बैठकों के माध्यम से प्रदेश के कांग्रेसी विधायकों का विजन तो सामने आया। खास पहलू यह कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन की संभावना खोजी जाने लगी है। कुछ संकल्प व्यावहारिक और कुछ भविष्य की ओर देख रहे हैं। जब पालमपुर के आशीष बुटेल टी-टूरिज्म की कोंपलें चुनते हैं या बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बीड़-बिलिंग में पर्यटक सूचना केंद्र मांगते हैं, तो परिदृश्य में रौनक आती है। ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न मंदिर परिसर की सुविधाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता चुनते हैं, तो धार्मिक पर्यटन का मंत्रोच्चारण शुरू होता है।


### पुस्तक मेला केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच है

## पुस्तक-महाकुंभ से एक नये दौर का सूत्रपात

ललित गर्ग


प्रयागराज में सनातन धर्म का महाकुंभ तो दूसरा दिल्ली में पुस्तकों का महाकुंभ। 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों एक भव्य महा-उत्सव जो पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम बना हुआ है।


देश में दो महाकुंभ चल रहे हैं, एक प्रयागराज में सनातन धर्म का महाकुंभ तो दूसरा दिल्ली में पुस्तकों का महाकुंभ। 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों एक भव्य महा-उत्सव जो पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम बना हुआ है। इस वर्ष के पुस्तक मेले की मुख्य थीम 'रिपब्लिक @ 75' है, जो भारतीय संविधान के 75 वर्षों के जश्न पर एक मजबूत भारत की परिकल्पना, राष्ट्र-निर्माण में प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर केन्द्रित है। पुस्तक मेले का एक मुख्य आकर्षण बच्चों का मंडप है, जिसका उद्देश्य बच्चों के साहित्य को बढ़ावा देना और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना है। पुस्तक मेला केवल किताबों तक सीमित नहीं है; यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच है। मेले में आयोजित नाट्य, संगीत, लोक कला और परंपरागत प्रस्तुतियाँ इसे एक समग्र अनुभव और वैश्विक दृष्टिकोण के संवाद का अवसर प्रदान कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न देशों के साहित्यिक प्रतिनिधिमंडल की सहभागिता हो रही है, जो अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और साहित्यिक दृष्टिकोण को साझा कर रहे हैं। आज डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के दौर में भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह टंग रहे हो, लेकिन ऐसे अनूठे एवं विलक्षण पुस्तक मेले पुस्तकों की उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं महत्व को नये पंख भी दे रहे हैं। पुस्तक मेलों की परंपरा भारत और विश्व में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। प्राचीन भारत में भी पांडुलिपियों के आदान-प्रदान और साहित्यिक संवाद की परंपरा थी। आधुनिक युग में, पुस्तक मेले का आयोजन पहली बार यूरोप में 15वीं शताब्दी में हुआ। गुटेनबर्ग द्वारा मुद्रण तकनीक के आविष्कार के बाद पुस्तकों का वितरण तेज़ी से बढ़ा और इसने पुस्तक मेलों के आयोजन को प्रेरित किया। भारत में पुस्तक मेलों की आधुनिक परंपरा 1970 के दशक में प्रारंभ हुई, जब नेशनल बुक ट्रस्ट ने दिल्ली में पहले



विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया। ये मेले न केवल साहित्यिक संवाद का माध्यम बने हैं, बल्कि विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त मंच बनकर शब्द, विचार तथा भावनाओं को जीवंत किया हैं। ये केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री का स्थान नहीं, बल्कि भाषाई और साहित्यिक विविधता को प्रोत्साहित करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके विचारों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पुस्तक मेले न केवल साहित्यिक चेतना को सजीव करते हैं, बल्कि गहरी सांस्कृतिक चेतना का पोषण भी करते हैं। विश्व पुस्तक मेला न केवल पुस्तकों का उत्सव है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर, साहित्यिक समृद्धि और विविधता का उत्सव मनाने के साथ पुस्तक-संस्कृति को सजीव बनाने का अवसर भी है। इंसान की ज़िंदगी में विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। जिसके लिए न तो कोई लाइसेंस लेना है, न ही इसके लिए किसी नियम-क़ायदे से गुज़रना है, लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो किताबें हथियार का काम करती हैं। किताबों का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। समाज में पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिये ऐसे मेले मील का पत्थर है। पुस्तकें वैचारिक जंग के साथ-साथ जीवन-जंग को जीतने का सक्षम आधार है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने पुस्तकों के महत्व पर लिखा है कि तोप, तीर, तलवार में जो शक्ति नहीं होती, वह शक्ति पुस्तकों में रहती है। तलवार आदि के बल पर तो हम केवल दूसरों का शरीर ही जीत सकते हैं, किंतु मन को नहीं। लेकिन पुस्तकों की शक्ति के बल पर हम दूसरों के मन और हृदय को जीत सकते हैं। ऐसी जीत ही सच्ची और स्थायी हुआ करती है, केवल शरीर की जीत नहीं! वस्तुतः पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं। वे अपना अमृतकोश सदा हम पर न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। उनमें छिपी अनुभव की बातें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमारे मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर ज़रिया कोई भी नहीं। तब भी जब हमारे आस-पास कोई नहीं है, हम अकेले हैं, उदास हैं, परेशान हैं, किताबें हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। पुस्तकों का महत्व एवं क्षेत्र सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदैशिक है। जहां तक जीवन की पहुंच है, वहां तक पुस्तकों का क्षेत्र है। पुस्तकों की यही कसौटी बताई गयी है कि वे जीवन से उत्पन्न होकर सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है। दो और दो चार होते हैं, यह चिर सत्य है पर साहित्य नहीं है क्योंकि जो मनोवेग तरंगित नहीं करता, परिवर्तन एवं कुछ कर गुजरने की शक्ति नहीं देता, वह साहित्य नहीं हो सकता अतः अभिव्यक्ति जहां आनन्द एवं जीवन ऊर्जा का स्रोत बन जाए, वहीं वह साहित्य है। पुस्तकें पढ़ना विचार सुनने या भाषणों से बेहतर हैं। रेडियो पर अपने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दी के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करते हुए लोगों से अपने दैनिक जीवन में किताबें पढ़ने की आदत डालने का आह्वान किया था। साथ ही उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। पुस्तक-संस्कृति को जनजीवन में प्रतिष्ठापित करने की दृष्टि से उनकी यह एक नयी प्रेरणा है, झकझोरने एवं सार्थक दिशाओं की ओर अग्रसर करने की मुहिम है।

दृष्टि कोण

## आत्मनिर्भर एवं विकसित प्रदेश का निर्माण

हिमाचल प्रदेश का पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह शिवभूमि बैजनाथ में गत 25 जनवरी को संपन्न हो गया। यह दिन बैजनाथ के नागरिकों के लिए दो कारणों से महत्वपूर्ण था क्योंकि बैजनाथ के इतिहास में पहली बार किसी बड़े राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ तो वहीं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्थानीय विधायक किशोरी लाल द्वारा रखी गईं सभी मांगों को खुशी खुशी पूरा करने की घोषणाएं भी मंच से कीं। बैजनाथ क्षेत्र को पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के लिए निर्धारित करना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को भी रेखांकित करता है। सुक्खू सरकार को चाहिए कि वह इसी तर्ज पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवसों के आयोजन भी संबंधित जिलों के उपमंडल एवं तहसील मुख्यालयों में आयोजित करने के बारे में सोचे ताकि राज्य की अधिकतम आबादी को इन राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन में भागीदारी का सुअवसर प्राप्त हो। बैजनाथ में आयोजित समारोह में बड़ा भंगाल घाटी के बाशिंदों ने भी बढ़-चढ़ कर शिरकत की तो वहीं चढियार को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की मुख्यमंत्री की घोषणा ने समारोह में मौजूद लोगों को तालियां बजाने के लिए बाध्य कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चढियार में लोक निर्माण विभाग का नया उपमंडल खोलने और पपरोला-बैजनाथ बाईपास मार्ग पर संसाली-भटवाली में बिनवा नदी पर पुल के निर्माण की घोषणा की। बैजनाथ-पपरोला के संकरे बाजारों में निरंतर लगने वाले जाम से यथाशीघ्र निजात मिले, इसके लिए इस बाईपास का निर्माण बेहद अहम हो गया है। मुख्यमंत्री ने संसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने और माहलपट गांव में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। लोकतंत्रात्मक प्रणाली में नागरिकों के कल्याण एवं सेवार्थ हेतु आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को अमलीजामा पहनाना चुनी हुई सरकारों का दायित्व रहता है, लेकिन इस प्रकार की घोषणाओं को धरातल पर साकार करने के लिए बजट की भी जरूरत रहती है। चूंकि वर्ष 2025-26 में, यानी अगले वित्त वर्ष में केंद्रीय राजस्व घाटा अनुदान घटकर 3257 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, इसलिए राज्य की वित्तीय समस्याएं बढ़ने वाली हैं और मुख्यमंत्री मानते भी हैं कि आगामी वित्तीय वर्ष चुनौतीपूर्ण रहेगा। आज यदि हिमाचल का प्रत्येक नागरिक खुशहाल और सुखमय जीवनयापन कर रहा है तो इसके पीछे उनकी अपनी मेहनत तो है ही, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में भी घर के निकट हमारे बच्चों को स्कूलों एवं महाविद्यालयों में पढ़ने की सुविधाएं मिल रहीं हैं तो इसका श्रेय भी हिमाचल के नेतृत्व को जाता है, लेकिन इसी दरमियान निजी शिक्षण संस्थानों का भी विस्तार हुआ है, लिहाजा सरकारी शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों के पलायन ने वर्तमान सुक्खू सरकार को सरकारी क्षेत्र के स्कूलों के युक्तिकरण के बारे में कड़े फैसले लेने के लिए भी बाध्य किया है और यह जरूरी भी है क्योंकि हिमाचल की आर्थिक स्थिति और कर्ज को लेकर स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह पूर्ण राज्यत्व दिवस के भाषण में विद्यमान आर्थिक संकट को लेकर चिंतित नजर आते हैं। इस बार के केंद्रीय बजट में हिमाचल को कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला है। इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि सरकार अपनी नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं का पुनर्निरीक्षण करे और देखे कि कहां, क्या कमियां रह गई हैं, उनमें बदलाव लाए। 1980 में राज्य का सकल घरेलु उत्पाद 794 करोड़ से बढ़कर (जीएसडीपी) 2024-25 में 227136 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, लेकिन बढ़ता कर्ज प्रदेश सरकार के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। इसलिए जरूरी है कि राज्य की आय के संसाधन बढ़ें, जिससे विकास कार्यों को गति मिले, प्रदेश के बच्चों को नौकरियां मिलें, पर्यटन, ऊर्जा, बागवानी और सड़क विकास को गति मिले। आय बढ़ाने के लिए राज्य में आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरीय मेलों से होने वाली आय का इस्तेमाल फिजूलखर्ची करके उड़ाने के बजाय विकासात्मक कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए। हाल ही में मंडी शिवरात्रि मेले के लिए सिर्फ पड्डल मैदान की रेहड़ी फड़ी मार्किट 1.03 करोड़ में बिकी है, जबकि अन्य स्रोतों से लाखों की आय अलग से होगी। स्पष्ट है कि पूरे प्रदेश के मेलों के संदर्भ में यह इन्कम करोड़ों के आंकड़े को छुएगी। हाल ही में सरकार ने नए आईएएस/आईपीएस और आईएफएस कैडर के अधिकारियों को हिमाचल कैडर में न लेने के अपने फैसले से केंद्रीय कार्मिक विभाग को आधिकारिक रूप से सूचित किया है। सरकारी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का मर्जर एवं युक्तिकरण एक अनिवार्य फैसला है। ऐसे ही फैसले अन्य विभागों के लिए भी होने चाहिए। अनावश्यक अनुत्पादक और गैर लाभकारी योजनाओं को इसी बजट में अलविदा कह देना चाहिए। मुख्यमंत्री स्वीकार भी करते हैं कि हिमाचल के लोग अमीर हैं, लेकिन सरकार गरीब है। यह सच भी है, आज हिमाचल के हर गांव-कस्बे में निजी निर्माण कार्यों की भरमार है, संपन्न हिमाचलियों ने पांच लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीयों को रोजगार दे रखा है। यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि एपीएल कार्ड धारकों को सस्ते राशन पर आखिर सरकार किसलिए प्रत्येक वर्ष लगभग 250 करोड़ रुपए की सब्सिडी देती है।

कुछ अलग

## छिलकों की छाबड़ी : अच्छे दिन कहां?

कहीं किसी रोज एक बच्चा बोरवैल में गिर गया, मीडिया कर्मी उसे निकालने का प्रयास किए बिना पूछ रहे हैं कि 'बच्चे, आप इस बोरवैल में गिर कर कैसा मसहूस कर रहे हैं, कि जैसे पूछ रहे हों, आपने हमारा चॉकलेट खाकर कैसा महसूस किया, मीठा है कि कड़वा-कड़वा थू?' बच्चे ने जवाब नहीं दिया तो सही जवाब जानने के लिए वे अगले बोरवैल में किसी बड़ी उम्र के आदमी के गिरने का इंतजार करने लगे। फिलहाल एक दोटूक फैसले में राज्य के मसीहा ने पूरे राज्य में खुले पड़े बोरवैलों को बंद करने का आदेश दे दिया है। बस अब ईंट, सीमेंट, रेत सामग्री का इंतजार हो रहा है। ठेकेदार अपनी काम करने वालों की कुमक के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। बस उनकी मांग है तो इतनी-सी कि उसके पिछले काम का रुका हुआ भुगतान दिलवा दिया जाए। बंधु, हम तो बकाया देने के लिए तत्पर हैं, लेकिन पिछली सरकार 'अंधा बांटे रेवडियां मुड़-मुड़ अपनों को दे' के अंदाज में खजाना खाली कर गई। हमने जनता को उनके सर्वग्रासी पंजे से छुटकारे के वायदों के बाद उनकी गद्दी के साथ यह खाली खजाना संभालने की विरासत पाई थी। हम अभी गद्दी सुरक्षित करने में लगे हैं, पहले अपने लिए, फिर अपने नाती-पोतों के लिए। खाली खजाने की विरासत हमने केन्द्र में बैठी आला सरकार को सौंपने की कोशिश की थी, उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। हुजूर बंदर की बला कौनसा तबेला अपने सिर लेने के लिए तैयार होगा? और वह भी ऐसा तबेला जो हमारे सौतेले बाप का हो, हमारी पार्टी अलग, उनकी पार्टी अलग। फिर विचारधारा भी तो अलग-अलग है। चुनाव परिणाम निर्णायक थे, इसलिए मरम्मत करके कोई नया निम्नतम सांझा कार्यक्रम भी नहीं बनाया जा सका कि वह रेते लीजिये कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा। अभी तो नया कुनबा बनाने की जरूरत नहीं पड़ी, इसलिए ईंट की दीवार में रोड़े कैसे चिन देते? तब बहुत से राजनीतिक अदावल के आरोप इन केन्द्र बंधुओं पर लगा कर, राज्य के मसीहा अपना दुःखड़ा लेकर जनता के बीच जाने की बात कहने लगे, लेकिन बातों से खाली खजाने का पेट नहीं भरता। फिर जरूरी भुगतान कैसे कर दिए जाएं? सब बोरवैल बंद करने के आदेश असमर्थता की दीवारों से टकरा कर लौट आए। बच्चा बोरवैल में गिरा है, कैसा महसूस कर रहा है, अभी जवाब नहीं दे पाया। नौजवानों के लिए भी बोरवैल बंद नहीं हुए, दिशाहीनता के अंधकूप खुल गए। इन अंधकूपों से कोई आवाज नहीं उभरती कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं? कभी-कभी उनमें से कोई झुंड बाहर झांकता है, और वैध-अवैध कबूतरबाजों के टूटे हुए डैनों पर सवार होकर सात समुद्र पार जाने की कोशिश करता है। रास्ता समुद्री है तो माल्टा नौका दुर्घटनाओं जैसी त्रासदियां उसकी गलबहियां लेने को तैयार मिलती हैं। रास्ता मैदानी है तो तेल शेखों की गुलामी और दोयम दर्जे की नागरिकता उनका पीछा करती है। हवाई उड़ानें किसी सम्पन्न देश के अड्डे पर उतर गई, तो बेलौस, ठण्डे और अंधेरे कारागार उनकी प्रतीक्षा करते हैं। उससे बच निकले तो यहां का डाक्टर वहां कम्पाऊंडर भी बन जाए, तो समझो उसका जीवन सफल हो गया। कुछ पता नहीं चलता कि इस देश के निरीह लोगों का यहां बोरवैल में गिर कर या अंधकूप में कैद हो जाना बेहतर है या विदेशियों की बेगानी धरती पर किसी नए अंधकूप में कैद होकर सुखी हो जाने का बहाना करना। हमने गणतंत्रता की पौन सदी भी पूरी कर ली, लेकिन इस प्रश्न का जवाब आज तक नहीं मिला।

देश दुनीया से

## पर का बुरा न राखहु चीत...

आयरिश नाटककार बर्नार्ड शॉ ने एक बार कहा था कि सबसे अशिक्षित व्यक्ति वह है जिसके पास भूलने के लिए कुछ नहीं है। यह एक चतुर और महत्वपूर्ण अवलोकन है। हर दिन लोगों को नकारात्मक अनुभवों का सामना करना पड़ता है। नकारात्मक अनुभव चाहे कैसा भी हो, अधिक महत्व का या कम महत्व का, लोग आम तौर पर इन नकारात्मक अनुभवों पर बार-बार ध्यान लगाते हैं और उसे मन ही मन दोहराते रहते हैं। नकारात्मक अनुभव हुआ और गुजर गया, लेकिन जब हम उसी पर ध्यान लगाए रखें तो वह गुजर चुका होने के बावजूद भी हमारे लिए वर्तमान बन जाता है और लगातार दुखी करता रहता है। एक बार जब यह आदत बन जाती है तो इसका अगला नकारात्मक प्रभाव यह है कि तब यह अप्रिय अनुभव हमारी सक्रिय स्मृति का हिस्सा बनकर अंततः नकारात्मकता का एक बड़ा जंगल बन जाता है। इसलिए इस प्रकार की दुखद घटनाओं को भूल जाना ही सबसे अच्छा है। नकारात्मक अनुभव के मामले में जो कुछ भी हुआ, वह अक्सर हमारे नियंत्रण से बाहर होता है, लेकिन इसे भूल जाना और इसे अपनी स्मृति का हिस्सा बनने से रोकना हमारे हाथ में है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संदर्भ में चुनाव भूलने और न भूलने के बीच नहीं है, असली विकल्प हर तरह की कड़वी यादों के साथ जीने और खुद को उनसे पूरी तरह मुक्त करने के बीच है। अप्रिय यादों की कड़वाहट में रहने से अच्छा है कि हम उनसे मुक्त हो जाएं। यह हमें व्याकुलता से बचाकर हमारी ऊर्जा को अकारण खर्च होने से बचाता है, समय बर्बाद होने से बचाता है और नकारात्मक विचारों के कारण सेहत की गड़बड़ी से भी बचाता है। आइए, अब हम नकारात्मक विचारों के दूसरे पहलू को भी देख लें। नकारात्मक अनुभव होने का मतलब है कि सामने वाला व्यक्ति हमें पसंद नहीं करता, हमसे घृणा करता है, हमें छोटा बनाने की कोशिश कर रहा है। जब कोई व्यक्ति हमारा अपमान करके खुद को बड़ा साबित करने की कोशिश करता है तो ज्यादातर मामलों में वह व्यक्ति हमारी काबीलियत और हमारी प्रगति के कारण हमसे जलन रखने वाला व्यक्ति होता है, जो हमसे इसलिए ईर्ष्या करता है क्योंकि वह धन में, स्टेटस में, सम्मान में से किसी न किसी रूप में हमसे पीछे है। चूंकि वह हमारी बराबरी नहीं कर पा रहा है, इसलिए वह हमसे जलता है, और उसकी वह जलन इस रूप में प्रकट होती है कि वह हमें ठेस पहुंचाकर, हमें नीचा दिखाकर या हमारा अपमान करके अपने अहम् को संतुष्ट करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे व्यक्ति पर तो हमें क्रोध करने के बजाय, उस पर दया करनी चाहिए। वह सचमुच दया का पात्र है। यही नहीं, वह व्यक्ति हमसे ईर्ष्या ही इसलिए करता है क्योंकि अपने सभी प्रयत्नों के बावजूद वह हमारी बराबरी नहीं कर पा रहा, यानी, वह हमारी काबीलियत को जानता है, हमारी काबीलियत को मानता है, और असल में हमारी काबीलियत का प्रशंसक है, पर अपने स्वभाव से मजबूर होकर वह उस प्रशंसा को प्रशंसा के रूप में प्रकट न करके, ईर्ष्या के रूप में प्रकट कर रहा है। ऐसे में हमें अपने उस प्रशंसक पर क्रोध करके खुद को दुखी करते रहना उचित नहीं है। यही नहीं, हमें अपने मन में उसके लिए किसी भी तरह की बदले की भावना भी नहीं रखनी चाहिए। गुरबाणी में ठीक ही कहा गया है- 'पर का बुरा न राखहु चीत, तुम कउ दुख नहीं भाई मीत।' इसका अर्थ है कि- ऐ भाई, ऐ मित्र, अपने चित्त में, अपने मन में कभी किसी के लिए बुरा मत चाहो। कभी मन में यह इच्छा मत पैदा होने दो कि किसी का नुकसान हो। इसका परिणाम यह होगा कि तुम्हें कोई दुख नहीं मिलेगा। यूं भी किसी के बारे में बुरा सोचकर, या अपने अपमान की घटना के बारे में बार-बार सोचकर हम सिर्फ खुद के लिए बीमारी ही मोल लेते हैं। यदि हम मानसिक और शारीरिक व्याधियों से बचे रहना चाहते हों तो इसके लिए सहज संन्यास मिशन का मार्गदर्शन बहुत काम आ सकता है। सहज संन्यास की जीवनशैली इन व्याधियों से बचाव के लिए बहुत प्रभावशाली है। कहते हैं कि यात्रा के समय सामान जितना कम होगा, यात्रा उतनी सुखद होगी। सहज, सरल जीवन का मतलब ही यही है कि हम संग्रह नहीं करते, बीते कल का पछतावा नहीं करते, आने वाले कल की फिक्र नहीं करते, जो कुछ सामने हो, उसे पूरी शिद्दत से निभाते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि इस नियम का पालन करने वाले एकदम सीधा और सरल जीवन जीते हैं।

इसका किसी कर्मकांड से, पूजा के विधि-विधान से, या ग्रंथों के पठन-पाठन से कोई लेना-देना नहीं है। इसके लिए अपनी सोच में एक रचनात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए छोटे-छोटे कदम उठाकर अपना लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पहली बात तो यही है कि हम सोच लें कि सोच बदलनी है। इससे हमें वह मोटिवेशन, वह प्रेरणा मिलेगी जो सोच बदलने में सहायक होगी। सतर्कता बस इतनी चाहिए कि हम अपने लक्ष्य के बारे में पूर्णतः स्पष्ट हों, उसमें कोई किंतु-परंतु न हो, कोई शक-शुबहा न हो। हमें यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि हम जो लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं, वह क्यों चाहते हैं, हमारा अंतिम उद्देश्य क्या है। जब हम इस बारे में स्पष्ट हों कि हमें अपनी सोच बदलनी है, लक्ष्य और उसका अंतिम उद्देश्य, लक्ष्य प्राप्ति का कारण भी स्पष्ट हो तो फिर यह देखना चाहिए कि पहला कदम क्या उठाएं। छोटे-छोटे कदमों से आगे बढ़ते चलें। इससे लक्ष्य तक पहुंचने की यात्रा आसान हो जाएगी, बोझिल नहीं बनेगी। जब ऐसा कर लें तो फिर यह सोचें कि हमें अपने जीवन में क्या-क्या वरदान मिले हैं, क्या सुख हैं, कौन-कौन सी खुशियां हैं। इससे हममें कृतज्ञता का भाव आएगा। ध्यान यह रखना है कि अपने सुख और खुशियों का आकलन करते समय हममें कृतज्ञता का भाव आए, अहंकार का नहीं। बस अब सब सरल है। अब प्रेममय होना कठिन नहीं रह जाता। यह एक सीधे और सादे जीवन का आसान सा पाठ है, जरूरत सिर्फ इसे समझने की है, और समझकर जीवन में उतारने की है। इतना कर लिया तो फिर कुछ और बाकी नहीं रह जाता। याद बस यह रखना चाहिए कि नजरिया बदलने से सब बदल जाता है। यह समझ लिया तो फिर मंगल ही मंगल है।

आप का नजरीया

## पीएम का दोहराव भाषण

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सियासी जवाब दिया और विपक्ष को निशाने पर रखा। यह संसदीय परंपरा है कि केंद्र में राष्ट्रपति मौजूदा सरकार की नीतियों और उसके कार्यक्रमों पर अभिभाषण देते हैं और राज्यों में यह भूमिका राज्यपाल निभाते हैं। अभिभाषण सरकार के अधिकारी ही लिखते हैं, लिहाजा सांसदों या विधायकों का संबोधन पूरी तरह राजनीतिक होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 95 मिनट के भाषण में गांधी परिवार, केजरीवाल और अखिलेश यादव सरीखे विपक्ष पर कई पलटवार किए, तंज भी कसे और पुराने, अप्रासंगिक मुद्दों को भी उठाया। प्रधानमंत्री ने 1961-63 के दौरान अमरीका के राष्ट्रपति रहे जॉन एफ. कैनेडी और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आपसी संबंधों का जिक्र किया और कैनेडी पर लिखी एक किताब पढ़ने की सलाह दी। अमरीका के 35वें राष्ट्रपति कैनेडी पर असंख्य किताबें लिखी गई हैं, लेकिन आज कैनेडी-नेहरू के संबंधों की प्रासंगिकता क्या है? यह मोदी-ट्रंप का दौर है। आज 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान हमारी असफलताओं को क्यों दोहराया जाए? बेशक चीन का भारत की 38,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा है। वह चीन युद्ध की देन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस आयाम पर बयान दिया है। फिर इस किताब की प्रासंगिकता कितनी है, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की विदेश नीति की आलोचना की गई थी। यह भी उल्लेख था कि नेहरू चीन के युद्ध को समझ ही नहीं पाए। भारत की सेनाओं की तैयारियां ही नहीं थीं। चीन को लेकर कैनेडी ने नेहरू को सावधान किया था, लेकिन नेहरू ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। ये तमाम करीब 63 साल पुराने संदर्भ हैं। बीते 11 साल से मोदी सरकार काम कर रही है। आज भारत-चीन के बीच अरबों डॉलर का कारोबार होता है, तो सैन्य रूप से दोनों देश प्रतिद्वंद्वी भी हैं। लद्दाख में भारत के हजारों सैनिक चीनी सैनिकों के सामने तन कर तैनात रहे, अंततः सेनाओं को पीछे हटने पर समझौता करना पड़ा। यह आज का महत्वपूर्ण यथार्थ है। यदि प्रधानमंत्री मोदी उचित समझते, तो उन सवालों के जवाब दे सकते थे, जो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष के कुछ सांसदों ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में उठाए थे। उन्हें अनर्गल करार देकर खारिज कर सकते थे। प्रधानमंत्री के मुख से ये आंकड़े देश कई बार सुन चुका है कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया है, उज्ज्वला योजना लागू की है, 40 लाख करोड़ रुपए सीधे ही जनता-जनार्दन के खातों में जमा कराए हैं, 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों के नाम मिटा कर 3 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं, बुनियादी ढांचे का बजट 11 लाख करोड़ रुपए तय किया है, भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 3.5 लाख करोड़ रुपए किसानों के खातों में डाले हैं और 10 साल में कृषि का बजट 10 गुना बढ़ाया है। यह सूची बेहद लंबी है। बेशक हम 'विकसित भारत' का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अब वाकई 'जहर की राजनीति' नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री भी दोहराव करते न दिखें।

## भुनेश्वर साव की हत्या उग्रवादियों ने नहीं बल्कि आपसी दुश्मनी और बदले की भावना से की गयी है : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ब्लाइंड हत्याकांड में पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर गठित पुलिस की एसआईटी टीम ने चार में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या किसी उग्रवादी संगठन द्वारा नहीं बल्कि आपसी रंजिश और बदले की भावना के चलते की गई है।उक्त बातें चतरा जिले के पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताई। पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय ने बताया कि दिनांक 02फरवरी2025 को वादी चंदन कुमार, पेसर स्व. भुनेश्वर साव साकिन लेम्बुआ, थाना-टंडवा, जिला चतरा के लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्त 1. ब्रजेश गंझू 2. आक्रमण गंझू, 3. भीखन गंझू 4. राजेश तुरी एवं ग्यारह अन्य के विरुद्ध टंडवा थाना कांड संख्या-09/2025 धारा-103(1)/140(1)/61(2)/238/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 170)(ष्यिङ्घ) सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें वादी ने आरोप लगाया है कि उसके पिता की हत्या उक्त उग्रवादियों व अन्य लोगों द्वारा की गई है।उन्होंने बताया कि उक्त घटना के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। 7 फरवरी को गुप्त सूचना मिली कि उक्त घटना में शामिल अपराधी रांची में छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस कप्तान के आदेशानुसार पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम 1. रोहित कुमार साहू, पिता-रघु साव, निवासी लेम्बुआ, थाना-टंडवा 2. राजू पासवान, पिता-बोधन पासवान, निवासी सिन्दुवारी बधार 3. दीपक कुमार उर्फ ??छोटू, पिता-पोखन साव, निवासी सलैया (बधार) दोनों थाना सदर के हैं। इस प्रकार तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस कप्तान की दूरदर्शिता के कारण उग्रवादी संगठन के नाम पर हत्या और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की परंपरा पर से पर्दा उठ गया है।टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों में प्रभात रंजन बरवार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टंडवा, प्रदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, उमेश राम, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, टंडवा, अनिल उरांव, पुलिस निरीक्षक, सिमरिया अंचल, पुलिस अवर निरीक्षक प्रशात कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी, पिपरवार, पुलिस अवर निरीक्षक मानव मंयक, थाना प्रभारी, पिपरवार, पुलिस अवर निरीक्षक दिलेश्वर कुमार, टंडवा, सिपाही/766 प्रकाश कुमार यादव तकनीकी शाखा एवं कांस्टेबल/1185 बीरेन्द्र कुमार यादव, तकनीकी शाखा शामिल हैं।

## जेएमएम पार्टी के प्रखंड स्तरीय बैठक में पार्टी के मजबूती पर दिया गया बल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत बटेश्वर शिव मंदिर में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतन सोनी व संचालन बैद्यनाथ कुमार दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा उपस्थित थे। बैठक में पंचायत कमेटी तथा प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन दस दिनों के अंदर करलेने की बात कही। ताकि फरवरी माह के अंत तक पार्टी का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा सके। प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर जेएमएम नेता मनोज वर्मा, यदुनंदन पांडेय, राजेश कुशवाहा, देवदीप पासवान, कामदेव दांगी ज्ञानी दांगी, पुरुषोत्तम गुप्ता, रोहन यादव, विकास रजक, अजय दास, शंभू राणा, मुखलाल भोक्ता, प्रकाश यादव, संदीप दांगी, कविन्दर दांगी, दिगम्बर रविदास, मनोज दांगी, रमेश दांगी, फिरोज आलम, रविन्द्र दांगी, कैशर अली, भोला दांगी सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत पर मनाया जश्न



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी कुंदा मंडल के नेता व कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर शनिवार को यहां अपनी खुशियों का इजहार किया।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए।मंडल अध्यक्ष, महामंत्री मनोज कुमार यादव ने पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दिया।प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार यादव ने इस ऐतिहासिक जीत को लोकतंत्र की जीत बताया है। इस मौके जितेन्द्र कुमार शौण्डिक, सतेंद्र सिंह, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, लवकुश कुमार गुप्ता, रविशंकर वर्मा, सुधीर कुमार, प्रिंस गुप्ता, अजय भारती, अनुज गुप्ता, मनोज यादव उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच मिठाईयां बांटा।

## एसडीओ ने किया आदिम जनजाति पीवीटीजी कार्यों की समीक्षा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल स्तरीय आदिम जनजाति कार्य (पीवीटीजी) समीक्षा बैठक एसडीओ सनी राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी प्रखंडों में आदिम जनजाति परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने को लेकर लगाये गये शिविरों के कार्य रिपोर्ट की समीक्षा की गई। शिविरों में आदिम जनजाति परिवारों की वास्तविक स्थिति को दर्ज किया गया था साथ ही उन्हें योजनाओं से अच्छादित करने के लिए विभिन्न कार्य किए गए थे। एसडीएम ने सभी विभागों के पदाधिकारी से कार्य प्रगति रिपोर्ट का जायजा लिया। वहीं जिस प्रखंड और पंचायत में कार्य बेहतर नहीं थी उन्हें फटकार लगाया। मौके पर एसडीएम ने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्हें सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ देना है और पूरा प्रयास कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी और अधिकारी बक्से नहीं जाएंगे। बैठक में और बेहतर कार्य करने पर चर्चा किया गया। मौके पर सिमरिया अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम जेएसएलपीएस अधिकारी, सभी प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी कनिय अभियंता विद्युत विभाग, सभी कनिय अभियंता पेयजल आपूर्ति विभाग, सभी सहकारिता पदाधिकारी एवं सभी पंचायत सचिव मौजूद थे।

## कृषिकों को दिया जा रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा संचालित कृषि सुरक्षा कार्यक्रम योजना 24-25 के तहत पंचायत स्तरीय किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो नावाडीह पंचायत भवन में 8 फरवरी को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू उपस्थित थे। प्रशिक्षण में किसानों को फसल से संबंधित कई जानकारियां दी गई साथ ही फसल लगाने से फसल कटाई तक कौन-कौन से चीजों पर सावधानियां बरतनी चाहिए एवं फसल में लग रहे कीट पतंग को किस प्रकार से उपचार करना चाहिए और किसी कीट पतंग के लिए किस तरह के कीटनाशक दवाई प्रयोग करना चाहिए इन सभी से संबंधित ट्रेनर मोहम्मद असलम और राकेश प्रसाद ने डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रुप से जानकारियां दिए। साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके पर नावाडीह मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी, एटीएम रवि कुमार, समाजसेवी नरेश प्रसाद, कृषक मित्र रविंद्र दांगी, राजकुमार दांगी, पुष्पा देवी, रंजय कुमार के अलावे काफी लोग उपस्थित थे।

## डायरेक्टर अशोक सम्राट ने चना बीज का किया निरीक्षण दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत दूवारी पंचायत गांव जोकाही में बीते शुक्रवार को भूमि संरक्षण डायरेक्टर अशोक सम्राट निदेशक समिति झारखंड विकाश कुमार और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण चना बीज और सरसों का निरीक्षण किया।चतरा के द्वारा सुदूरवर्ती गांव एवं अफीम प्रभावित क्षेत्र जोकही गांव में रबी मौसम मे सत प्रतीसत अनुदान पर वितरित चना बीज का क्षेत्र निरीक्षण किया गया। लाभुकों से मिले बीज एवं आइ एन एम और आइ पी एम की जानकारी ली गई। गिद्धौर गांव में मिले सरसों बीज का भी निरीक्षण किया, जॉच में डिप्टी पी डी आत्मा राजेश सिंह, उज्ज्वल कुमार, प्रेम सिन्हा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रभात कुमार, कृषक मित्र सुरेश रविदास एवं किसान उपस्थित थे।

**आवास प्लस सर्वे में हो रही है अवैध वसूली**

प्रखंड के बारियातू पंचायत में चल रहे आवास प्लस सर्वे कार्य को लेकर घोर अनियमितता बरती जा रही है।सर्वे कार्य के नाम पर अवैध रूप से राशि की वसूली की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आवास प्लस सर्वे कार्य में वैसे लोगो को नाम जोड़ना है।जिन्हें अब तक आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। परंतु यहां पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया द्वारा वैसे लोगो का नाम आवास प्लस में जोड़ा जा रहा है। जिन्हें आवास का लाभ मिल चुका है। या जिनका पूर्व से पक्का का मकान है। सूत्रों के मुताबिक आवास प्लस में नाम चढ़ाने के नाम पर पांच सौ रुपए प्रति व्यक्ति से लिया जा रहा है।

## झामुमो का संगठन मजबूत करना हमारी प्राथमिकता : अफजल अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शनिवार को प्रखंड के बेतला पंचायत में झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी के अगुवाई में झामुमो का सदस्यता अभियान चला जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान लगभग सत्तर लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर अंसारी ने कहा कि पार्टी के नियम के अनुसार हर साल पूरे राज्य में कमेटी को भंग करते नये कमेटी का पुनर्गठन किया जाता रहा है, बहुत जल्द ही कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूती दिलाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है।यह सदस्यता अभियान जारी रहेगा।मौके पर प्रखंड संयोजक मंडली अरुण सिंह राजेन्द्र परहिया, बालमुनी देवी शनिचरिया देवी बिनोद परहिया, बबलू भुइयां, अमित भुइयां, संतोष भुइयां, करमी देवी समेत अन्य लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

## राजद की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

### जिले में तीव्र गति से चल रहा है सदस्यता अभियान: योगेन्द्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के करकट स्थित राजद जिला कार्यालय में शनिवार को राजद की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने की। इस अवसर पर राजद पार्टी के प्रदेश सचिव और सदस्यता प्रभारी योगेन्द्र यादव, प्रदेश महासचिव दिनेश दांगी, प्रदेश सचिव भोली प्रसाद साहू का जिलाध्यक्ष श्री यादव और अन्य सदस्यों ने फुल का पहनाकर शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव और सदस्यता प्रभारी योगेन्द्र यादव ने बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान जिले में तीव्र गति से चल रहा है और इसे 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। प्रखंड प्रभारी का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि समीक्षा में यह पाया गया कि जिले के सदस्य और प्रभारी सदस्यता अभियान में अहम भूमिका निभा रहे हैं। योगेन्द्र यादव ने कहा कि जून में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्धारित किया गया है। वहीं, जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान जोरों पर है और सभी पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर यह अभियान सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान में शामिल किया जाए। समीक्षा बैठक के अंत में प्रदेश महासचिव और प्रदेश सचिव ने सदस्यता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस बैठक में प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष चंदवा अजीत श्रीवास्तव, युवा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, अंकित कुमार, विनय कुमार समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जलमीनार के रखरखाव में लापरवाही की हदें पार



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही खुल कर सामने आई है। जहां पंचायत के तेतर टोला में लगभग पांच वर्ष पूर्व जलमीनार अधिष्ठापन किया गया था निम्न स्तर के स्ट्रक्चर जंग लगने से नष्ट हो गये थे जिसे लेकर वर्तमान मुखिया के द्वारा उक्त स्ट्रक्चर को हटाकर नये स्ट्रक्चर का अधिष्ठापन किया गया है जिससे पिछ्ले कई दिनों से हजारों लीटर पानी का बहाव होता जा रहा है जिसपर किसी की नजर नहीं या नजर अंदाज किया जा रहा है। वैसे तो लाखों की लागत से जलमीनार अधिष्ठापन होता है जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी लाभुक समिति की होती है पर लाभुक समिति कागज के पन्नों पर ही दिखते हैं। वहीं दिलचस्प बात यह है कि जलमीनार का दुरुपयोग इस तरह हुआ कि ठीक उसके बाजू में हर घर नल-जल योजना के तहत एक और जलमीनार का अधिष्ठापन कुछ माह पूर्व हुआ है। मामले पर भी दिलचस्प बात है कि मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव ने बताया कि उक्त जलमीनार पूर्व मुखिया के द्वारा अधिष्ठापित किया गया है और यह जो पानी बर्बाद हो रहा है वह जल नल वाले जलमीनार से हो रहा है।

## सर्पदंश से महिला हुई अचेत



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता:** प्रखंड क्षेत्र के चेताग ग्राम में शनिवार को सर्पदंश से एक महिला अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी 38 वर्ष पति हबड़ा लोहार ग्राम चेताग थाना बालूमाथ निवासी अपने खेत में कुछ काम कर रही थी। इस दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया।घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को स्तिथि को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज होती रांची रिम्स रेफर किया गया।

## न्यायोचित मांगों के समर्थन में कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन झारोटेफ के तत्वावधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हित में ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश समिति के आह्वान पर जिला समिति लातेहार के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों की न्यायोचित और महत्वपूर्ण मांगों से सरकार को अवगत कराना है, ताकि सामूहिक ज्ञापन के माध्यम से इन्हें प्रस्तुत किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए झारोटेफ ने प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के चरणबद्ध कार्यक्रमों का शेड्यूल भी जारी किया है। संगठन ने वर्तमान सरकार के सामने अपने चार्टर ऑफ डिमांड की प्रमुख मांगों को रखा है-शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की तरह एमएसीपी का लाभ दिया जाए। राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष की जाए। केंद्रीय कर्मचारियों की तरह राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ दिया जाए। इस संदर्भ में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले कार्यकाल में राज्य कर्मियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिससे यह स्पष्ट है कि वर्तमान सत्तारूढ़ दल राज्य कर्मियों के कल्याण को लेकर सकारात्मक है। शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी सहित अन्य मुद्दों को सत्तारूढ़ दल ने अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता से उठाया था।अब समय आ गया है कि मुख्यमंत्री जी अपने घोषणा पत्र को लागू करें। जिला महासचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संगठन द्वारा पांच चरणों में आंदोलन के कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है,जो 28 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके बाद हस्ताक्षरित ज्ञापन अलग-अलग माध्यमों से मुख्यमंत्री जी को सौंपा जाएगा। महिला विंग की तृप्ति भारती ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के पिछले कार्यकाल को देखते हुए राज्य कर्मियों को पूरा विश्वास है कि वह कर्मचारियों की न्यायोचित और महत्वपूर्ण मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करेंगे। यह जानकारी झारोटेफ के जिला मुख्य मीडिया प्रभारी संदीप पासवान ने दी। इस मौके पर नरेंद्र कुमार पांडे, संतोष पासवान, मनीष कुमार, आनंद प्रकाश, दशरथ सिंह, सौम्या शर्मा, दिव्या कुमारी, प्रशांत कुमार, अर्चना कुमारी, अनीश कुमार सिंह सहित कई अन्य कर्मचारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31वां वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

### 10 फरवरी को होगा भंडारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आठ फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।मंदिर परिसर से प्रात: नौ बजे कलश यात्रा निकाली गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संतोष कुमार (पिंटू) सपत्नीक मौजूद थे।इस मौके पर पंडित त्रिभुवन पांडेय व रामेश्वर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर थाना चौक पहुंची। इसके बाद शहर के मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा पुन:मुख्य पथ होते हुए मानस पथ पहुंची। इसके बाद बाइपास चौक होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी छठ घाट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों मे में जल भरा गया। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जय माता दी का जयघोष किया। इसके बाद कलश यात्रा पुन: मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में मां दुर्गा की प्रतीकात्मक प्रतिमा बनायी गयी थी। मौके पर संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सीतामनी तिर्की व पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कलश यात्रा के बाद नौ फरवरी को कलशों की स्थापना कर पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में दुर्गासप्तशती का पाठ किया जायेगा। पाठ के बाद हवन व पुर्णाहुति की जायेगी।इस मौके पर लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है।10 फरवरी की अपराह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन की जायेगी। इसके बाद भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर समिति के द्वारा 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है।भंडारा अपराह्न 4:30 बजे तक चलेगा। इसके बाद समिति के द्वारा संध्या सात बजे महा आरती की जायेगी. रात्रि आठ बजे से नव दुर्गा जागरण मंडली, झारखंड के द्वारा मंदिर परिसर में भगवती जागरण किया जायेगा। तारा रानी की कथा के साथ जागरण का समापन होगा. 11 फरवरी को माता की प्रतीकात्मक प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। कलश यात्रा के दौरान शहर के अमवाटीकर मोड़ पर आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के द्वारा कलशधारियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी थी।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 प्रवीन कुमार गगराई की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय और अन्य आवासीय उच्च विद्यालयों में कक्षा 06, 07 और 08 में प्रवेश हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रवेश परीक्षा के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्य दिशा-निर्देश: आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 10 फरवरी से 28 फरवरी तक। उम्र सीमा:कक्षा 06: अधिकतम 12 वर्ष कक्षा 07: अधिकतम 13 वर्ष कक्षा 08: अधिकतम 14 वर्ष आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात: जन्म प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति। प्रवेश परीक्षा तिथि - 09 मार्च 2025। परिणाम का प्रकाशन - 23 मार्च से 25 मार्च तक। काउंसलिंग तिथि 01 अप्रैल से 10 अप्रैल तक। नामांकन तिथि - 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक। आवेदन केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति की बालिकाओं के लिए स्वीकार किए जाएंगे।

# आज आप-दा की विपदा से दिल्ली मुक्त हुई : भुवनेश्वर पटेल

## दिल्ली की जीत पर भाजपाइयो ने एकदूसरे को खिलाई मिठाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सात मील मोड़ स्थित कृष्णा मेडिकल के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया साथ हीं एकदूसरे को दिल्ली जीत की मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड की जनता को भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए कहा की आज आप-दा की विपदा से दिल्ली मुक्त हुई। यह जीत



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है। मंडल मंत्री गौतम भारती ने कहा कि केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में 11 सालों तक भ्रष्टाचार, घोटालो का कीचड़ पैदा किया,उसी कीचड़ में आज कमल खिला है।दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल मंत्री राजेश सोनी, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, भाजयुमों मंत्री कन्हाई यादव, झल्लू पंडित, दिनेश यादव, भीम साव, रंजना यादव, अशोक यादव, पप्पू बरनवाल, टुनटुन प्रसाद, गोलू कुमार समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## बीडीओ ने प्रखण्डकर्मियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मनरेगा में बेहतर कार्य करने वाले मुखिया,पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक पुरस्कृत किए गए।जिसमें में मानव दिवस सृजन में अव्वल सारूकुदर मुखिया उत्तम कुमार महतो,पंचायत सेवक रणजीत कुमार, रोजगार सेवक रणजीत कुमार नवादा मुखिया कनिजा खातून, पंचायत सेवक प्रियंका कुमारी, रोजगार सेवक मो. अली,भेलवारा मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत सेवक बसंत कुमार एवं रोजगार सेवक संझलू हांसदा बेडाहडियारा मुखिया रामचंद्र यादव, पंचायत सेवक सुरेंद्र प्रसाद तथा रोजगार सेवक मदन यादव पुरस्कृत किए गए।इसी तरह आधार वेस्ट पेमेंट करने में गाल्होबार के रोजगार सेवक तुलसी विश्वकर्मा, खरकी एवं नरकी




के रोजगार सेवक सुधीर कुशवाहा, पुरस्कृत किए गए।लेबर बजट में सारूकुदर के रोजगार सेवक रणजीत कुमार मडमो के रोजगार सेवक मो.यूसुफ बकसपुरा के रोजगार सेवक मो अली एवं नागी के रोजगार सेवक चंदन कुमार डोभा निर्माण पुर्ण करने में चानो के रोजगार सेवक शकुर अंसारी, विष्णुगढ़ के रोजगार सेवक गोपाल दास, कम्प्यूटर आपरेटर मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं बेहतर रिपोर्टिंग में राजीव कुमार इंद्रगुरू पुरस्कृत किए गए।बैठक में मनरेगा,15 वां वित्त आयोग मद, आवास एवं पेंशन योजना की समीक्षा की गई। मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ राजमोहन वर्मा, ममता सिंह के अलावा संबंद्ध अधिकारी , कर्मी, पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियो उपस्थित थे।

## भाजपा का चुनाव कार्यशाला को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** प्रखंड अंतर्गत पावर हाउस के समीप लीलो सिंह भोक्ता के आवास परिसर में शनिवार को भाजपा का संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने की। भाजपा पदाधिकारी द्वारा मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि सक्रिय सदस्य ही मंडल के अधिकारी या पंचायत अध्यक्ष बन सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव खुद की। मौके पर जिला मंत्री रीतलाल यादव,मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,पूर्व जिला



परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मुखिया आदित्य दांगी, महामंत्री अरविंद यादव, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुमन राय, महिला मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुनीता यादव,पूर्व महिला मोर्चा के अध्यक्ष बिजुल देवी,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद,पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, महावीर सिंह, विजय दांगी, प्रकाश यादव, कृपाल सिंह, लेखराज यादव, अनुराग मित्तल उर्फ सीकू, रामकिशोर तूरी, समुंदर प्रसाद, दुर्जोय प्रसाद, शंकर यादव, जय नारायण यादव,सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से आज मनाया जाएगा वार्षिक महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत जिनगा में स्थित ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में रविवार को पांचवां वार्षिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी विद्यालय के निदेशक शशि भूषण प्रसाद ने दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11ः00 बजे से शुरू होगा, जिसमें चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, दारू प्रखंड की जिला परिषद सदस्य गीता देवी और जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ




खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। इसलिए इस महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक नृत्य, आधुनिक जागरूकता नाटक, विज्ञान प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी, उस समय यहां केवल 60 छात्र छात्रा थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 300 हो गई है।विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं और विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के ओर से क्षेत्रीय किसानों को दलहनी, तेलहनी,फसलों ,साग सब्जियों , फलों के कीट एवं रोग से बचाव,तथा जैव



फफूंद नाशी, ट्राईकोडर्मा, ट्यूवेरिया की उपयोगिता,से बीजोपचार समेत अन्य कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के दौरान विस्तृत जानकारी दिया गया। स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी ने कहा कि इस प्रकार के समयानुसार संबंधित विभाग के ओर से कृषि संबंधी जानकारी किसानों को दिए जाने से क्षेत्र में किसान बेहतर तरीके से अपने खेतों में बोए गए बीज की फसल से अधिक मुनाफा कर अपने परिजनों को भरन पोषण कर पाएंगे। मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में पौधा संरक्षण केंद्र पदाधिकारी विष्णुगढ़ सह मास्टर ट्रेनर योगेन्द्र महतो ,समाज सेवी अरविंद केशरी,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा, पसंस विनय कुमार समेत अन्य कई प्रशिक्षु किसान मौजूद थे।

## राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

**कटकमसांडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में सांसद मनीष जयसवाल ने शनिवार को कटकमसांडी के चट्टी में राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद भागवत कथा मंदिर यज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए । 8 फरवरी से कलश यात्रा के



साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ और कथा- प्रवचन, भंडारा, जागरण सहित कई धार्मिक अनुष्ठान के साथ 15 फरवरी को हवन के साथ यज्ञ का समापन होगा। इस अवसर पर सांसद मनीष जयसवाल ने कहा की धर्म की रक्षा करना, प्रत्येक हिन्दू का पहला कर्तव्य है और इस कर्तव्य को बखूबी निभाने के लिए कटकमसांडी के ग्राम वासियों का आभार ब्यक्त किया। उन्होंने कहा की सनातन वैदिक धर्म है और विपरीत परिस्थिति में भी सनातन धर्म की रक्षा के लिए कइयों ने अपनी बलिदानी दे दी । उन्होंने धर्म की मर्यादा को बरकरार रखने में माता बहनों का विशेष योगदान बताया। मौके मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, , पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, आराभूसाई पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी, मुखिया नारायण साव,मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, मुनेश ठाकुर, विनोद सिंह,सरयू सिंह, गंगाधर पांडे,मुकेश सरैयार, ,,दुर्जोय प्रसाद, समिति के अध्यक्ष प्रकाश केशरी , अनुराग मित्तल उर्फ सीकू, लेखराज यादव, रंजीत अग्रवाल,बबलू साव,संदीप केशरी समेत कई लोग उपस्थित थे।.

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर





- बरही चौक पर भाजपाइयों ने की आतिशबाजी, बाटा मिठाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर बरही में भाजपाइयों में खुशी की लहर है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरही चौक पर मिठाई बांटे और पड़ाका फोड़ कर आतिशबाजी की। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली की जनता ने दिखा दिया कि झूठे वादों और खोखले दावों की राजनीति अब नहीं चलेगी। बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने कहा कि भाजपा की यह जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर पूरा भरोसा है और वह उनके नेतृत्व में देश को आगे बढ़ता देखना चाहती है। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में झमन यादव, नवल किशोर सिंह, ज्योति सिंह समेत भारी संख्या के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी जी के नेतृत्व की जीत : मनोज यादव**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर बरही विधायक मनोज यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस जीत को भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस जीत में भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, जिन्होंने घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जनता तक पहुंचाया। बरही विधायक मनोज यादव ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय नेतृत्व, दिल्ली के भाजपा नेताओं और समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि यह जीत सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि देश के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कजरा मे विशेश्वर यादव ने किया पोशाक का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के ग्राम कजरा के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने वर्ग पहला और दूसरा के 17 बच्चों के बीच ड्रेस, जूते मोजे और स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि यह झारखंड सरकार का सराहनीय प्रयास है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को इससे काफी फायदा होगा। साथ ही कहा कि सभी बच्चे जब एक ड्रेस में आने से उनमें समानता का बोध होगा। जिसको लेकर उन्होंने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजने का अपील किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति चंदर भुईयां, प्रधानाध्यापक निर्मल रविदास, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल राम, चांदनी देवी एवं अनीता देवी समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर, आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर बड़कागांव में भाजपाइयों ने खूब आतिशबाजी कर लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। बड़कागांव पूर्वी उरीमारी, बड़कागांव पश्चिम मंडल में जमकर खुशी मनाई गई। बड़कागांव पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य चौक पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश मिश्रा की अगवाई में आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया। खुशी जाहिर करने वालों में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़का गांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूनम साव, मनोज शाहा, अवध किशोर यादव, सरोज सोनी, अवधेश मिश्रा, अरुण मालाकार, रामेश्वर चौरसिया, घनश्याम जायसवाल, दीपक ठाकुर, शिबू कुमार मेहता उर्फ शिव शंकर, अशोक साहू, जागेश्वर तूरी, महेंद्र महतो, अशोक महतो, केदार महतो आदि शामिल हैं

## विशेष मनरेगा दिवस व बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** 7 फरवरी को केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार के आदेशानुसार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार के अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय केरेडरी के सभागार भवन में विशेष मनरेगा दिवस एवं बिरसा हरित ग्राम योजना वर्ष 2025-26 हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी पंचायतों के मुखियापंचायत सचिव ग्राम रोजगार सेवक बीएफटी सीएफपी बागवानी सखी एवं महिला मेट के सदस्यों को बिरसा हरित ग्राम योजना के चयन एवं क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी देते हुए ससमय कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष मनरेगा दिवस के उपलक्ष्य पर वर्ष 2023-24 में मनरेगा में बेहतर कार्य करने वाले सलगा मुखिया पार्वती देवी पंचायत सचिव तालेश्वर गोप सलगा रोजगार सेवक नन्दकिशोर राम सलगा विनोद तिर्की गरी कलां रविंद्र कुमार हेवई उदेश्वर सिंह बुंडू बलिन्द्र



रविदास पाताल युगेश्वर प्रसाद मनातू व बीएफटी अर्जुन महतो राजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन रणजीत कुमार सीएफपी के द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में प्रखड़आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा बिपिन कुमार बीपीएम जेएसएलपीएस सहायक अभियंता विशाल कुमार कनीय अभियंता राहुल रजवार अंकित कुमार पाण्डे सभी पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक बीएफटी महिला समूह की सदस्या महिला मेट आदि उपस्थित थे.

## आदिम जनजाति बिरहोरों की नियमित जाँच को पहुँचे बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार आदिम जनजाति बिरहोर की प्रायः एक मासिक रूटीन कार्यक्रम के तहत सुध लेते है,इसी कड़ी में आज शनिवार को बीडीओ अखिलेश कुमार ने चेडरा पंचायत के चलंगा में बिरहोरों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए चल रही अबुआ आवास,प्रधानमंत्री आवास,पेयजल,कृषि,चिकित्सा समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। साथ हीं उनको पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए दीदी बाड़ी योजना



के बारे में बिरहोरों को बता कर दीदी बाड़ी योजना से आच्छादित किया।इस मौके पर मुख्य रूप से चेडरा मुखिया निर्मल कुमार,कृषि पदाधिकारी अभय सिंह,कनीय अभियंता बीरेंद्र कुमार,समाजसेवी राजू श्रीवास्तव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिल्ली में भाजपा की जीत पर हजारीबाग में जश्न, विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यकर्ताओं संग मनाई खुशी

- भाजपा की यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने विधायक सेवा कार्यालय के समक्ष कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ मिलकर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी की गई, ढोल-नगाड़ें के साथ खुशी मनाई गई एवं कार्यकर्ताओं व आमजन को मिठाइयां बांटी गईं। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि दिल्ली में भाजपा



की यह ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि जनता झूठे वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है और उसने विकास एवं सुशासन के मार्ग को चुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को दिल्ली की जनता ने पूर्ण समर्थन दिया है और यह जीत देश में भाजपा की मजबूत पकड़ एवं जनता के अटूट विश्वास को प्रमाणित करती है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के विकास, जनता की सेवा और पारदर्शी शासन के लिए प्रतिबद्ध है और दिल्ली की जनता ने इस संकल्प पर अपनी मुहर लगा दी है। इस विजय उत्सव में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने दिल्ली में भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत को लेकर जोश और उत्साह के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर दिल्ली की जनता को भाजपा पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीत देश में विकास की राजनीति की जीत

## एनटीपीसी केरेडारी ने परियोजना प्रभावित गांवों में किया 1000 पौधों का रोपण

- किसानों और ग्रामीणों को होगा दीर्घकालिक लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी केरेडारी कोल माइनिंग परियोजना ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। परियोजना प्रभावित गांवों - मनातू, तरेहसा उरदाबेंगवारी बालदेवरी और लोचर में 1000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इनमें आम शरीफा नींबू अमरूद और लीची के पौधे शामिल हैं जो आने वाले वर्षों में किसानों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए आय का एक नया स्रोत बनेंगे।यह पहल न केवल हरित आवरण को



बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि किसानों को उनके कृषि कार्यों में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करेगी। इसके तहत एनटीपीसी केरेडारी ने किसानों को वर्मीकम्पोस्ट का भी वितरण किया और उन्हें बेहतर खेती एवं पौधारोपण तकनीकों पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में मृदा की उर्वरता बढ़ाने, जैविक खेती अपनाने, और पौधों की उचित देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर एनटीपीसी केरेडारी परियोजना के प्रमुख शिव प्रसाद ने बताया कि यह एक दीर्घकालिक परियोजना है, उन्होंने स्थानीय किसानों और युवाओं से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की, जिससे भविष्य में यह और अधिक सफल हो सके। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए एनटीपीसी केरेडारी का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि यह पहल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी और उनके गांवों को हरियाली से भर देगी।

# मांडू अंचल में 403.30 एकड़ संदेहात्मक जमाबंदी किया गया रद्द

**रामगढ़ जिले के मांडू अंचल अंतर्गत गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर कायम पांच संदेहात्मक जमाबंदी रद्द (कुल रकवा 403.30 एकड़), उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ के न्यायालय में हुई सुनवाई।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ** : रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल के मौजा चपरा में गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मांडू अंचल अंतर्गत मौजा चपरा थाना संख्या 94 खाता संख्या 7 में उमापदो सेन मोदक के नाम से 168.30 एकड़, ईशहाक मियां के नाम से 150 एकड़ एवं विश्वनाथ सेन मोदक के नाम से 85 एकड़ कुल 403.30 एकड़ गैर मजरूआ खास किस जंगल भूमि पर कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द कर दिया गया है।संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामले संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई एवं न्यायालय द्वारा संबंधित मामले में बिहार/ झारखंड भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4द्ध के तहत कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द किया गया जिसके उपरांत विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत जमाबंदी रद्द की संपुष्टि हेतु प्रस्ताव आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग को भेजा गया है।

संदेहात्मक जमाबंदी रद्द किये जाने के कारण निम्न है-

1. विपक्षी का प्रश्नगत भूमि पर कब्जा नहीं है। रिर्टनच प्रपत्र दाखिल नही होना एवं इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना।

2. रू प्रपत्र पर लगान निर्धारण किया जाना आवश्यक है परन्तु इस संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाना।

3. पंजी-2 में जमाबन्दी खोलने हेतु किसी सक्षम पदाधिकारी का आदेश नहीं है।

4. रैयत मान्यता अभिलेख पर सक्षम प्राधिकार का हस्ताक्षर नहीं है।

5. वन भूमि पर बन्दोबस्ती सरकार के आदेश के बिना विधि विरुद्ध है।

## झारखंड उत्खनन परियोजना का कार्य बाधित, रैयत मुकेश कुमार के नौकरी और मुआवजा का मामला गरमाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ** : झारखंड उत्खनन परियोजना का कार्य आज रैयत मुकेश कुमार की लंबित नौकरी और मुआवजा के मुद्दे को लेकर बाधित कर दिया गया।परियोजना में काम रोकने के बाद प्रबंधन वार्ता के लिए तैयार हुआ।

**प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता**

प्रबंधन प्रतिनिधियों के समक्ष रैयत और ग्रामीणों की वार्ता आयोजित की गई। प्रबंधन ने बताया कि यह मामला सीओ मांडू के कार्यालय में लंबित है। इस पर ग्रामीण प्रतिनिधि रवि महतो (केंद्रीय संगठन महामंत्री, जेएलकेएम ) ने तत्काल सीओ से बातचीत की।

**प्रबंधन ने दिया लिखित आश्वासन**

वार्ता के बाद प्रबंधन ने लिखित रूप से आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर रैयत मुकेश कुमार की जायज मांगों को पूरा किया जाएगा। यदि तय समय सीमा के भीतर मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो ग्रामीण फिर से परियोजना का कार्य बाधित करने के लिए बाध्य होंगे।

**मुकेश कुमार दो वर्षों से भटक रहे हैं**

गौरतलब है कि मुकेश कुमार, लइयो निवासी हैं और उनकी जमीन कोलियरी परियोजना में जा चुकी है। वह पिछले दो वर्षों से विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें नौकरी और मुआवजा नहीं मिला है।

## अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को इंटरनेशनल साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा ने विद्यालय के सभागार में छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया और बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है और यह हमारे जीवन को सुरक्षित बनाता है। 24 वर्षों में वे अबतक 7 लाख किलोमीटर साइकिल चला चुके हैं जिसमे वे विभिन्न देशों का भी भ्रमण कर चुके हैं। और इसके माध्यम से गांव व शहर में दुर्घटना मुक्त भारत बनाने हेतु ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा अभियान से जोड़ रहे हैं।मौके पर विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना,बच्चूलाल तिवारी,राकेश कुमार सहाय,अमरदीप नाथ शाहदेव, डॉ गायत्री पाठक, शशि कान्त आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाती रहूंगी : सुमन देवी



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाती रहूंगी। ऊक्त बातें गिद्दी ख पंचायत की पंचायत समिति सदस्य एवं डाडी प्रखंड की उप प्रमुख श्रीमती सुमन देवी ने कही।ज्ञात हो की दिनांक 5/2/2025 को डाड़ी प्रखंड में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसपर कार्रवाई करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आज दिनांक 8/ 2 /25 को सारे खराब पड़े चापाकल के मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। गिद्दी ख पंचायत समिति की सदस्य सह उप प्रमुख सुमन देवी द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद दिया गया एवं कहा की क्षेत्र के अन्य समस्याओं के लिए भी वह हमेशा विभिन्न स्तरों पर आवाज उठाते रहेंगी।


## तन, मन और धन से सहयोग करके रामगढ़ जिले में संगठन का विस्तार करूंगा : बिनू कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** बहुजन समाज पार्टी की झारखंड प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यालय चुटिया रांची में शुक्रवार को संपन्न हुई। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती ने बसपा के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी डॉ लाल जी मेधंनकर एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता को जिला स्तरीय समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया था। जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने के बाद के बाद बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी किसी एक जाति की पार्टी नहीं है, जिसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक सम्मिलित हैं इन चार वर्गों के लोगों को बहुजन कहा जाता है, बसपा इन सभी चार वर्गों को सम्मिलित करके एक आधार निर्मित करती है जबकि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी तो उन्होंने नारा दिया था कि सर्वजन हिताय सर्जन सुखाय अर्थात बसपा सर्व समाज को साथ लेकर चलती है सर्व समाज के लोगों को संगठन में स्थान देती है सर्व समाज के लोगों को टिकट देती है और अपना सांसद, मनोनीत जिला अध्यक्ष बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने बहन मायावती के द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचाएंगे और रामगढ़ जिला में मजबूत संगठन का निर्माण करेंगे और एक आधार तैयार करें कि फिर से बसपा को मजबूत करते हुए बहन मायावती के हाथों को मजबूत करेंगे ,मैं तन ,मन और धन से सहयोग करके रामगढ़ जिला में बसपा को खड़ा करूंगा? एक मजबूत और वृहद संगठन का निर्माण करूंगा। रामगढ़ जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बिनू कुमार महतो युवा टाइगर को सैकड़ो लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। बिनू कुमार महतो युवा टाइगर को बधाई देने वालों मुरली राम, आशित शामिल हैं।

## पांच दिवसीय श्याम महोत्सव का प्राण प्रतिष्ठा का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पांच दिवसीय श्याम महोत्सव के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के अवसर पर छावनी परिषद के फुटबॉल ग्राउंड में बाहर से आए हुए कलाकारों ने धूम मचा दी, सबसे पहले श्याम चौरासी का पाठ हुआ, ठीक इसी वक्त माननीय पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार जी का मंदिर में आगमन हुआ ,वह सदल बल पहुंचे भगवान को शीश झुकाया और मंदिर से चलकर फुटबॉल ग्राउंड में आए? उन्हें श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति एवं आयोजक परिवार ने स्मृति चिन्ह देकर दुपट्टा उड़ाकर सम्मानित किया ।हजारों की संख्या में लोग जयकारे लगा रहे थे ।और इसके बाद यह सिलसिला आगे बढ़ा। सौरभ मिश्रान अपने धमाल एवं भजनों आजा आजा श्याम बाबा, कितनी परीक्षा लोगे मेरेश्याम, मेरे डूबने से पहले मेरा श्याम आएगा, खाटू के श्याम जी मेरी रखेंगे लॉज, एवं अनेक भजनों से लोगों को खूब झुमाया। हजारों हजार व्यक्तियों ने बाबा श्याम के भंडारे का प्रसाद लेकर अपने आप को संतुष्टि के शिखर पर पाया ।चरण पादुका के संचालन में बगड़िया परिवार के सदस्य एवं कर्मचारी रात्रि भर जुटे रहे। सभी समितियों के सदस्य दूर-दूर से आसनसोल, धनबाद ,बोकारो चास ,रांची ,झरिया ,भुरकुंडा सांडी ,रांची रोड, जगन्नाथ पुरी, से पधारे थे। भक्ति पूर्ण माहौल में रात्रि का अंतिम पहर आने को था। रात्रि 2ः00 बजे भी भक्त वहां से उठने को तैयार नहीं थे लेकिन हाथ जोड़कर विनती करके प्रभु श्याम की आरती की गई। मंच संचालन कमल बगड़िया ने किया एवं भक्ति के माहौल से पूरी जनता को बांधे रखा। भंडारे में सुनील अग्रवाल एवं अभिषेक सिंघानिया ने सैकड़ो कारीगरों की टीम के द्वारा दिन-रात मेहनत कर विशाल आयोजन को सफल बनाया। भंडारे के काउंटर कई जगह लगे हुए थे। सैकड़ो लोग पानी एवं वितरण की व्यवस्था में लगे हुए थे।मोहम्मद अब्बास, महेंद्र सिंह पूरी तरह पंडाल का ध्यान रखे हुए थे। श्री श्याम सेवा समिति ने पूरे पुलिस परिवार एवं प्रशासन परिवार को विशेष रूप से माननीय उपायुक्त, एसपी , थाना इंचार्ज एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया है।

## राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ जिला कमेटी की ओर से सदस्यता अभियान की शुरुआत आज से



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ जिला कमेटी की ओर से सदस्यता अभियान 2025-28 का शुभारंभ दिनांक 9 फरवरी 2025 दिन रविवार को अपराह्न 1ः00 बजे से है इस सदस्यता अभियान के प्रभारी झारखंड प्रदेश राजद उपाध्यक्ष श्री गिरधारी गोप जी , सदस्यता प्रभारी रामगढ़ श्री श्याम दास जी एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ झारखंड श्रीमती रश्मि प्रकाश जी प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश यादव जी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के उपस्थिति में राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार अंसारी की अध्यक्षता में मिलन होटल न्यू शांति सिनेमा हॉल के निकट रामगढ़ में होगी जिसमें रामगढ़ जिला मैं रहने वाले प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं रामगढ़ जिला के सभी प्रकोष्ठ के सभी इकाई के तमाम पदाधिकारीयो से अनुरोध है कि अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और सदस्यता अभियान को सफल बनाएं।

## शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर एक आवश्यक बैठक रखा गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर एक आवश्यक बैठक रखा गया। बैठक कि अध्यक्षता भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किय एवं संचालन गीता सिन्हा किया सर्वसह की हर वर्ष की भती इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव शिव मंदिर के प्रांत्रण में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया जिसमे 26 फरवरी को सुबह पुजी अर्चना एवं प्रसाद विवरण संध्या तीन बजे से शिव बारात निकाली जाएगी, बारात मंदिर प्रांगण से निकलकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर में लौटेगी तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में शिव विवाह का कार्यक्रम एवं रात्री में महिला मंडली के द्वारा भजन किर्तन किया जाएगा एवं दिनांक 27 फरवरी को गव्य भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से मनोज कुमार, विजय कुमार, उदित प्रसाद सिन्हा, अजय पासवान, शिव शंकर पांडे, राज करमाली, गीता देवी, अभिषेक सोनी, मुख्य रूप से शामिल थे

## दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत का जश्न सुभाष चौक के समीप भाजपाईयों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मनाया।दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड जीत पर रामगढ़ केंद्र मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट के कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़कर और राहगीरों के बीच लड्डू बाटकर खुशी मनाया । सबने इस जीत पर दिल्ली की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके विजन पर विश्वास करते हुए एक बार मोदी सरकार को चरितार्थ किया है। 27 वर्षो के लंबे संघर्ष और दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं के सब्र और मेहनत ने जश्न मनाने का अवसर दिया है।दिल्ली के मतदाताओं को अभिनंदन और आभार जिन्होंने अरविन्द केजरीवाल के अहंकार को चूड़ चूड़ किया। सभी ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित दिल्ली के कार्यकताओं को बधाई दी।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,इला रानी पाठक, रणंजय कुमार, डॉ संजय प्रसाद सिंह सहदेव ठाकुर , राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल ,सरदार अनमोल सिंह, राजीव पामदत्त, प्रो आलोक कुमार,नमेंद्र चंचल, जोगेंद सिंह जग्गी सरदार सुरजीत सिंह, सरदार पप्पु जसल, राबिन गुप्ता,शीतल सिंह, रंजीत राम, महेश चौधरी, कमल नाथ चौधरी ,राजेश ठाकुर,अजीत गुप्ता, संजय सिंह सिसोदिया, दीपक सोनकर , ऋषिकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रबंधन और विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के बीच द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** सी सी एल, प्रबंधन भुरकुंडा कोलियरी के आग्रह पर शनिवार को प्रबंधन और विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के बीच द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई।बैठक परियोजना पदाधिकारी के कक्ष में आहूत किया गया था।बैठक में प्रबंधनकी ओर से परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, कमर फहीम कार्मिक प्रबंधक, अविनाश चंद्रा प्रबंधक, अंकुर कुमार प्रोजेक्ट इंजीनियर, ई एम, बालमुकुंद सिविल इंजीनियर, रोमित नोडल अधिकारी, सी एस आर, जबकि समिति के ओर से गिरधारी गोप, रामदास बेड़ियां, जयदेव सिंह, मनोज मांझी, प्रेम कुमार साहू, बलराम पांडे, संतोष यादव, गणेश बेड़ियां, राजन तूरी,इंद्रदेव मुंडा, ताराचंद्र करमाली, दिनेश बेदिया, नरेश बेदिया, धनेश्वर मुंडा, गोबिंद बड़ाइक, आश्रम बेदिया, टिंकू प्रजापति, संजय यादव, सुरेंद्र तूरी, भूपेंद्र साहू, शमी मुंडा, आदि थे। घंटों के लंबी मैराथन बैठक के बाद प्रबंधन ने बारह सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु साकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दी। प्रबंधन समिति द्वारा आहूत 11 फरवरी 2025 को स्थगित करने का आग्रह किया जिसे समिति स्वीकार कर ली।कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है।प्रबंधन पुनः एक सप्ताह के अंदर द्विपक्षीय बैठक आहूत करेगी जिसमें महाप्रबंधक बरकासयाल क्षेत्र निश्चित रूप से उपस्थित रहेंगे इन सभी बातों की लिखित वचन परियोजना पदाधिकारी की ओर से दी गई है। समिति ने बैठक में स्पष्ट प्रबंधन से कहा है कि अगर इस बार समस्या के समाधान हेतु कारगर और सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है तो आर पार की लड़ाई होगी ,उग्र आंदोलन होगा ।प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दिया जाएगा।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ एवं गिद्दी ए के अधिकारियों से मिलकर विभिन्न समस्याओं का किया गया समाधान




**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर गिद्दी %ए% परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं कार्मिक प्रबंधक शरद भास्कर एवं रेलीगढ़ के परियोजना पदाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह एवं कार्मिक प्रबंधक संतोष कुमार से मिलकर विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया । इसमें उपस्थित क्षेत्रीय सचिव अरगड़ा सत्येंद्र कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा ,गिद्दी %% के शाखा अध्यक्ष बिरजू साव, प्रभात कुमार, अजय सिंह, नंदू मुंडा, नागेंद्र सिंह, विनोद किस्कू, अवधेश कुमार, शामिल थे।

## दुलमी प्रखंड अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज निष्पादन कैम्प का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड अंचल कार्यालय में आयोजित दाखिल खारिज निष्पादन कैम्प में डीसी द्वारा प्रतिनियुक्ति जिला पदाधिकारी के रुप में एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी अनुश्रवण कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि उपायुक्त रामगढ़ के निदेशानुसार 1 से 10 डिसमिल भूमि का वैसे दाखिल खारिज के आवेदन जिनका स्थलीय जाँच हो चुका है, उनका नामांतरण करते हुए शुद्धिपत्र वितरण कार्य शनिवार को दिन दस बजे से दिन एक बजे तक अंचल कार्यालय परिसर मे किया गया। साथ ही साथ रैयत पुराने छुटे हुए नामांतरण के मामले का आवेदन नियमानुसार कर सकते है। दुलमी में कैम्प के दौरान अंचल कार्यालय में एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी सहित दुलमी सीओ किशोरी यादव, दुलमी बिससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो सहित कई आवेदक मौजूद थे। इसके द्वारा कैम्प में ऑनलाइन दाखिल खारिज के आवेदन का निष्पादन होने के बाद आवेदकों के बीच शुद्धिपत्र का वितरण किया गया।

### इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय द्वारा छात्रों के लिए ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग में कार्यशाला का सफल आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय द्वारा 08-02-2025 को ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय के व्याख्याताओं ने ऑरडविनो उनो बोर्ड से संबंधित व्याख्यान दिया। उन्होने ऑरडविनो उनो बोर्ड के उपयोग जानकारी साझा की और छात्रों को इसके अनुप्रयोगों से परिचित कराया। छात्रों ने इस कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लिया और ऑरडविनो उनो बोर्ड का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने इस पहल की सराहना की और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की इस कार्यशाला द्वारा छात्रों के बीच तकनीक के प्रति रुचि जगाई और उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो ( डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, संकाय के अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## पतरातू कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** प्रखंड वर्किंग हाल में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत नीति आयोग एवं अग्रीति एनजोओ के सौजन्य से युवतियों को सशक्त शिक्षा तंत्र को मजबूत करने बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम एवं सुधार इत्यादि विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत सेवक मुखिया आंगनबाड़ी सेविका सहिया एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि डिस्टिक प्लैनिंग ऑफीसर संतोष कुमार भगत अंचल अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया प्रमुख कौशल्या देवी ने किया। तथा कार्यशाला कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी एवं कानूनी सलाह दी गई।मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर बिलाल अंसारी, परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर, गौतम कुमार शर्मा, अनीता देवी, इशरत जहां गायत्री देवी के साथ काफी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## पतरातु में दिल्ली चुनाव जीत पर जश्न मनाया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की आवासीय कार्यालय और कटिया चौक न्यू मार्केट पीटीपीएस में दिल्ली के जीत पर जश्न मनाया गया।तथा विधायक के द्वारा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाया गया साथ ही बम फटाका छोड़ गया इस जीत पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत होने पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और दिल्ली भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत का जीत है तथा इस जीत पर उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा देवतुल्य मतदाताओं का धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता रितिक चौधरी, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानी नगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो, रंजन भगत,महामंत्री पंकज कुमार सिंह, रामेश्वर महतो,राजू कुमार, प्रिया नाथ मुखर्जी,अमित कुमार, विकास जायसवाल,बमबम रजक, गोपाल महतो, नीतीश कुमार, अरविंद साव, पंकज कुमार गुप्ता, रणधीर कपूर, प्रकाश रजक,आशीष कुमार सोनी,उपस्थित थे।

### भैरवा जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समिति बोंगासौरी के केज साइट पर दुलमी पार्षद प्रीति दीवान ने किया मत्स्य अंगुलिका का संचयन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत भैरवा जलाशय मे मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड बोंगासौरी के साइट केज पर अंगुलिका प्रजाति मत्स्य का संचयन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दुलमी पार्षद प्रीति दीवान द्वारा मत्स्य अंगुलिका प्रजाति का जलाशय मे संचयन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी जिला मत्स्य प्रभार पदाधिकारी प्रमोद कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा विधायक प्रतिनिधि महेंद्र ओहदार आदि मुख्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि 7.5 मत्स्य अंगुलिका क्रय कर जलाशय को उत्पादकता बढ़ाने एवं मछुआरों का आय में वृद्धि कराना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इससे पूर्व मत्स्य जीवी सहयोग समिति बोंगासौरी के गंगाधर महतो एवं सुदेश महतो ने अतिथियों के आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर मुखिया राजीव मेहता सहित मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के कई सदस्य मौजूद थे।

## दिल्ली की जीत पर भाजपा को बधाई : हरेंद्र सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिल्ली राज्य दशकों बाद मिले ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह विजय न केवल पार्टी की नीतियों में जनता के विश्वास का प्रतीक है, बल्कि दिल्ली के विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलने का संकल्प भी है। यह विजय दिल्ली को प्रगति और उन्नति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उपरोक्त बातें असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने कही।

## भाजपा की दिल्ली और मिल्कीपुर में प्रचंड जीत पर उदय प्रताप सिंह ने दिया बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने दिल्ली विधानसभा और उत्तरप्रदेश के मिल्कीपुर में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दिल्ली के सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कहा भाजपा की दिल्ली में यह बहुत बड़ी ऐतिहासिक जीत, जनता की जीत है और 27 साल बाद राजधानी में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर अंकुश लगाएगी और सुविधाओं से त्रस्त दिल्ली की जनता को विभिन्न सुविधाएं निश्चित रूप से प्रदान करेगी।

## ग्रामीणों के बीच झड़प, तिसरा थाना प्रभारी सहित दो ग्रामीण घायल



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागोडा देव प्रभा आउटसोर्सिंग सर्मथकों व सुरुंगा ग्रामीणों के बिच झड़प, तिसरा थाना प्रभारी सहित दो ग्रामीण घायल। आक्रोशित ग्रामीणों ने जम कर मचाया तांडव, कैंप मे की तोडफ़ोड़, कई वाहनों के शीशे भी तोड़े, कैंप के बाहर खड़ी कई वाहनों को किया आग के हवाले, धू धू कर जली। स्थिति तनावपूर्ण, सिंदरी अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, पुलिस छावनी में तब्दील है।

## ई-साक्ष्य के उपयोग को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बीएनएस व बीएनएसएस के प्रावधान में अलग-अलग धाराओं में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन के लिए ई-साक्ष्य एप के उपयोग व संचालन करने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ई-साक्ष्य ऐप के उपयोग को लेकर जानकारी दी गई। डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका महोदय के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों/ अनुसन्धानकर्ताओं को ई-साक्ष्य एप के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके उपयोग-प्रयोग के बारे में बताया गया। नए कानून के तहत, ई-साक्ष्य यानी डिजिटल तरीके से रिकॉर्ड किए गए साक्ष्य। इन साक्ष्यों का इस्तेमाल अपराधों की जांच और मुकदमे चलाने में किया जा रहा है। ई-साक्ष्य ऐप की मदद से अनुसन्धानकर्ताओं को अपराध स्थल पर घठित वारदात की तस्वीरें, वीडियो, और गवाहों के बयान दर्ज करने के बारे में बारीकी से समझाया गया। प्रशिक्षण के लिए रांची से तकनिकी विशेषज्ञों की टीम भी पहुंची थी जिसके द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारियों को आज ट्रेनिंग दी गई।आपराधिक मामलों में 2024 में लागू भारतीय नागरिक संहिता के अनुरूप जांच, साक्ष्यों की श्रृंखला का संकलन डिजिटल स्वरूप में करना अनिवार्य हो गया है। आपराधिक मामलों में पुलिस के लिए अब वीडियोग्राफी करना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत साक्ष्य संकलन, घटनास्थल की स्थिति, मौके से बरामदगी आदि की वीडियोग्राफी जरूरी है। ई-साक्ष्य ऐप का कैसे प्रयोग करना है तथा इसमें क्या-क्या प्रावधान है और सावधानियों के साथ-साथ नए कानून आदि के बारे में पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी दी गई है ताकि उन्हें अनुसन्धान के दौरान फील्ड में ऐप उपयोग करने में कोई परेशानी न हो।

## निचितपुर हॉस्पिटल का रजत जयंती समारोह, गीत संगीत से झूमा इलाका

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निचितपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड का रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। सेंटर के संचालक सह चिकित्सक डॉ उमाशंकर व उनकी पत्नी सरिता सिंह सहित पूरे परिवार ने केक काटकर उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर सेंटर का रजत समारोह मनाया। इस दौरान डॉ उमाशंकर ने कहा कि मुझे गर्व हो रहा है कि अपना सोच व सपना पूर्ण हो रहा है। 25 वर्षों से इलाके के लोगों का सेवा करने का मौका मिला। यह बहुत बड़ी बात है। कहा झारखंड अलग हुए 25 वर्ष हो गए और रिसर्च सेंटर भी 25 वर्ष तक अपने सह कर्मियों के सहयोग से लोगों का सेवा करता आ रहा है। यहां गरीबो की सेवा की जाती है। अतिथियों का डॉ उमाशंकर को इस दौरान बधाई देते हुए कहा इस सुदूर इलाका में निचितपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर प्राइवेट लिमिटेड चिकित्सा का अलख जगा रहा है। गरीबों के साथ-साथ दुर्घटना में शिकार लोगों को रियायत दर पर चिकित्सा सेवा करता आ रहा है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा।**

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–34/2024–25 जिसका पी0आर0संख्या–344353 Building(24-25).D है। जिसका ग्रुप सं0 1, 3 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 346084 (Building) 24-25 (D)

# डीएवी मॉडल स्कूल में ऊर्जा प्रदर्शनी के 200 विजेताओं को मिला पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई के ऊर्जा प्रदर्शनी में विजेता छात्र- छात्राओं को प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह के कर कमल द्वारा स्वर्ण,रजत एवं कांस्य पदक के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या ने कहा कि बच्चे सालों भर शिक्षा ग्रहण करते हैं पर शिक्षा का आत्मसात तभी हो पता है जब शिक्षा आधारित मॉडल बनाते हैं या कुछ करते हैं। ऐसी गतिविधियों से बच्चों की शिक्षा तथा ज्ञान को स्थायित्व मिलता है और उनका आत्मविश्वास के साथ मनोबल बढ़ता है। बच्चों द्वारा विषय वार मॉडल बनाना तथा संबंधित विषय की व्याख्या करना छोटी बात नहीं थी बल्कि उन्होंने अपनी ऊर्जा को प्रस्तुत ही किया,स्वयं को ऊर्जावान भी किए।यह प्रदर्शनी 26 जनवरी को स्कूल के चारों सदन दयानंद, हंसराज, श्रद्धानंद, विरजानंद के मध्य रखा गया था। इस ऊर्जा प्रदर्शनी में कुछ150 मॉडल थे, जिसमें कक्षा 6 से विज्ञान,7 से गणित,ढ्ढङ्ग से सामाजिक विज्ञान तथा ङ्घ्य से कला, वाणिज्य,विज्ञान आधारित मॉडल चार-पाँच बच्चों द्वारा समूह में बनाए गए थे। अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन ,दिल्ली द्वारा आयोजित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले आठ विजेता सार्थक चौधरी कक्षा-1को गोल्ड, वंशज शर्मा कक्षा-2 को सिल्वर,आलिया शेख कक्षा-3 को गोल्ड, आराध्या वत्स कक्षा-6 को ब्रोंज, ईशा महतो कक्षा-7 को गोल्ड, श्रीजीता हाजरा कक्षा -8 को गोल्ड, अविकाश्री कक्षा 9- को सिल्वर तथा प्राची हजारी कक्षा 10 को गोल्ड मिला। प्राचार्या महोदया ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सभी विजेताओं को बधाई दी। इस पुरस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत सभी चार सदनों के हाउस मास्टर डीके गुप्ता,आमोद कुमार झा,सुनील कुमार शर्मा एवं भगवान दास उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सीसीए इंचार्ज मौसमी बनर्जी की देखरेख में संपन्न हुआ। मौके पर रतना मिश्रा,पिंकी कुमारी,पिंकी विश्वास के साथ स्कूल के अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

## अपर्णा पब्लिक स्कूल में अभिभावकों ने सीट एंड ड्रॉ कंपटीशन में उकेरी आकर्षक चित्रकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को अपर्णा पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग में स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल एवं प्रिंसिपल अनूप नायक के सानिध्य में स्कूल के बच्चों के अभिभावकों के बीच सीट एंड ड्रॉ कंपटीशन का आयोजन संपन्न हुआ। इस रोचक कंपटीशन में अभिभावकों ने दिए गए थीम पर एक से बढ़कर एक चित्रकारी प्रस्तुत की। स्कूल की निर्देशिका रेनू कौशल ने बेहतरीन चित्रकारियों को पुरस्कार के लिए चुना और विजयी अभिभावकों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। रेनू कौशल ने कहा स्कूल में अभिभावकों के बीच सीट एंड ड्रॉ कंपटीशन प्रतियोगिता उद्देश्य अभिभावकों के बीच कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना है रचनात्मकता एवं प्रतिभा का बोध करना है ताकि स्कूल के बाद घर में भी बच्चों को शिक्षा के साथ साथ चित्रकारिता की बारीकियों एवं जीवन में इसकी महत्ता का मार्गदर्शन दे कर प्रेरित करें। सीट एंड ड्रॉ को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिका अनुप्रिया, कीया एवं दीप्ति का महत्वपूर्ण योगदान था।

## आईआईटी आईएसएम में सीस्मिक, मॉडलिंग और माइग्रेशन की तीन दिवसीय कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** शनिवार को आईआईटी आईएसएम धनबाद के न्यू लेक्चर हॉल परिसर के लैब 3 में 140 से अधिक छात्रों ने सीस्मिक मॉडलिंग और माइग्रेशन पर तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। यह कार्यशाला आईआईटी आईएसएम के एप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग द्वारा आईआईटी रुड़की के अर्थ साइंसेज विभाग और सी-डैक पुणे के सीस्मिक डेटा प्रोसेसिंग विभाग के सहयोग से आयोजित की गई है।कार्यशाला के पहले दिन में प्रतिभागियों को बुनियादी एलआईएनयूएक्स और एसएलयू आरएम कमांड्स, 2डी मॉडल जियोमेट्री क्रिएशन, और 2डी आइसोट्रॉपिक मॉडलिंग का उपयोग करके सीस्मिक डेटा उत्पन्न करने जैसे बुनियादी विषयों से परिचित कराया गया। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए, जिनमें सी-डैक पुणे की वैज्ञानिक रिचा रस्तोगी द्वारा सीस्मिक मॉडलिंग पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी गई। सी-डैक पुणे की सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर, श्रीमती नीटू मंगलाथ ने एसइआईएस आरटीएम सॉफ़्टवेयर पर एक सत्र का संचालन किया।कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, मुख्य अतिथि, प्रोफेसर धीरज कुमार, आईआईटी आईएसएम के उप निदेशक ने स्द्गद्बह्यञ्जरूसॉफ़्टवेयर के व्यापक अनुप्रयोगों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जबकि कार्यशाला मुख्य रूप से इसका उपयोग सिस्मोलॉजी में कर रही है, इसका खनिज अन्वेषण, खनिज प्रसंस्करण, संसाधन आरक्षित अनुमान और खनिज डीपोसीटोंज़ की वसूली में महत्वपूर्ण महत्व है। प्रोफेसर कुमार ने कहा दुनिया अब खनिज अन्वेषण में गैर-विनाशकारी प्रौद्योगिकियों का पता लगाने और मौजूदा भंडारों में मूल्य जोड़ने के लिए भूभौतिकीविदों पर अधिक निर्भर हो रही है।कार्यशाला 9 फरवरी को आईआईटी रुड़की के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आनंद जोशी द्वारा आरटीएम के सैद्धांतिक पहलुओं पर एक प्रस्तुति के साथ जारी रहेगी। कार्यशाला 10 फरवरी को समाप्त होगी।

## सकारात्मक विचारों के साथ ही हम प्रत्येक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं : अनुज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** शनिवार 08 फरवरी 2025 टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के दसवीं बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले 189 परीक्षार्थियों को आशीर्वचन दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सफलता और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए हवन भी किया गया। हवन में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ दसवीं की परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों और उनके साथ आए अभिभावकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए आत्मविश्वास बनाए रखने की बात की। उन्होंने यह कहा कि सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देनी चाहिए क्योंकि सकारात्मक विचारों के साथ ही हम प्रत्येक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा की तिथि नजदीक आने के साथ ही मन में कोई डर या संशय पैदा नहीं होने देना चाहिए। अगर कोई दिक्कत आ रही हो तो उन्हें अपनी परेशानी अपने अभिभावकों के साथ बेझिझक कहनी चाहिए। आए हुवे अभिभावक बच्चों की परेशानी दूर करने में पूरी मदद करने को कहा। शिक्षकों ने परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने के तरीके बताए और उन्हें कहा की अगर कुछ विषयों में परेशानी आ रही हो तो उन्हें लिख लिख कर याद करने की कोशिश करनी चाहिए। इस तरह से अभ्यास करने से अपने विषय के कांसेप्ट को अच्छे से समझने और याद करने में आसानी रहेगी। शिक्षकों ने सभी बच्चो को आशीर्वाद दिए। संगीत शिक्षक अभिषेक पाठक और संगीत शिक्षिका श्रुति पाठक ने भजन प्रस्तुत किया।

## 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

- 10 फरवरी को 2248 बूथ पर 4496 दवा प्रशासक खिलाएंगे 26 लाख से अधिक लोगों को दवा
- छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक घर घर जाकर दवा प्रशासक देंगे दवा
- फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों से दवा लेने की अपील शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की मौजूदगी से सरदर्द, बुखार होने की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। 10 फरवरी को जिले के 2248 बूथ पर 4496 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान को सफल बनाने के लिए 428 सुपरवाइजर भी क्रियाशील रहेंगे। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खीलाई जाएगी। दवाई लेने के बाद यदि किसी व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की मौजूदगी होगी तो उसे सरदर्द, बुखार होने की संभावना है।अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर मीडिया को बताया कि फाइलेरिया दिव्यांगता पैदा करने वाली द्वितीय सबसे बड़ी लाईलाज बीमारी है। इसकी वजह से हाथ, पांव का फूलना और हाइड्रोसील होता है। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।सिविल सर्जन ने कहा कि फाइलेरिया गंदे पानी में पनपने वाली सबसे अधिक आबादी वाले संक्रमित मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होती है। जो मानव के पूरे जीवन काल में करोड़ों माइक्रो फाइलेरिया के रोगाणुओं को जन्म देता है। इसलिए अभियान के दौरान सभी लोगों को दवाई का सेवन करना चाहिए।

**इस तरह दी जाएगी दवा की खुराक**

1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली।

**इन्हें नहीं दी जाएगी दवा**

एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। किसी को भी यह दवा खाली पेट सेवन नहीं करनी है। वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार ने कहा कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाइलाज तथा दूसरी सबसे बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है। इसलिए इस रोग के बचाव के लिए एमडीएम कार्यक्रम के दौरान सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करना आवश्यक है। पत्रकार वार्ता में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## सी आर पी एफ ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सामग्रियों का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत मधुबन पंचायत के डोलकट्टा में शनिवार को सी आर पी एफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच खेल सामग्री सहित कई सामग्रियों का वितरण किया गया। वितरण के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे,जहां सी आर पी एफ 154 बटालियन के उप 22 कमांडेंट अमित कुमार झा ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों का बेहतर संबंध बने साथ ही उनके रहना सहन का स्तर बढ़े जिससे ग्रामीणों में सी आर पी एफ और पुलिस के बीच रिश्ता बना रहे जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बनी रहे।इस दौरान सी आर पी एफ द्वारा ग्रामीणों के बीच फुटबॉल सेट, बॉलीबॉल सेट, सोलर लालटेन, वाटर स्टोरेज टैंक, कम्बल, सब्जियों के बीज, क्रिकेट खेल किट, कॉपी, कलम पेंसिल सहित कई सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर मधुबन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि निर्मल तुरी ने कहा कि प्रशासन की यह एक अच्छी पहल है जो हर वर्ष किया जाता है।

**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) तथा ग्राम रोजगार सेवक रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। सभी आवेदनों के जाँचोपरान्त तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) तथा ग्राम रोजगार सेवक पद के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की विवरणी तथा पायी गयी त्रुटियाँ की सूची दावा आपत्ति हेतु पुनः प्रकाशित की जा रही है। आवेदनों की सूची खूँटी जिला के वेबसाईट **“www.khunti.nic.in”** पर देखा जा सकता है।

जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में दिनांक 18.02.2025 तक कार्यालय अवधि में दावा आपत्ति हेतु आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन में आवेदित पद का नाम, आवेदन क्रमांक, अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता अंकित करना आवश्यक है।

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 346129 District (24-25)_D

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –23/2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 19.2.2025 अपराहन 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 20.2.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.2.2025 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Pr Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor, Supplying fitting fixing of 2 nos. of 1000litres water tank , & Its allied works & improvement of sewerage work at Hon'ble residence E-223 /II Jharkhand Vidhan sabha Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1015189.00 | 20400.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2. | Supplying and Installation of 2000 lph Iron and Turbidity Removal Plant, & Overhauling of Softener filter plant, and necessary water supply pipe line and its allied work with one year Operation and Maintenance of Plant at Forest Colony Bungalow no -1 Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 1416323.00 | 28400.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Repairing and overhauling of 135 KLD/Hr. Iron Removal Plant, 100KLD/Hr. Softener filter plant, 50cum/hr. Carbon Filter Plant, Oxidization Chamber Filter with multiple valve and necessary water supply pipe line and its allied work at Vidhan Sabha Campus Ranchi, Jharkhand under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 1886401.00 | 37800.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 4. | Renovation of toilet cum bathroom (Residential office cum Guest House ) water supply and replacement of damaged sanitary fittings and other misc. works at quarter no. - E-43 of sector -III and other Govt. pool quarters under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1386136.00 | 27800.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 5. | Provision of water supply by construction of 2Nos. HYDT with Installation of 5.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line & & Its allied works pipe line, valve chamber etc at Newly constructed M.L.A. Residence at Kute Dhurwa (North & south side) Ranchi D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2138598.00 | 42800.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 5.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line & & Its allied work to connect the sump constructed in the campus of M.L.A residence Dhurwa Ranchi D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 995971.00 | 20000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 7. | Construction of 2Nos. Of toilet and 2Nos. Of bathroom with septic tank and soak pit near mesh and for 300 bed lady barrack at central training institute Jharkahnd home guard, Dhurwa Ranchi,Government of Jharkhand Ranchi Under D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1396226.00 | 28000.00 | 2500.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 346066 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूर्ण, 11 फरवरी से प्रारंभ हो रही है परीक्षा**

# उपायुक्त की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर की अहम बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) को लेकर परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं प्रश्नपत्र-सह-गश्ती दण्डाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। परीक्षार्थियों के बीच एक बेंच पर निर्धारित दूरी रखी जाए ताकि परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराया जा सके। कदाचार की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों सीसीटीवी चेक



करा लें। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था रहे और टॉयलेट की साफ-सफाई सुनिश्चित हो। कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच ठीक से की जाए। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट (मोबाईल, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ इत्यादि) ना ले जाए और इसका कड़ाई से पालन किया जाए। दोनों परीक्षाएं 11 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं जो तीन मार्च 2025 तक संचालित होंगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए लोहरदगा जिला में 17 केंद्रों में आयोजित की जाएगी जो सुबह 9.45 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 7205 परीक्षार्थी शामिल होंगे।?वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) के लिए लोहरदगा जिला में 12 केंद्रों में आयोजित की जाएगी जो दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 4725 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 के परीक्षा केंद्र व परीक्षार्थियों की संख्या**

एसएस हाई स्कूल, किस्को- 552, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, किस्को- 210, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, किस्को- 459, गवर्नमेंट गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल, माराडीह, कुडू- 538, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कुडू- 439, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, टाकू, कुडु 391, राजकीयकृत बुनियादी स्कूल, कुडू- 457, एमएलए इंटर कॉलेज, लोहरदगा-467,एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा-522, गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा- 335, गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा- 430, उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा- 361,लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा- 254, गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल, भण्डरा- 556, गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिटपी, भण्डरा- 457, गवर्नमेंट प्लस टू नंदलाल हाई स्कूल, अरू, सेन्हा- 418, आर गर्ल्स मिडिल स्कूल, सेन्हा- 359

**वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) के परीक्षा केंद्र व परीक्षार्थियों की संख्या**

एमएलए इंटर महिला कॉलेज, लोहरदगा- 525, गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा- 488, गवर्नमेंट कस्तुरबा गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा- 241, एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, लोहरदगा- 422, एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा- 375,मंजूरमति हाई स्कूल, महादेव आश्रम, लोहरदगा- 580, गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा- 306, संत स्तानिसलाउस हाई स्कूल, कैमो पतराटोली- 330, संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल, कैमो पतराटोली- 316, उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा- 385, उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा- 381, लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा- 376 आज की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, कोषागार पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक, दण्डाधिकारी, उड़न दस्ता दल आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने कृषि विभाग से संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कृषि विभाग व सम्बद्ध विभागों की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गव्य विकास पदाधिकारी और जिला योजना पदाधिकारी को कुडू प्रखंड में नीति आयोग के अवार्ड मनी से बन रहे डेयरी व प्रोडक्शन यूनिट को एक सप्ताह में शुरू कराने और प्रोडक्शन शुरू कराने का निर्देश दिया। डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के गाय शेड की गुणवत्ता ठीक करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पशुपालन, उद्यान, कृषि, गव्य, सहकारिता, भूमि संरक्षण विभाग के योजनाओं की समीक्षा की गई। ब्रिकेटिंग प्लांट किस्को में आवश्यक मरम्मति कार्य और सरसों तेल उत्पादन केंद्र कौआखाप में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी/जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 10 फरवरी से 15 फरवरी तक फाइलेरिया की दवा करें सेवन : विराज तिर्की

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत काल्हेपाट गांव में मस्जिद के समीप स्वास्थ विभाग द्वारा फाइलेरिया से बचाव के लिये रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को फाइलेरिया रोग से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आगामी 10 फरवरी से होने वाले एमडीए कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया गया। वही समदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ कर्मी विराज तिर्की ने कहा कि फाइलेरिया स्वास्थ शरीर में भी होता है। इसलिए खून का जांच कराये जिसे संक्रमण का पता चलता है। फाइलेरिया बीमारी का पूर्व से जानकारी होने से ठीक हो सकता है। इस लिए स्वास्थ्य विभाग निर्देश पर 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ केंद्र और उप केंद्र में फाइलेरिया रोधी एमडिटी का दवा दिया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से जिला विबीडी पदाधिकारी रजनी लकड़ा, बीपीएम सेन्हा विकास फ्रांसिस खलखो, पिरामल संस्था से स्वाति, राज नारायण, गंदुर उरांव, महेश कुजूर, विराज तिर्की, मनीष कुमार समेत ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में मासिक गीत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्या भारती योजना के तहत कन्या भारती- बाल भारती के भैया-बहनों का मासिक गीत प्रतियोगिता शीला अग्रवाल विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में आयोजित की गई। जिसमें भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भैया-बहनों की गायन प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ ।जिसमें उन्होंने संगीत के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका रखी। कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया- बहन बाल वर्ग,किशोर वर्ग में विभाजित कर प्रतियोगिता हुई। विभिन्न मासिक गीत प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडली का कार्य उपस्थित अनीता देवी, जामवंती मिश्रा, मधुमिता शर्मा के द्वारा किया गया। भैया-बहनों के गायन, कौशल,ताल में और प्रस्तुति की तकनीक के आधार पर अंक दिए गए। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बाल वर्ग प्रथम कक्षा सप्तम दुर्गावती खंड की बहनें एवं कक्षा अष्टम की बहनें प्रथम रही। किशोर वर्ग में कक्षा नवम मीरा खंड की बहनें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य विकास भारती, दिलीप कुमार यादव, दिनेश प्रसाद, नीलिमा सिंह, प्रोन्नती यादव, जया मिश्रा, श्वेता संदेश, गीता टोप्पो उपस्थित रहे।

**दिन-ऐ-तालीम से ही समाज को शिक्षित किया जा सकता है : डॉ. रामेश्वर उरांव**

## विधायक मद से नव निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन डॉ. रामेश्वर उरांव के द्वारा किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा विधानसभा के कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारीडीह में स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के विधायक मद से मदरसा के बगल में सामुदायिक भवन का 14,90,000 के लागत से निर्माण किया गया।जिसका उद्घाटन आज डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर लोगो के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण से शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरे द्वारा किया जा रहा है।आज सामुदायिक भवन के निर्माण से सामूहिक रूप से मदरसे के तालिबे-इल्म शिक्षा लेंगे। वर्तमान समय में दिन-ऐ-तालीम से ही एक शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता




है।मेरे द्वारा सभी समाज के लिए उनके हित के लिए कार्य किए जा रहे हैं। रोटी, कपड़ा, मकान के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, खुर्शीद अहमद रूमी, इकबाल खान, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, कैरो अनीश अहमद, किस्को युनुस अंसारी, ऐनुल अंसारी, हाजी सदरुल, दानिश अली, असलम अंसारी, नाजिम मौलाना याकूब नदवी, हाजी मजीद अंसारी, हाफिज इदरीस, कमरूल इस्लाम, मुनीम अंसारी, मोहिर अंसारी, हाशिम अंसारी, रसीद अंसारी, रजी अंसारी, रोजमत अंसारी, मुमताज अंसारी, फ़ैदौल रहमान, साजिद अहमद, संजू तूरी, सज्जाद अंसारी, नेसार खान, बबलू मुंडा, के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय के संस्थापक सद्स्य सेवानिवृत्त शिक्षक का हाई बीपी के कारण निधन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो मुख्यालय स्थित डा0 अनुग्रह नारायण+2 विद्यालय के संस्थापक सद्स्य सेवानिवृत शिक्षक 85 वर्षीय दीपेश्वर पांडेय का हाई ब्लड प्रेसर के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। श्री पांडे जी का कैरो प्रखंड क्षेत्र मे शिक्षा का अलख जगाने में अहम भूमिका निभाई वे डा0 अनुग्रह नारायण +2 विद्यालय की संस्थापक सद्स्यो मे एक थे उन्होने सन 1999 तक +2 विद्यालय में सेवा दी तत्पश्चात 2001 मे चान्हो प्रखंड के पतरातू उच्च विद्यालय से सेवानिवृत्त हूए। वे समाजिक, धार्मिक, गीत संगीत के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे सन 1984 मे कैरो मे यज्ञ,सढाबे, गजनी सुकुरहुत्टु, नरौली गाँव में यज्ञ कराने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके इस प्रकार आकस्मिक निधन से डा0अनुग्रह नारायण+2उच्च विद्यालय में शोक सभा का आयोजन कर शिक्षक परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उराँव, कैरो प्रखंड निवर्तमान उप प्रमुख मधुलिका रानी, शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली, उप मुखिया रवि प्रजापति, डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक आनन्द कू दुबे, जितेन्द्र भुषण कुमार, विनीत कुमार समेत भाजपा के राजेन्द्र महतो लखन उराँव, विशेश्वर प्रसाद दीन, नजीर आलम, सुरज मोहन साहू, कैलाश महतो, विवेक प्रजापति, प्रधानाचार्य अम्रेण्द्र कुमार, वीरेंद्र गोप, पोस्टमास्टर जगदीश यादव, रामप्रसाद यादव, विपिन कुमार सिंह, कांग्रेस के अनीश अहमद खान, इत्यादि ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

## दिल्ली विधानसभा में भाजपा की प्रचंड बहुमत पर कैरो भाजपाईयों ने किया आतिशबाजी, बांटी मीठाईयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 फरवरी शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव रुझान आते ही भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ रुझान परिणाम मे तब्दील होते ही कैरो मंडल भाजपाईयों ने किया आतिशबाजी, बाँटी एक दुसरे के बीच कैरो चौंक मे मीठाईयाँ। इस अवसर पर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि झूठ की पुलिंदा वाली झाडू वाले को दिल्ली की जनता ने सबक सिखा दिया है, अब दिल्ली मे डबल इंजन की सरकार मे दिल्ली प्रदेश की चौमुखी विकास होगी। पुर्व जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली समेत मिल्कीपुर विधानसभा के जनता ने फिर एक बार पीएम के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है, आपदा को दिल्ली की जनता ने सबक सिखा दिया है। मौके पर विशेश्वर प्रसाद दीन, रामपवित्र सोनी, कैलाश महतो, मंटू साहू, राधेश्याम साहू, दशरथ साहू, सन्तोष कुमार, राजु प्रजापति, सुलेंद्र साहू इत्यादि कार्यकर्ताओं ने दिल्लीविधान सभा मे भाजपा की प्रचंड जीत पर किया आतिशबाजी कैरो चौंक में बाँटी मीठाईयाँ।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव और संगठन शक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन से पॉवरगंज चौक तक अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के साथ अचानक और अन्यायपूर्ण निर्वासन से उत्पन्न संकट पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ आक्रोशपूर्ण जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया गया । कार्यकर्ताओं ने रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए जमकर नारे बाजी लगाई। नरेंद्र मोदी शर्म करो, विदेश मंत्री इस्तीफा दो,देश का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। भारतीयों का अपमान



करना बन्द करो जैसे नारे बाजी की गई।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव विशेष रूप में उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप सरकार के सामने सरेंडर कर चुके हैं। इनकी विदेश नीति काफी कमजोर और असहाय हो गई है। आज तक प्रवासी भारतीयों के साथ ऐसा क्रूरता व्यवहार कभी नहीं हुआ था। ऐसी घटना से भारतीयों का मनोबल टूटेगा और विश्व भर में भारत की छवि धूमिल हुई है। अफसोस है कि अभी तक नरेंद्र मोदी जी और उनकी सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। केंद्र सरकार को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। और विदेश मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप के अच्छे मित्र हैं। बावजूद प्रवासी भारतीयों के साथ हो रहे अन्यायपूर्ण निर्वासन की घटना में मूकदर्शक बने हुए हैं। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका सरकार के सामने नतमस्तक हो चुकी है। जिस तरह से प्रवासी भारतीयों के साथ हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां लगा कर भारत लाया गया यह काफी दुखद और निंदनीय है जिला कांग्रेस कमिटी ऐसी घटना की कड़ी निंदा करती है। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में आगामी नगर निकाय चुनाव और संगठन शक्तिकरण में विशेष चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को नगर निकाय चुनाव के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित कर संगठन को सशक्त और मजबूत बनाया जाएगा। नगर निकाय चुनाव सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और आपसी सहयोग,तालमेल के साथ लड़ा जाएगा। पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उसे मिलकर विजय बनाने का काम करेंगे।

## भंडरा में प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना




**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में प्रचार वाहन का झंडा दिखाकर शुभारंभ किया गया सीएचसी भंडरा अंतर्गत सभी गांवों में एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रचार प्रसार किया जा रहा है यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक चलेगी 10 फरवरी को बूथ पर और 11 फरवरी से सहिया द्वारा घर घर जा कर दवा खिलाई जाएगी 2 साल से ऊपर के लोगो को दवा खिलाई जाएगी इस कार्यक्रम में डाक्टर निर्मला शांति, मेरी बेक, साजिद आलम, रामकुमार महतो एमपीडब्ल्यू, दिनेश राम, सुनीता, उमा प्रजापति, रितु, ममता किंडो आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## प्रमोद साहू ने बगडू थाना प्रभारी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से न्याय के लिये लगाया गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में फिर एक बार वर्दी वाले पुलिस के गुंडे वाले तेवर देखने को मिला है।बगडू थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा आम आदमी के साथ अनावश्यक मार-पीट और गाली गलौज करने एवं वांछित अपराधिक मुकदमों में फंसा देने के धमकी देने के संबंध में हिसरी ग्राम निवासी प्रमोद साहू ने लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि विगत 2 फरवरी को रात्री 8 बजे ग्राम हिसरी के अन्तर्गत अफरोज मिर के घर के पास एक धान लदा पिकअप वाहन नाली में फंस गया था। पिकअप वाहन के चालक कुणाल सिंह आकर मुझसे अनुरोध किए कि आप अपने ट्रेक्टर से टोचन कर गाड़ी को नाली से निकालने में सहायता करें। तब मैं अपना ट्रेक्टर लेकर फंसे हुए पिकअप वाहन को निकालने गया। उसी समय में बगडू थाना प्रभारी

बारिश हुसैन ने मोटरसाईकिल से एक अन्य व्यक्ति के साथ आए और गाली ग्लौज करते हुए मेरा बाल पकड़ कर मारने लगे। मैने पूछा सर क्यों मार रहे हैं, तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए लात घुसों से मारने लगे और फोन कर अन्य पुलिस बल को बुलाकर मुझे झुठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देने का धमकी देने लगे। इसी बीच गांव के अन्य लोग आकर बीच बचाव किए तो वे यह कहते हुए धमकी दिए कि इस गांव के साहु जाति के लोगों को मैने टारगेट में ले रखा है और सबको फर्जी केस में फंसाकर बर्बाद कर देंगे और धमकी देकर चले गए। दूसरे दिन थाना में बुलाकर मेरे साथ मार-पीट किए और माफी मगवाया है। धमकी दिए हैं कि जल्द ही झूठा मुकदमा बनाकर उग्रवादी केस में फंसा देंगे। इस बात की जानकारी मेरे पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक को भी दिया गया है। थाना प्रभारी के व्यवहार से हम काफी डरे हुए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया है। पुलिस अधीक्षक ने जांचोपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। इस दौरान प्रमोद साहू द्वारा आवेदन की प्रतिलिपि महानिदेशक पुलिस निरीक्षक झारखण्ड रांची, उप महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची तथा मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार को भी पत्र भेजा है तथा ऐसी टिप्पणी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।वही इस गंभीर मामले के बाद लोगों का भी गुस्सा फूट पड़ा है इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा है कि एक संवैधानिक तथा आधिकारिक पद पर कार्यरत रहने वाले अफसर की ऐसी तानाशाही देखने के बाद यही लगता है कि इस देश में संविधान या कानून नाम की कोई चीज नहीं है। हालांकि ग्रामीणों ने प्रशासन पर पूर्ण तरह से भरोसा रखा है कि इस गंभीर मामले की जल्द से जल्द करवाई की जाएगी।

## भाजपाइयों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत पर मनाया जश्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में आज दिनांक 08-02-2025 दिन शनिवार को पावरगंज चौक स्थित आयोजित की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि यह जीत विकास और सकारात्मक विचारों के हैं जनता को भ्रम में रखकर बार-बार धोखा नहीं दिया जा सकता। जनता ने विकास चुना है। वही ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत और कांग्रेस पार्टी की चौथी बार जमानत जप्त खुलकर बंया कर रही है कि जनता हर क्षेत्र से कांग्रेस को उखाड़ फेंकना चाहती है। कांग्रेस अभी भी वही भोली भाली जनता को गलत गलत तथ्यों को परोसति है। फिर भी कांग्रेस का अहंकार खत्म नहीं हो रहा है। विदेशी ताकतों के दम पर एक अवसर नहीं छोड़ता जिससे कि देश का नाम बदनाम हो। कांग्रेस भारत के सकारात्मक कदम और उसकी



उपलब्धि पर कभी खुश नहीं हुए वह केवल एक परिवार और गैर भारतीय विचारधारा को स्थापित करने में कल भी प्रयासरत थी और आज भी प्रयासरत है। हमें लगता है यह चुनाव परिणाम कांग्रेस को पूरी तरह से जवाब जनता दे चुकी है। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद्र प्रजापति, राज किशोर महतो, अजय कुमार पंकज देवाशीष कार, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, तरूण देवघरीया, संजय कुमार, पशुपतिनाथ पारस, सरोज प्रजापति, मिथुन तमेड़ा, संजय वर्मन, भरत साहू, परमेश्वर भगत, योगेन्द्र कुमार प्रजापति, श्याम वर्मा, सचिन कुमार सिंघानिया, सत्यम कुमार, नीरज गुप्ता, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद्र प्रजापति, राज किशोर महतो, अजय कुमार पंकज, देवाशीष कार, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, तरूण देवघरीया, संजय कुमार, पशुपतिनाथ पारस, सरोज प्रजापति, मिथुन तमेड़ा, भरत साहू, परमेश्वर भगत, योगेन्द्र कुमार प्रजापति, श्याम वर्मा, सचिन कुमार सिंघानिया, सत्यम कुमार, विजय चंद्रशेखर, मनीष गुप्ता, चंदन गोप, हसमुख रंजन, अनुभव कास्यकार सहित अन्य उपस्थित थे।

# बीजेपी ने दिल्ली चुनाव परिणामों पर खुशी जताई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलकाता :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर पश्चिम बंगाल की बीजेपी इकाई ने उत्साह व्यक्त किया है। पार्टी ने इस जीत को भ्रष्टाचार और वंशवाद के खिलाफ जनता का फैसला बताया। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन करने वाली तृणमूल कांग्रेस ने परिणामों पर चुप्पी साध ली।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि दिल्ली का जनादेश विकास में जनता के विश्वास को दर्शाता है और यह पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला है।चुनाव आयोग के ताज़ा रुझानों के अनुसार, दिल्ली में बीजेपी 70 में से 45 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि आप को 21 सीटों पर बढ़त मिली है। इस प्रदर्शन के साथ ही बीजेपी 26 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने के करीब पहुंच चुकी है।सुकांत मजूमदार ने कहा,बंगाल की जनता भी आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी को ही चुनेगी और टीएमसी को खारिज कर देगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए इसे आम आदमी पार्टी के खिलाफ निर्णायक जनादेश बताया। उन्होंने पोस्ट किया,दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत! माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को दिल से बधाई, जिन्होंने इस ऐतिहासिक जीत का नेतृत्व किया। अब दिल्ली की जनता को डबल इंजन सरकार का लाभ मिलेगा क्योंकि मिस्टर फ़र्ज़ीवाल सत्ता से बाहर हो चुके हैं।अधिकारी ने दिल्ली में रहने वाले बंगाली समुदाय का भी आभार जताया और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## दिल्ली में भाजपा की 27 वर्ष बाद वापसी पर मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हमीरपुर :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। 27 वर्षों बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी से पूरे देश में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक जीत पर हमीरपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर पटाखे फोड़े और लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हमीरपुर के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के समर्थन में नारेबाजी गूंज उठी।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी विकासपरक नीतियों पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिल्ली के मतदाताओं ने अपनाया और भाजपा को भारी बहुमत से जिताया।उन्होंने कहा,दिल्ली चुनाव में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया और आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचार और झूठ की राजनीति को उजागर किया। उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है।गुजरात एक्सप्रेस का जिक्र करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस चुनाव में केवल 5त्न वोट ही हासिल कर पाई और एक भी सीट नहीं जीत सकी। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के लिए अब तक की सबसे खराब स्थिति है और यह दर्शाता है कि जनता कांग्रेस की नीतियों को भली-भांति समझ चुकी है।

## ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अररिया :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर फारबिसगंज नगर भाजपा की ओर से विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद मिंटू ने किया।भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह के नेतृत्व में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।विजय जुलूस शहर के पोस्ट ऑफिस से स्टेशन चौक तक निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने होली और दिवाली एक साथ मनाई। ढोल-नगाड़ों की धुन पर भाजपा कार्यकर्ता झूमते नजर आए।इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह, मुख्य पार्षद वीणा देवी और भाजपा नेता शंभु प्रसाद साह ने दिल्ली की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के झूठ और फरेब को नकार दिया है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े नेता हार गए, जिससे यह साफ हो गया कि जनता अब केवल विकास की राजनीति पर विश्वास कर रही है।भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी लगातार राज्यों में हार रही है। हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में भी कांग्रेस का सफाया हो गया और अगला नंबर बिहार का है।

## पर्यावरण को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाता खेजड़ी का वृक्ष : दत्तात्रेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिसार :** हरियाणा के राज्यपाल व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि खेजड़ी शुष्क क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण वृक्ष है। इसका संपूर्ण भाग मनुष्य और पशुओं के लिए लाभदायक है तथा यह पर्यावरण को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाता है। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में खेजडी को हरियाणा में सरंक्षण व बढ़ावा देने के उदेश्य से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज व गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि खेजड़ी एक नाइट्रोजन-फिक्सिंग पेड़ है जो मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाता है। खेजड़ी का उपयोग आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का उपयोग लंबे समय से विभिन्न बीमारियों के इलाज में किया जाता रहा है। इतने महत्वपूर्ण वृक्ष का संरक्षण व इसको बढावा देना जरूरी है। इसके लिए विश्वविद्यालय शोध करें, किसानों को पौधे उपलब्ध करवाएं और किसानों में खासतौर पर युवाओं को इसके महत्व के बारे में जागरूक करें। उन्होनें सामाजिक संगठनों व कार्यकत्ताओं को भी इस मुहिम से जोडने् को कहा ताकि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके बारे में जागरूक कर सकें।खेजड़ी का फसलों पर सकारात्मक प्रभाव- प्रो.बीआर कम्बोजविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि खेजड़ी जिसे रेगिस्तान का राजा भी कहा जाता है।

## दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री की नीतियों में विश्वास जताया : सैनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिसार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में हुई पार्टी की प्रचंड जीत को जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की नीतियों में विश्वास जताकर पार्टी को अपना जनादेश दिया है। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने शनिवार भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। वास्तव में दिल्ली की आम आदमी पार्टी की झूठ व फरेब की राजनीति से तंग आ चुकी थी और उसे सबक सिखाने के मूड में थी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता से झूठे वायदे कर सत्ता में आई, परंतु काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। उन्होंनने कहा कि दिल्ली की जनता ने वहां के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी दिल्ली में हुई भाजपा की प्रचंड पर जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने जहां कांग्रेस को तो पूरी तरह से नकार दिया है वहीं आम आदमी पार्टी को उसकी झूठ व झूठे वादे करने का सबक सिखाया है।

## दिल्ली की जीत सुशासन का प्रमाण : अश्विनी



**भागलपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने इस ऐतिहासिक जीत को जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना अटूट विश्वास प्रकट किया है। चौबे ने इस शानदार सफलता के लिए दिल्ली की जागरूक जनता, परिश्रमी कार्यकर्ताओं और समर्पित पदाधिकारियों का हृदय से आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने विशेष रूप से पूर्वांचल की जनता का धन्यवाद किया, जिन्होंने मोदी जी की नीतियों और भाजपा की विचारधारा पर भरोसा जताते हुए पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। भाजपा की यह ऐतिहासिक विजय देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठी और आपदा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया है। इसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार।

## कर्मचारी संघ ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन



**हिसार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा से संबंधित सभी विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में प्रदर्शन करते हुए नलवा के विधायक रणधीर पनिहार व हिसार की विधायक सावित्री जिंदल को अपना मांग पत्र सौंपा और उनकी मांगों व मुद्दों को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उठाने की मांग की। प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुरेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि सर्व कर्मचारी संघ सरकार से मांग करता है कि हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित किया जाए, क्योंकि हरियाणा पूरे देश में प्रति व्यक्ति आय में अव्वल है। वेतन आयोग लागू होने तक प्रत्येक कर्मचारी को अंतरिम राहत के तौर पर 5000 रुपए प्रति माह अंतरिम राहत प्रदान की जाए। ब्लॉक हिसार के प्रधान ओमप्रकाश माल व सचिव विनोद प्रभाकर ने कहा कि सरकार कर्मचारी नेताओं को बुलाकर उनकी मांगों व मुद्दों को गंभीरता से हल करने का काम करे।उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से हरियाणा सरकार ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ कोई मीटिंग नहीं की है। उन्होंने कहा कि संघ की मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, पुरानी एक्स ग्रेसिया नीति लागू की जाए।

## आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े शिक्षक को भेजा गया जेल

**भागलपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय गंगा करहरिया में एक आठवीं क्लास की छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए बीपीएससी शिक्षक तरूण कुमार को पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।गोराडीह थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी शिक्षक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ?गोराडीह थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय गंगा करहरिया में बीते शुक्रवार को भारी हंगामा देखने को मिला था। ग्रामीणों द्वारा एक शिक्षक को विद्यालय से पकड़कर पंचायत भवन लाया गया था। ग्रामीणों का आरोप था कि शिक्षक तरुण कुमार को विद्यालय के बाथरूम में आठवीं कक्षा के एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया था। इस बात को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। ग्रामीणों ने शिक्षक के साथ मारपीट भी किया था। कुछ बुद्धिजीवियों ने उनकी जान बचाई और इसकी सूचना गोराडीह पुलिस को दी। गोराडीह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिक्षक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई।शिक्षक का कहना है कि मैं छात्रा को पसंद करता हूं। उससे शादी करने के लिए अभिभावक से बात करना चाह रहा हूं। घटना को लेकर पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा सभी शिक्षकों ने कहा कि इस घटना को लेकर हम लोग काफी शर्मसार हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाया कि उनकी जानकारी में सब कुछ हो रहा था फिर भी वह शिक्षक को संरक्षण दे रहे थे।

## राष्ट्रीय खेलों में जीतकर घर लौटने पर किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिसार :** राष्ट्रीय खेल में योगासन खेल में देश भर से 171 खिलाड़ियों, 47 टेक्निकल ऑफिसियल, टीम कोच तथा टीम मैनेजर ने भाग लिया। हरियाणा राज्य से योगासन भारत के महासचिव तथा हरियाणा योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य के मार्गनिर्देशन में 17 खिलाड़ियों, 2 टीम कोच एवं 2 टीम मैनेजर ने भाग लिया।हरियाणा राज्य की टीम 1 गोल्ड, 3 सिल्वर तथा 2 ब्रोंज मैडल जीतकर ओवरऑल दूसरे स्थान पर रहीं। आर्टिस्टिक पेयर में गुंजन यादव व कुसुम ने गोल्ड मैडल, रिदमिक पेयर में देवी व भतेरी ने ब्रोंज मैडल, आर्टिस्टिक सिंगल में देवी ने सिल्वर मैडल, आर्टिस्टिक ग्रुप में देवी, भतेरी, दिया, मनीषा व मधु ने सिल्वर मैडल, आर्टिस्टिक पेयर पुरुष वर्ग में अभिषेक व कमल ने ब्रोंज मैडल तथा आर्टिस्टिक ग्रुप में कमल, अभिषेक, अर्जुन, ऋषभ तथा रोहित ने सिल्वर मैडल जीतकर अपना लोहा मनवाया।।हिसार की मधु ने आर्टिस्टिक ग्रुप योगासन इवेंट में रजत पदक जीतकर घर लौटने पर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिसार एवं पतंजलि योग समिति, हिसार द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं प्रोत्साहन राशि के रूप में 2100 रूपये पतंजलि योग समिति, हिसार द्वारा एवं 3100 रूपये योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिसार की ओर से भेंट प्रदान की गई।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बनेगा विश्व गुरु : श्रम मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनेगा। सबका साथ और सबका विकास के मंत्र से देश सभी क्षेत्रों में प्रबलता के साथ विकास कर रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, वल्लभ भाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का सपना साकार हो रहा है। उक्त बातें बिहार सरकार के श्रम नियोजन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र में उद्यान मेला के उद्घाटन समारोह में कही।इसके पूर्व श्रम नियोजन मंत्री संतोष कुमार सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, गन्ना मंत्री कृष्णंदन पासवान, कृषि विश्व विद्यालय पूसा के कुलपति डा. पीएस पाण्डेय, पूर्व गन्ना उद्योग एवं विधि मंत्री प्रमोद कुमार, पीपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।उद्यान प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों के 140 स्टॉल लगे थे, जिसमें नियोजनालय मोतिहारी, सीएईटी, पूसा, जैनव मशरूम, गोदरेज, टीसीए ढोली, पूजा कुमारी रीना डे, एनसीसीएफ बालाजी सस्ता आटा चावल, बीएएसएफ, नुजिवीडू प्राइवेट लिमिटेड, एसआरआई, पूसा, पटेल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी. जिला उद्योग, बायर प्राइवेट लिमिटेड, इफको जैसी अन्य प्रमुख कंपनी के स्टॉल लगे थे।मौके पर गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान, कृषि विश्व विद्यालय पूसा के कुलपति डा. पीएस पाण्डेय, पूर्व गन्ना उद्योग एवं विधि प्रमोद कुमार, पीपरा विधायक श्यामबाबू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एमएसए स्कूल में बच्चों की प्रतिभा देख गदगद हुए ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वरदान चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कैम्प लगाया गया और बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूप किया गया। इस जागरूपता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद के साथ साथ वरदान चेरिटेबल ट्रस्ट के शर्मिला वर्मा, राखी सोनी, रिनू शर्मा, अभिषेक तिवारी, लक्ष्य श्रेष्ठ और चंद्र प्रकाश ओझा उपस्थित थे।स्कूल के प्रिंसिपल अफजल शफीक द्वारा सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर समानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम एक दिन वाक़ई में पलामू वासियो के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने और अभिवावकों से भी नियम को पालन करवाने के लिए प्रेरित किया। एमएसए स्कूल की विधि व्यवस्था, अनुशासन और प्रतिभा देखकर गदगद हुए। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस टीम का उद्देश्य पलामू को दुर्घटनाविहीन बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम का यह प्रयास है कि पलामू नो एक्सीडेंट जोन बने। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रेणु शर्मा और उनकी पूरी टीम ने सड़क सुरक्षा गीत परवाह करेंगे गाकर बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक और अभिभावक ने कार्यक्रम को खूब सराहा।

## नशे के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



**सोनीपत (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनीपत पुलिस आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को इस अभियान के तहत पुलिस टीमें शहर की गलियों, चौक-चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।सहायक पुलिस आयुक्त शहर राहुल देव ने शिवा शिक्षा सदन स्कूल सोनीपत में छात्रों व स्टाफ को नशे के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे हैं। पहले युवा शौक में शराब, गुटखा, सिगरेट आदि का सेवन करते हैं। और धीरे-धीरे जानलेवा नशे जैसे हेरोइन, अफीम, पोस्त की लत में पड़ जाते हैं, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल स्वास्थ्य बल्कि आर्थिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचाती है। इसके कारण कई युवा अपराध की ओर बढ़ते हैं और चोरी, स्नैचिंग, लूट जैसी वारदातों में लिप्त हो जाते हैं। इससे उनकी जिंदगी बर्बाद हो जाती है।पुलिस ने युवाओं को खेलों की ओर ध्यान देने और नशे से दूर रहने की अपील की।

## 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर होगा विशाल धरना प्रदर्शन : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी की बैठक सूर्यपत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं राज कार्यकारिणी सदस्य गणेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में राज्य परिषद एवं राष्ट्रीय परिषद की बैठक की रिपोर्टिंग करते हुए राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड चारागाह का अड्डा बना हुआ है घर बनाने के लिए फ्री में मिलने वाला बालू भी दलालों के माध्यम से ऊंचे दाम पर मिल रहा है बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा है राज्य के पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं और घूसखोरी पदाधिकारी को महिमा मंडित किया जा रहा है जीत जिसका जीता जागता उदाहरण पूजा सिंगल जैसे अफसर है इन सभी जन समस्याओं को लेकर के पार्टी 25 फरवरी को पूरे राज्य में जिला मुख्यालय पर धरना देगी और 24 मार्च को विधानसभा मार्च करेगी। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी कहां की यह बस कम्युनिस्ट पार्टी के संघर्ष और संगठन का वर्ष रहेगा पार्टी की सदस्यता इस वर्ष दोगुनी की जाएगी छात्र नौजवान स्वच्छ राजनीति के लिए सीपीआई की सदस्यता ग्रहण करें वहीं जिले में व्याप्त जन समस्याओं , निगम में व्याप्त घूसखोरी एवं लूट के खिलाफ, दलित आदिवासियों की जमीन लूट के खिलाफ बालू घाटों को फ्री करने आदि समस्याओं को लेकर 25 फरवरी को जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि भूमि हदबंदी एवं भूमि सुधार कानून को ताक पर रखकर पूर्व जमींदार परिवार और जिला प्रशासन के गठजोड़ से गरीब आदिवासियों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है उनके इस मंसुबे को कम्युनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्यों जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, राजेंद्र बैठा, उमेश सिंह चेरो, जनेश्वर राम, समसुद्दीन अंसारी, मनाजरूल हक, जमालुद्दीन अंसारी, निरंजन कमलापुरी, करीमन पासवान, राजेंद्र बैठा, कामेश्वर सिंह, लखन राम, मोइनुद्दीन अंसारी, प्रभु साव, राम जन्म राम, गफ्फार अंसारी, नरेश राम, चंद्रशेखर तिवारी मृत्युंजय तिवारी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गांजा के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार



**झज्जर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहादुरगढ़ पुलिस ने नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पति-पत्नी को 24 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ गांजा के साथ काबू किया है। बिहार के मूल निवासी यह दंपति फिलहाल दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में रहते हैं। सीआईए-2 बहादुरगढ़ की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक नौजवान लड़का और उसकी पत्नी जिनके साथ एक बच्चा है और वे नशीला पदार्थ लिए हुए बहादुरगढ़ में नया बस स्टैंड के सामने सेक्टर-9ए पार्क के पास खड़े हैं। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार की पुलिस टीम उक्त स्थान पर पहुंची तो वहां उपरोक्त पुरुष और महिला दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें शक की बिनाह पर काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास मादक पदार्थ होने के संदेह पर राजपत्रित अधिकारी के समक्ष महिला मुख्य सिपाही व सहायक उप निरीक्षक ने उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के ट्रॉली बैग से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। महिला के कब्जे वाले ट्रॉली बैग से 12 किलो 100 ग्राम और उसके पति कृष्ण मुरारी के ट्रॉली बैग से 11 किलो 920 ग्राम गांजा बरामद हुआ वासी बिहार हाल किराएदार छतरपुर दिल्ली के ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई तो उसे 11 किलो 920 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ।